www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची

मंगलवार, वर्ष 08, अंक 138

07 मार्च, 2023, फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2079, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00








# रांची सहित पूरे राज्य में होली पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी कड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में होली को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। शहर और ग्रामीण इलाके में विभिन्न जगहों को चिह्नित कर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गयी है। सुरक्षा में 10 डीएसपी, 15 इंस्पेक्टर और ढाई सौ दारोगा के अलावा 2000 जवानों को तैनात किया गया है। होली के दिन सड़कों पर हुड़दंग मचानेवालों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। सभी थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने का आदेश दिया गया है। सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखने के लिए पुलिस की साइबर टीम को अलर्ट पर रहने को कहा गया है।

**सड़कों पर हुड़दंग मचानेवालों पर विशेष नजर रहेगी**

ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से कंट्रोल रूम के जरिए पूरे शहर पर निगरानी रखी जायेगी। सभी चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती की गयी है। एसएसपी किशोर कौशल खुद पूरी सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

पांच की क्यूआरटी टीम रिजर्व में रखी गयी है। इसके अलावा बाइक दस्ता को शहर के गली मुहल्लों में भी गश्त लगाने को कहा गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस मुख्यालय ने होली को लेकर सभी जिलों के एसपी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। संवेदनशील क्षेत्रों वाले विभिन्न जिलों में टीयर गैस के वाहनों को तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा सभी जिलों को अतिरिक्त फोर्सेज भी दिये गये हैं। किसी भी तरह की घटना होने पर जल्द पुलिस मुख्यालय को सूचना देने को कहा गया है। आइजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने सोमवार को बताया कि होली को लेकर राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पोलैंड की टीम ने वर्ल्ड टेक्निकल इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पोलैंड की टीम ने रांची में वर्ल्ड टेक्निकल इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया। सोमवार को रांची के बड़गाईं में सेंटर का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग पोलैंड के भारत के चेयरमैन डॉ आरिफ नासिर बट्ट, झारखंड, बिहार एवं उत्तरप्रदेश के रीजनल हेड वसीम अकरम, आइसीआइसीआइ बैंक के सीनियर मैनेजर अली अहमद, इंस्टीट्यूट के निदेशक मोहमद जाबिर, शाहिद रहमान, समाजसेवी इरशाद नूर के द्वारा किया गया। डॉ बट्ट ने कहा कि आजकल कई युवा उच्च शिक्षा के बाद भी बेरोजगार हैं, क्योंकि इनके पास कोई स्किल नहीं है। युवाओं को शिक्षा के साथ उनका स्किल को भी डेवलप करना होगा। तभी उन्हें रोजगार मिलने में आसानी होगी। वसीम अकरम ने कहा कि बेहतर शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है। अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ कोई स्किल डेवलप कराना जरूरी है। एक बेहतर स्किल आपको जिंदगी के बुरे हालात से आपको लड़ना सिखाती है। वहीं पूरी टीम के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया।






# गुरुजी या परिवार के किसी अन्य को गद्दी सौंप दें हेमंत: रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व सीएम रघुवर दास ने सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आपके गृह सचिव राजीव अरुण एक्का पर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल ने गंभीर आरोप लगाये हैं। इसके बाद आपने तो उनका ट्रांसफर कर दिया, मगर यह नाकाफी है। उन्होंने सीएम को सलाह देते हुए कहा कि अगर आपसे नहीं संभल रहा, तो गुरुजी को गद्दी सौंप दें। रघुवर ने ट्वीट कर कहा है कि देश में शायद पहली बार भ्रष्टाचार में सीधे सीएमओ लिप्त है। सीएम तो पहले से आरोपी हैं। हेमंत जी आपसे राज्य नहीं संभलेगा। गुरुजी को गद्दी सौंप दें। वह तीन बार मुख्यमंत्री बने। आपने पुत्र का फर्ज नहीं निभाया, उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। एक बार उन्हें मुख्यमंत्री बना कर टर्म पूरा करने दें। रघुवर ने सीएम को सलाह देते हुए कहा कि यदि गुरुजी बीमार हैं, तो अपने ही परिवार से अपने भाई या भाभी को मुख्यमंत्री बना दें। परिवारवाद से निकली पार्टी से यह तो उम्मीद नहीं की जा सकती है कि दल के किसी दूसरे सक्षम नेता को यह सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा। रघुवर दास ने एक और ट्वीट करते हुए लिखा है कि झारखंड में है हिम्मतवाली सरकार। भ्रष्टाचार में डूबी हेमंत सरकार के रोज नये कारनामे सामने आ रहे हैं। पूरी सरकारी मशीनरी, सिंडिकेट, कमीशनखोरी और अवैध वसूली में लगी हुई है। मुख्यमंत्री ने विधायक प्रतिनिधि को पकड़े जाने के बाद भी नहीं हटाया। अब इनसे कार्रवाई की उम्मीद बेकार है। इसलिए अब उन्हें अपनी कुर्सी छोड़ देनी चाहिए।

# श्री श्याम मंदिर में होली उत्सव समारोह आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार यानी आज होली उत्सव समारोह आयोजित किया जायेगा। फाल्गुन माह में होने वाले खाटू नरेश के उत्सवों का इस आयोजन के साथ समापन हो जायेगा। मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंगलवार को सुबह 8:30 बजे श्रृंगार आरती होगी। उसके बाद 9 बजे बाबा श्याम से होली उत्सव मनाया जायेगा। भक्तजन सुगंधित इत्र अबीर गुलाल के साथ होली खेलेंगे। इस अवसर पर ठंडई प्रसाद का विशेष भोग अर्पित करके भक्तजनों को वितरित किया जायेगा। खाटूधाम के श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार यह होली उत्सव आयोजित किया जायेगा। दोपहर 12:15 बजे भोग व शंख आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर दिये जायेंगे। मंडल के महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल ने बताया कि दोपहर 12:30 से 1:00 तक मंदिर के गर्भगृह की साफ-सफाई प्रारंभ की जायेगी, तो दूसरी तरफ मंदिर की धुलाई की जायेगी। होली उत्सव अबीर गुलाल 12:30 बजे तक होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तजनों से अपील की है कि मंदिर परिसर में रंगोली किसी भी वस्तु का प्रयोग नहीं करें। उन्होंने कलर अबीर गुलाल का प्रयोग करने से भी मना किया है। दोपहर में खाटू नरेश को होली का महास्नान करा कर नवीन वस्त्र पहनाया जायेगा। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को भी नवीन वस्त्र पहनाये जायेंगे। इसके बाद खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं का मनमोहक श्रृंगार किया जायेगा। वहीं शाम 5:00 बजे खाटू नरेश के दरबार में संपन्न होगा। कांके रोड निवासी राजेश सिंघानिया, सारिका सिंघानिया ओर हर्ष सिंघानिया खाटू नरेश की दिव्य ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में 3 घंटे का भजन संकीर्तन तथा राजस्थानी डफ का कार्यक्रम होगा । महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि इस के लिए श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, अनिल नारनोली, पंकज गाड़ोदिया, श्याम सुंदर शर्मा, संजय सराफ, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी, आनंद मालपानी, दिनेश अग्रवाल, किशन शर्मा, रोशन खेमका, साकेत ढानढनिया, अभिषेक सराओगी, श्यामसुंदर जोशी, सर्वेश अग्रवाल, सिद्धार्थ पोद्दार, विशाल पोदार को दायित्व दिया गया है। सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# अनुराग गुप्ता ने सीआइडी डीजी का पदभार ग्रहण किया


आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आइपीएस अनुराग गुप्ता ने सोमवार को अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) के नये डीजी के रूप में पदभार ग्रहण किया। अनुराग गुप्ता इससे पहले डीजी ट्रेनिंग के पद पर पदस्थापित थे। बीते 4 मार्च को सरकार ने आठ आइपीएस अफसरों का तबादला किया था, जिनमें अनुराग गुप्ता को सीआइडी डीजी बनाया गया था।







www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 138
07 मार्च, 2023, फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2079, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

## आइएएस राजीव अरुण एक्का का मामला राज्यपाल तक पहुंचा
# भाजपा ने एक्का को निलंबित कर सीबीआइ जांच की मांग उठायी

- प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन
- सरकार को निर्देश देने का किया आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की प्रेस कांफ्रेंम में दिखायी गयी वीडियो के बाद झारखंड की राजनीति एक बार फिर गरमा गयी है। भाजपा ने आइएएस राजीव अरुण एक्का को निलंबित करने और मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिला। उन्हें एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें एक्का को निलंबित करने और सीबीआइ जांच के लिए सरकार को निर्देशित करने का आग्रह किया गया है।



### आइएएस राजीव अरुण एक्का को सरकार निलंबित करे: बाबूलाल

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने आइएएस राजीव अरुण एक्का के निलंबन की मांग की है। मरांडी ने सोमवार को ट्वीट कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध करते हुए कहा है कि ट्रांसफर कोई सजा नहीं, राजीव अरुण एक्का को निलंबित करिये। इस गंभीर मामले में ऑफिशियल सिक्रेट एक्ट, पद का दुरुपयोग करने के आरोप की धाराओं में मुकदमा किया जाना चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री की भूमिका पर भी सवाल उठाया और कहा कि मुख्यमंत्री खुद होम डिपार्टमेंट के मंत्री भी हैं। ऐसे में कोई कैसे विश्वास करेगा कि बिना मुख्यमंत्री की अनुमति के गृह विभाग का सचिव विभागीय फाइलों को दलाल के यहां ले जाकर रखेगा। मुख्यमंत्री को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसा किये बिना मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारी से कैसे बच सकते हैं?

**एक्का का हुआ है तबादला :** गौरलतब है कि बाबूलाल मरांडी ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को एक वीडियो दी। इसमें राजीव अरुण एक्का इडी के आरोपी विशाल चौधरी के निजी दफ्तर में बैठ कर सरकारी फाइल निपटा रहे हैं। विशाल चौधरी की कर्मचारी उन्हें फाइल दे रही है। वीडियो में विशाल चौधरी किसी से पैसे लेन-देन की बात कर रहा है। इसके बाद रविवार को सरकार ने राजीव अरुण एक्का को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, गृह कारा, आपदा प्रबंधन और आइपीआरडी के प्रधान सचवि पद से हटा दिया। उन्हें पंचायती राज विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है।

**राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, साथ में पेनड्राइव :** भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से सरकार को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित करने संबंधित ज्ञापन सौंपा। भाजपा ने ज्ञापन के साथ एक्का से संबंधित वीडियो क्लीप का एक पेन ड्राइव भी राज्यपाल को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि यह वीडियो क्लीप झारखंड सरकार में दलाली एवं बिचौलियागिरी करने वाला एक प्रमुख व्यक्ति विशाल चौधरी के रांची शहर में अरगोड़ा के निकट स्थित प्राइवेट कार्यालय की है। यहां बैठ कर सरकारी कागजातों/फाइलों पर दस्तखत करते हुए राजीव अरुण एक्का नजर आ रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि आशंका है कि राजीव अरुण एक्का ने अपने इस गैर कानूनी काम से इस दलाल की मार्फत बड़े पैमाने पर पैसे की वसूली कर मनी लांड्रिंग की है। गृह विभाग सीधे मुख्यमंत्री के अधीन है। वह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भी थे। बिना मुख्यमंत्री की जानकारी के होना संभव नहीं है। एक्का और मामले में संलिप्त विशाल चौधरी पर अविलंब एफआइआर दर्ज कर राज्य सरकार द्वारा सीबीआइ जांच की अनुशंसा की जानी चाहिए। भाजपा का प्रतिनिधिमंडल आपसे अनुरोध करता है कि इसके लिए राज्य सरकार को निर्देशित करने की कृपा की जाये।

**प्रतिनिधिमंडल में थे शामिल:** राज्यपाल से मिलनेवाले भाजपा प्रतिनिधियों में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, दिनेशानंद गोस्वामी, डॉ रवींद्र कुमार राय, समीर उरांव, आदित्य साहू, विधायक नवीन जायसवाल, सीपी सिंह और समरी लाल शामिल थे।




### होली की शुभकामनाएं और छुट्टी की सूचना




आजाद सिपाही के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं और शुभचिंतकों को रंगों के पर्व होली की ढेर सारी शुभकामनाएं।

होली के मौके पर आजाद सिपाही का कार्यालय 07 और 08 मार्च, 2023 (मंगलवार और बुधवार) को बंद रहेगा। इसलिए अखबार का अगला अंक 10 मार्च, 2023 (शुक्रवार) को प्रकाशित होगा। - प्रबंधक

## इडी के सामने डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने पंकज मिश्रा से मुलाकात की बात कबूली

**रांची (आजाद सिपाही)।** बरहरवा टोल प्लाजा मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने साहिबगंज डीएसपी प्रमोद मिश्रा से सोमवार को लंबी पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक प्रमोद मिश्रा ने कबूल किया है कि उन्होंने मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा से न्यायिक हिरासत के दौरान मुलाकात की थी। उन्होंने इडी के सामने मुलाकात के दौरान हुई बातचीत का भी खुलासा किया है। गौरतलब है कि इडी 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले की जांच कर रही है। बरहरवा टोल प्लजा मामले में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और हेमंत सोरेन के विधायक पंकज मिश्रा को 24 घंटे के अंदर क्लीन चिट दे दी गयी थी।









आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP
3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR)
11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 07 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



# मुसलमानों के करीब पहुंचा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

## ■ मिशन 2024 की रणनीति ने पकड़ी रफ्तार

## ■ विपक्ष के तरकश का एक और तीर हो गया गायब

**देश में 2024 में होनेवाले 18वें आम चुनावों की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। पिछले दो आम चुनावों और 2014 के बाद से हुए विधानसभा चुनावों में से करीब 90 प्रतिशत में जीत हासिल करनेवाली भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी के लिए रणनीति तैयार कर रही है। एक तरफ विपक्षी दल भाजपा के खिलाफ साझी लड़ाई के लिए कोशिश कर रहे हैं, तो भाजपा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी कमर कस चुका है। पिछले साल अगस्त-सितंबर में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मुस्लिम बुद्धिजीवियों और इमामों के संगठन के प्रमुख से मुलाकात कर साफ कर दिया था कि संघ 2024 के लिए ऐसी अपराजेय रणनीति बना रहा है, जिसकी काट किसी भी विपक्षी दल में नहीं है। उस मुलाकात के बाद हुए चुनावों में भाजपा को मुसलमानों के वोट मिले या नहीं, इसका पता इसी बात से चलता है कि यूपी की रामपुर सीट अब भाजपा के कब्जे में है। संघ की मुसलमानों के करीब आने की रणनीति ने भाजपा को जबरदस्त लाभ की स्थिति में पहुंचा दिया है और विपक्ष के तरकश का एक और तीर कम हो गया है। दरअसल संघ और भाजपा, जो मुसलमानों से मिलने और अपना दृष्टिकोण प्रचारित करने का जो काम करती है, उसका वास्तविक उद्देश्य भारत के मुसलमानों को कोई खास मैसेज देना नहीं होता। वह अंतरराष्ट्रीय जगत में धर्मनिरपेक्ष समावेशी छवि बनाने के लिए होता है। लेकिन इसका रिटर्न उसे वोट के रूप में अनायास ही हासिल हो जाता है। संघ के इस बदलते रुख और भाजपा को इसके कारण होनेवाले चुनावी लाभ का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

2024 के पूर्वार्द्ध में होनेवाले 18वें आम चुनाव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। सभी दल अपनी-अपनी रणनीति तैयार करने में व्यस्त हैं। अपने-अपने कोर वोटरों को सहेजने और नये वोटरों को आकर्षित करने की तैयारी भी जोर-शोर से चल रही है। एक तरफ भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी के लिए कोशिश कर रही है, तो दूसरी तरफ विपक्ष अब तक एकता कायम करने और भाजपा के विजय रथ को रोकने की कोशिश में अटका पड़ा है। देश की आज की हकीकत यही है कि विपक्ष में झगड़े ही झगड़े हैं, तो संघ परिवार में पूर्ण एकता है। 2024 सिर पर खड़ा है, मगर विपक्ष के दल अकेले लड़ेंगे, कांग्रेस के साथ नहीं जायेंगे, तीसरा मोर्चा बनेगा जैसे सवालों में व्यस्त हैं। उधर भाजपा तो जो कर रही है, कर ही रही है, उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पूरी तरह काम पर लगी हुई है। बहुत सारे मोर्चों पर काम करने के अलावा वह मुसलमानों के बीच खूब सक्रिय है। एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों को साथ जोड़ने की बात कर रहे हैं और भाजपा इसके लिए जगह-जगह सम्मेलन कर रही है। वहीं संघ मुस्लिम धर्म गुरुओं, बुद्धिजीवियों के अलग-अलग समूहों से लगातार बात कर रहा है। ऐसी कई बातचीत हो गयी है। संघ का मुस्लिम मंच इन्हें औपचारिक और अनौपचारिक, दोनों तरीके से आयोजित करता रहता है। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत से मिलाने से लेकर अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकातें करायी जाती हैं।

अब जब चुनाव सामने आ गये हैं, तो यह सिलसिला तेज हो गया है। पहले जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी से संघ प्रमुख मोहन भागवत मिले। फिर पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाइ कुरैशी, दिल्ली के पूर्व एलजी नजीब जंग, एएमयू के पूर्व उप कुलपति जमीरुद्दीन शाह, पत्रकार शाहिद सिद्दिकी से भागवत मिले। और अभी संघ के



वरिष्ठ नेता कृष्ण गोपाल जामिया हमदर्द के वाइस चांसलर अफशार आलम, वहां के रजिस्ट्रार, अन्य प्रोफेसर, एएमयू, जामिया मिलिया के प्रोफेसर और उर्दू अखबारों के संपादकों से मिले।

इन मुलाकातों का जनता पर क्या असर पड़ेगा, यह अलग बात है, मगर उनसे मिल कर आने वाली सारी मुस्लिम शख्सियतें संघ के तर्कों से काफी प्रभावित लगीं। संघ आज से नहीं, 1977 से मुसलमानों के बीच यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि उनकी समस्याओं की जिम्मेदार उनका अपने धार्मिक नेताओं पर ज्यादा निर्भर होना, हमारे साथ संवाद न करना और दीनी और दुनियावी तालीम को अलग नहीं करना है। संघ हमेशा से यही कहता रहा है कि वह किसी के साथ भेदभाव नहीं करता है। अभी हाल की मुलाकात में उसने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त अनाज वितरण, शौचालय बनवाने आदि का लाभ सबको मिला है।

संघ के लोग मुसलमानों में असुरक्षा जैसे मामलों पर उल्टा सवाल पूछते हैं कि कांग्रेस के समय में कितने दंगे हुए। साथ ही वे यह भी कहते हैं कि हम 85 प्रतिशत हैं, आप 15 प्रतिशत। आपको हमारे साथ मिल कर रहना होगा। इसके साथ वोटों की बात भी वे साफ करते हैं कि आपके बिना वोटों के हम जीत रहे हैं और जीतेंगे। साथ ही अगर आपको कुछ भय जैसा लगता है, तो उससे हमारा फायदा ही होता है। हिंदू और समर्थन देता है।

इस पूरे प्रकरण में मजेदार यह है कि संघ पूरी तैयारी के साथ होता है और बातचीत में कोई उनसे असुरक्षा जैसे सवाल नहीं पूछता है। वे खुद ही संभावित सवालों के जवाब देते हैं। अभी हाल में जो तीन-चार ग्रुप उनसे मिल कर आये हैं, वे सब उनकी बातों से प्रभावित लगते हैं। सबको एक ही शिकायत है कि कांग्रेस तो हमसे मिलती नहीं। हम इतने सालों तक उसे वोट देते रहे, मगर उसके नेताओं ने कभी हमें मिलने नहीं बुलाया। संघ के लोग हमें न केवल सादर आमंत्रित कर रहे हैं, बल्कि यह भी कह रहे हैं कि हम वोटों के लिए ऐसा नहीं कर रहे। हमें मालूम है कि आपके वोट हमें नहीं मिलेंगे, मगर फिर भी वे बात कर रहे हैं।

यहां फिर वही सवाल आता है कि मुसलमान नेताओं, और अन्य लोगों के मिलने से आम मुस्लिम अवाम पर क्या फर्क पड़ता है। मिल कर आने वाले तो माहौल बनाते हैं। संघ के नेता वैसे भी बातचीत में बहुत विनम्र होते हैं। इसलिए मिल कर आने वाले उनकी बातों को दोहराते हुए मुस्लिम समाज पर ही सवाल उठाने लगते हैं। मुस्लिम समाज पर सवाल उठाने में कोई बुराई नहीं है। उठाना चाहिए। मगर दूर खड़े होकर, उन्हें गलत समझ कर विरोधी निगाहों से नहीं।

संघ ने 2019 के बाद देश में समरसता पर खूब मंथन किया। यह शब्द दरअसल गढ़ा तो दलितों के लिए गया था, लेकिन संघ इसका इस्तेमामल पिछड़ों और मुसलमानों में बखूबी कर रहा है। इसका अर्थ है कि आप समाज के साथ समरस हो जाइये। घुल जाइये। अलग से कोई पहचान या समानता की मांग मत कीजिए। इसका सीधा मतलब है यथास्थितिवाद। सामाजिक न्याय, समानता के स्थान पर इसको स्थापित करने की कोशिश। यही मुसलमानों को भी मैसेज है। खुद को अल्पसंख्यक कहना बंद करो।

कुल मिला कर संघ की यह रणनीति कारगर होती दिख रही है। आज आम मुसलमान भाजपा को अविश्वास की नजर से नहीं देख रहे, क्योंकि पिछले नौ साल में उन्होंने महसूस किया है कि उनके साथ सामान्य तौर पर कोई अलग बर्ताव नहीं किया गया। मुसलमानों में आम तौर पर न असुरक्षा की भावना है और न कोई अविश्वास। उन्होंने मोदी को भी देख लिया, भाजपा को भी और संघ को भी। अविश्वास की खाई को पाटने की संघ की इस कोशिश का असर 2024 में जरूर दिखेगा।

# अर्बन हाट में लगी भीषण आग लाखों के सामान जल कर खाक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गोंदा थाना क्षेत्र स्थित कांके डैम के पास बन रहे अर्बन हाट कैंपस में सोमवार सुबह अचानक भीषण आग लग गयी। आग इतनी भयानक थी कि उसकी लपटें दूर तक दिखायी दे रही थीं। आगलगी में अर्बन हाट कैंपस में रखे लाखों रुपये की पाइप और अन्य सामान जल कर खाक हो गये। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इसकी सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गयी। मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि इस दौरान दमकल की टीम को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर के इस पाइप गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। गोदाम में आग कैसे लगी है, इसकी वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पायी है।

# वरिष्ठ पत्रकार शफीक अंसारी को पुत्र शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार शफीक अंसारी के बड़े पुत्र और द रांची प्रेस क्लब के सचिव जावेद अख्तर के बड़े भाई परवेज अख्तर उर्फ गुड्डू का सोमवार की सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। बता दें, परवेज अख्तर पत्रकारिता से भी जुड़े हुए थे। हाल में ही उनकी शादी भी हुई थी। परवेज अख्तर उर्फ गुड्डू की मृत्यु हो जाने से पूरा मीडिया जगत स्तब्ध है। वह बहुत ही मृदुभाषी और सज्जन पत्रकार थे। राज्य के तमाम पत्रकार और उनके परिवार के तमाम सदस्य इस घटना को सुनने के बाद मर्माहत हैं। वहीं



परवेज अख्तर। फाइल फोटो

सोमवार की शाम राजधानी के रातू रोड स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द - ए -खाक किया गया।

# बर्ड फ्लू के बढ़ते खतरे को देख अब अंडे की खरीद पर भी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में बर्ड फ्लू के बढ़ते खतरे को देखते हुए सोमवार को राजधानी रांची के 10 किलोमीटर की परिधि में मुर्गी-मुर्गा, अंडा, पक्षी की खरीद-बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गयी है। साथ ही इस परिधि को सर्विलांस जोन घोषित कर दिया गया है। शहर में निगरानी तेज कर दी गयी है। जेल मोड़ चौक इलाके में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन अति सक्रिय है। संक्रमित क्षेत्र के एक किमी के दायरे में संक्रमित मुर्गों को मारने के आदेश जारी कर दिये गये हैं। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि 10 किमी की परिधि में अगले आदेश तक मुर्गी-मुर्गा, अंडा,




पक्षी की खरीद-बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गयी है। इसकी निगरानी के लिए एसएसपी को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। निगरानी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। मजिस्ट्रेट को रैपिड रिस्पांस टीम के साथ समन्वय बना कर विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि आदेश का उल्लंघन करनेवालों पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। दूसरी तरफ जिला प्रशासन लोगों को जागरूक करने की भी कोशिश कर रहा है। क्षेत्र में भ्रमण कर लाउड स्पीकर के जरिये लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र और घरों में जाकर मुर्गा और अंडा की उपलब्धता का सर्वे किया जा रहा है। सर्वेक्षण टीम मुर्गा और अंडा की उपलब्धता की रसीद जारी कर रहा है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि संक्रमित क्षेत्र के एक किमी के दायरे में आनेवाले मुर्गे-मुर्गियों को मारा जायेगा। उसके बाद क्षेत्र को सैनिटाइज किये जाने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई मामला सामने नहीं आता है, तो एक दो दिन की निगरानी के बाद खरीद-बिक्री की इजाजत दी जा सकती है।

# झारखंड के प्रवासी श्रमिक तमिलनाडु में सुरक्षित: श्रम विभाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर तमिलनाडु गये श्रम विभाग के प्रतिनिधिमंडल से तिरुपुर, कोयंबटूर, चेंगुलपेट, कांचीपुरम आदि जगहों में बातचीत के बाद प्रवासी श्रमिकों ने अपनी बात साझा करते हुए कहा कि हम सुरक्षित हैं। वहीं प्रतिनिधिमंडल ने सुनिश्चित किया कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं एवं सभी को पारिश्रमिक समय से प्राप्त हो रहा है। राज्य के प्रवासी श्रमिक लातेहार, बरवाडीह के पप्पू, संतोष राम, छोटू, प्रभुराम, रमेश भुइयां, सरायकेला-खरसावां के प्रकाश कालिंदी, श्याम सभी तमिलनाडु के कोयंबटूर और तिरुपुर के विभिन्न फैक्ट्रीज और कंस्ट्रक्शन साइट्स में सुरक्षित अपने कार्य में लगे हैं। इसी तरह दुमका और रांची के भी प्रवासी श्रमिक अपने कार्य में अन्य दिनों की तरह काम कर रहे हैं। इन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। किसी ने इनके साथ मारपीट नहीं की और ना ही हिंदी भाषी होने पर अपमान का सामना करना पड़ रहा है। परिवार वाले और शुभचिंतक निश्चिंत रहें।



सरकार द्वारा झारखंड और अन्य राज्यों के प्रवासी श्रमिकों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

**निराधार है मारपीट और हत्या की बात**

तमिलनाडु में प्रवासी श्रमिक अधिकतर पलामू, गढ़वा, लातेहार, दुमका, चाइबासा, बोकारो और रांची जिला के हैं। श्रमिकों से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई हुई बात की कि हिंदी भाषियों को यहां के स्थानीय निवासी मार रहे हैं, तथा उनको अपने गृह राज्य वापस जाने की धमकी दे रहे हैं, जिसका अनुसरण नहीं करने पर उनकी हत्या की जा रही है। इस मामले की भी जांच की गयी, जिसे निराधार पाया गया।

**सरकार की अपील**

झारखंड सरकार राज्यवासियों से अपील करती है कि सोशल मीडिया में फैलायी जा रही अफवाहों पर ध्यान ना दें। जिस प्रकार की सोशल मीडिया और सूचना के अन्य माध्यमों से खबरें आयी हैं, उसका चेन्नई, इरोड, तिरुपुर, कोयंबटूर जिलों का दौरा कर सत्यापन किया गया। उन्हें निराधार पाया गया। तमिलनाडु में कार्यरत सभी प्रवासी श्रमिक सकुशल हैं। जिनके रिश्तेदार तमिलनाडु में काम करते हैं, उनसे भी अपील है, घबरायें नहीं। झारखंड सरकार सभी प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य के प्रवासी कंट्रोल कक्ष के माध्यम से उन्हें मदद और जानकारी पहुंचायी जा रही है।

**खबर प्रकाशित करने में सावधानी बरतें**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सभी समाचार पत्रों और पोर्टलों से आग्रह करते हुए कहा है कि यह देखा गया है कि कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म, प्रिंट, ऑडियो-विजुअल जमीनी स्तर के तथ्यों को सत्यापित किये बगैर रिपोर्ट दिखा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल द्वारा श्रमिकों के साथ फील्ड विजिट में बातचीत के दौरान मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखायी गयी खबरों को भ्रामक पाया गया है। वे खबर प्रकाशित या दिखाने में पूरी सावधानी बरतें। इस मामले पर जारी किये जा रहे आधिकारिक बयानों को भी शामिल करें। ताकि गलत सूचना को फैलने से रोका जा सके।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**वृष** जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, आर्थिक लाभ।

**मिथुन** गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**कर्क** भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।

**सिंह** धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या** आपके धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, पारिवारिक दायित्व में खर्च अधिक करेंगे।

**वृश्चिक** रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**धनु** किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।

**मकर** साहसिक कार्य में सफलता, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा

**कुंभ** परिस्थितियों में सुधार,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**मीन** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# हाइकोर्ट ने भवन निर्माण विभाग के सचिव और जरेडा के निदेशक को किया तलब

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** धुर्वा स्थित झारखंड हाइकोर्ट के नये निर्माणाधीन भवन को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने 17 मार्च को भवन निर्माण सचिव और जरेडा के निदेशक को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने भवन निर्माण सचिव से पूछा है कि धुर्वा में हाइकोर्ट के नये भवन के निर्माण को पूरा होने को लेकर जो समय बताया गया था, उसमें देरी हो रही है, इसका क्या कारण है। इससे पहले भवन निर्माण सचिव को जरेडा निदेशक के साथ बैठक कर जरेडा को आ रही समस्याओं का निराकरण करने को कहा गया है। साथ ही इस बैठक में जो निर्णय लिये गये, उसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को अवगत कराने को भी कहा गया है। दरअसल, जरेडा को हाइकोर्ट के नये भवन में 2000 किलोवाट का सोलर पैनल लगाना है। फरवरी 2023 में सोलर पैनल को लेकर प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है। सोलर पैनल लगाने को लेकर राशि का भुगतान समय से नहीं होने से जरेडा को काम करने में कठिनाई हो रही है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा कि हाइकोर्ट के नये भवन की अनियमितता मामले की जांच को लेकर सिंगल मेंबर ज्यूडिशियल कमिटी क्यों बनाने का निर्णय लिया गया, जबकि एंटी करप्शन ब्यूरो ( एसीबी) से इस मामले की जांच करायी जा रही थी। इस पर राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में एसीबी प्रोसीड नहीं कर रही थी, जिस कारण ज्यूडिशियल कमिटी बनायी गयी। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए सरकार को स्पष्ट करने को कहा कि विजिलेंस जांच का निर्णय कब हुआ और निर्णय लेने के पीछे क्या कारण है। राज्य सरकार को इसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को अवगत कराने को कहा है। प्रार्थी अधिवक्ता राजीव कुमार ने हाइकोर्ट के नये भवन मामले को लेकर जनहित याचिका दायर की है।

# डीजीपी ने अपराध नियंत्रण को लेकर दिये कई निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने राज्य में अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को लेकर सोमवार को सभी जिले के एसपी के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में डीजीपी ने अपराध नियंत्रण और संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ की जा रही कार्रवाई सहित कई बिंदुओं की समीक्षा की और इस पर कई दिशा-निर्देश दिये। डीजीपी ने समीक्षा बैठक के दौरान पिछले पांच सालों के कांडों का आंकड़ा, अपराध नियंत्रण और संगठित आपराधिक गिरोह के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई, प्रतिवेदित और निष्पादित कांडों की सूची, कांड लंबित रहने का कारण और मानव तस्करी की जानकारी ली। इसके अलावा डीजीपी ने वारंट, कुर्की निष्पादन की स्थिति, कोर्ट परिसर, जज और उनके आवासीय परिसर की सुरक्षा एवं नक्सल के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से संबंधित मामले की समीक्षा की। इस बैठक में सभी रेंज के डीआइजी पुलिस मुख्यालय में उपस्थित होकर बैठक में शामिल थे, जबकि जिले के एसएसपी, एसपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक में शामिल हुए थे।



## कोर्ट नोटिस

ब-अदालत,
सिविल जज जूनियर डिवीजन रांची
ओरिजनल सूट नं0-376/2019
रहमान अंसारी वगैरह ............... वादीगण
बनाम्
अमिरूद्दीन अंसारी वगैरह ..... प्रतिवादीगण

**नोटिस बनाम :-**
**(1) जमाहीर अंसारी (2) मोजाहीर अंसारी (3) अब्दुला अंसारी (4) असलम अंसारी सभी के पिता स्व. अमिरूद्दीन अंसारी (5) साबीर अंसारी (6) रसीद अंसारी (7) शाहीद अंसारी** सभी के पिता स्व. सेराज अंसारी **(8) रेयासत अंसारी पिता स्व. चरका अंसारी (9) वाहिद अंसारी (10) जहांगीर अंसारी** दोनों के पिता स्व. हजरत अंसारी सभी निवासी ग्राम मसमानो, पो. + थाना- चान्हों, जिला -रांची झारखंड।

चूंकि बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपलोगों को सुचित किया जाता है कि वादी ने आपलोगों के विरूद्ध एक ओरिजनल सुट वाद संख्या - 376 / 2019 दाखिला किया है। जिसकी सूचना आपलोगों को नजारत के माध्यम से निबंधित डाक द्वारा सम्मन जारी किया गया था परंतु आपलोगों कि उपस्थिति नहीं हुई है।

अतः आपलोगों को इस प्रकाशन नोटिस के जरिये आगाह किया जाता है कि आपलोग दिनांक-14.03.23 को समय 10:30 AM बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपलोगों की अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई एकपक्षीय कर दी जायेगी इसे सख्त ताकिद जानें।

यह नोटिस आज दिनांक 13.02. 23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर से जारी किया।

**सिविल जज जूनियर डिविजन, रांची**



# कांग्रेस ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर किया राज्यव्यापी प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** कांग्रेस पार्टी सोमवार को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और पीएम मोदी-गौतम अडाणी प्रकरण पर राज्यव्यापी प्रदर्शन किया। इसमें झारखंड के सभी प्रखंडों में एलआइसी या एसबीआइ की शाखा के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने झंडा-बैनर के साथ धरना-प्रदर्शन किया। आंदोलित कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि पीएम मोदी की वजह से और उनके दबाव में एसबीआइ और एलआइसी ने अडाणी समूह में करोड़ों रुपये का निवेश किया और आज शेयर बाजार धड़ाम होने से आम आवाम की पसीने की कमाई का करोड़ों रुपये डूबने की कगार पर है। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरोध में सोमवार को रांची में महानगर कांग्रेस की ओर से हटिया प्रखंड के अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय स्टेट बैंक के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया, प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हम प्रखंड में धरना देकर पंचायत तक लोगों को बतायेंगे कि किस तरह प्रधानमंत्री ने हमें ठगने का काम किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और महानगर जिला अध्यक्ष डॉ कुमार राजा के निर्देशानुसार रांची में विरोध-प्रदर्शन हुआ। बारियातू प्रखंड एसबीआइ में प्रखंड अध्यक्ष दिलावर खान एवं प्रखंड प्रभारी जितेंद्र त्रिवेदी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित हुआ। रांची जिला ग्रामीण के सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ-साथ पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं ने एलआइसी कार्यालय और राष्ट्रीय कृत बैंक के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया।

# 2016 की नियोजन नीति लाने का होगा विरोध: जयराम महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**युवाओं के बीच कराये गये सर्वे का भी विरोध किया**

**रांची।** 1932 खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति की मांग करने वाले युवा आंदोलनकारी जयराम महतो ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2016 की नियोजन नीति लायी, तो इसका विरोध होगा। अभ्यर्थी सड़कों पर उतर कर इसका विरोध करेंगे। उन्होंने इसके लिए युवाओं के बीच कराये गये सर्वे का भी विरोध किया है। यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अगर यही करना था, तो इतने सालों का वक्त लेकर छात्रों का समय क्यों बर्बाद किया। पिछली सरकार वाली नियोजन नीति लाकर बाहरियों के लिए दरवाजे खोले जा रहे हैं। कहा कि बिहार में फॉर्म में भारत के नागरिक और बिहार राज्य के निवासी का कॉलम रहता है, जो कि झारखंड में नहीं है। शिक्षा विभाग का पत्र दिखाते हुए बताया कि इसमें सिर्फ बिहार कैंडिडेट लिखा रहता है। वहीं छत्तीसगढ़ की बात करें तो वहां का मूल निवासी होना अनिवार्य होता है। मध्यप्रदेश में तो स्पष्ट रूप से लिखा होता है कि अभ्यर्थी मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी हो। वहीं कुर्मियों को एसटी केटेगरी में शामिल की मांग को लेकर कहा कि हमारी वर्षों से लड़ाई चल रही है। इसका हम नैतिक समर्थन करते हैं। कुर्मियों को अगर राज्य सूची में शामिल करने की मांग की जा रही है, तो उसे सरकार राज्य सूची में शामिल करे। राज्य सरकार को इसकी समीक्षा करनी चाहिए।

## 26 मार्च से शुरू होगी रांची से गोवा के बीच हवाई सेवा

**रांची।** रांची से गोवा के लिए 26 मार्च से इंडिगो की विमान उड़ान भरेगी। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से 26 मार्च को गोवा के लिए इंडिगो की विमान संख्या 6ए 2054 नॉन स्टॉप उड़ान भरेगी। रांची एयरपोर्ट से इंडिगो का विमान 18 :45 बजे उड़ान भरेगा और गोवा 21 :10 बजे पहुंचेगा। रांची से गोवा जाने में ढाई घंटे का समय लगेगा। इसके लिए किराया 5,453 रुपये रखा गया है। वहीं गोवा से इंडिगो की विमान संख्या 6ए 232 15:50 बजे उड़ान भरेगी और रांची 18:15 बजे पहुंचेगी। इसके लिए किराया 5,755 रुपये रखा गया है।



## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-20-2023 दिनांक: 06.03.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची - 834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** बड़कीपोना : रांची मंडल में बड़कीपोना स्टेशन पर एफओबी (3.5 मीटर चौड़ा) का निर्माण। **निविदा मूल्य :** ₹ 2,14,65,989.66। **बयाना राशि :** ₹ 2,57,300/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 24.03.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट **www.ireps. gov.in** देखे सकते हैं।

(PR-1185)

## पूर्व तट रेलवे

### 'ई' प्रॉक्योरमेंट प्रणाली

निविदा सूचना सं. PCMM/EP/2022-23/82
दिनांक : 02.03.2023

निम्नलिखित निविदाएँ वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई हैं।

**क्रम सं.01:** निविदा सं.: 03231988, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण: कट ऑफ एंगल कॉक (Angle cock), मात्रा: 6410 संख्यक।

**क्रम सं.02:** निविदा सं.: 03233867, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण: पॉली कार्बोनेट ग्लास यूनिट, मात्रा: 3114 संख्यक।

**क्रम सं.03:** निविदा सं.: 04222430, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण: डीप V ग्रुव्ड एक्सल पुली, मात्रा: 143 संख्यक।

**क्रम सं.04:** निविदा सं.: 03233794, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण: एक्सल बॉक्स पिवट बुश (Pivot bush), मात्रा: 2421 संख्यक।

**क्रम सं.05:** निविदा सं.: 07231001, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण: उच्च प्रदर्शन (High performance) जंग रहित ईपॉक्सी कोटिंग, मात्रा: 20000 लीटर।


**निविदा खुलने की तिथि:** क्रम सं. 1 हेतु दिनांक : 22.03.2023, क्रम सं. 2 हेतु दिनांक :27.03.2023, क्रम सं. 3 हेतु दिनांक :29.03.2023, क्रम सं. 4 हेतु दिनांक : 03.04.2023 एवं क्रम सं. 5 हेतु दिनांक :10.04.2023

संपूर्ण सूचना, ईएमडी, क्रय प्रतिबंध और संपूर्ण निविदा शर्तावली के संबंध में कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, भुवनेश्वर
PR-1058/N/22-23





# हजारीबाग अनुमंडल क्षेत्र में होली एवं शब-ए-बारात को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**यह निषेधाज्ञा आदेश 6 मार्च से 9 मार्च 2023 तक लागू रहेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के संयुक्त आदेशानुसार देश के विभिन्न भागों में घटित साम्प्रदायिक घटना एवं पूर्व के वर्षों में जिले में घटित घटना के आलोक में वर्तमान में साम्प्रदायिक स्थिति को देखते हुए शब-ए-बारात एवं होली को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु पूरे हजारीबाग अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत दंप्रसं की धारा 144 के तहत अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार के द्वारा निषेधाज्ञा लागू की गई है ताकि विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो सके।

इस दौरान निम्नांकित आदेश जारी किए गए हैं। शब-ए-बारात एवं होली के दिन किसी भी घातक हथियार अग्नेयास्त्र, लाठी इत्यादि को लेकर चलने पर प्रतिबंध लागू रहेगा। शब-ए-बारात एवं होली पर्व के अवसर पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ साम्प्रदायिक मैसेज, ऑडियो, विडियो के प्रेषण पर प्रतिबंध रहेगा तथा उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले संबंधित व्यक्ति, एडमिन पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। शब-ए-बारात होलिका दहन एवं होली कार्यक्रम के दौरान जबरदस्ती न तो किसी को गुलाल रंग लगाया जाये और न ही किसी प्रकार की हुड़दंगबाजी की जाये जिससे शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। शब-ए-बारात एवं होली के दिन शांतिप्रिय और नशामुक्त कार्यक्रम होना चाहिए। होलिका दहन का कार्यक्रम ऐसे जगह आयोजित हो जो बिजली के पोल, अत्यधिक भीड़-भाड़ वाली जगह से दूर हो। शब-ए-बारात होलिका दहन एवं होली कार्यक्रम को आयोजित करने के दौरान यातायात व्यवस्था को बाधित नहीं किया जायेगा। यह निषेधाज्ञा आदेश सरकारी कार्य हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों पुलिस बल सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। यह निषेधाज्ञा आदेश शव यात्रा एवं शादी-विवाह में लागू नहीं होगा। यह निषेधाज्ञा आदेश दिनांक 6 मार्च से 9 मार्च 2023 तक लागू रहेगा।

## प्रेस कांफ्रेंस : डीसी-एसपी ने विधि व्यवस्था के लिए प्रशासनिक तैयारियों की दी जानकारी, कहा

# विधि व्यवस्था के लिए प्रशासन ने मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर दी है

**शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह है मुस्तैद**




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** होली एवं शब ए बारात पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस सह होली मिलन समारोह आयोजित कर प्रशासनिक व पुलिस तैयारियों के बारे में मीडियाकर्मियों को जानकारी दी।

उपायुक्त नैन्सी सहाय ने बताया कि पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे, सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे, आम नागरिक सुविधा उपलब्ध रहे इसके लिए प्रशासन ने मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर दी है। नगर निगम, स्थानीय प्रशासन, संबंधित विभाग सहित अन्य आकस्मिक सेवा वाले विभाग को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। दूरभाष अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी टीम सक्रिय रहेगी। विधि व्यवस्था एवं सांप्रदायिक तनाव के मद्देनजर चलंत डीजे के साथ किसी भी तरह के जुलूस निकालने पर पाबंदी लागू रहने की जानकारी उपायुक्त ने दी।

पुलिस अधीक्षक चौथे मनोज रतन ने बताया कि विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। सामान्य पेट्रोलिंग से लेकर आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। 24 घण्टे कन्ट्रोल रूम को क्रियाशील किया गया है। इमरजेंसी सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है। इस दौरान तीन हजार अतिरिक्त पुलिस बल के अलावा रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की जाएगी। हुड़दंगियों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी, शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले पर मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधान के तहत कारवाई की जायेगी साथ ही पुलिस गश्त बढ़ाई जायेगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की आईटी सेल से निगरानी रखी जा रही है।

नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सामान्य नागरिक व आकस्मिक सेवा, सुविधाओं के लिए निगम प्रयास कर रहा है। पानी की आपूर्ति, मच्छर के लिए फॉगिंग, साफ सफाई के लिए अलग अलग टीम काम कर रही है।

प्रेस कांफ्रेंस के बाद उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक व उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी पत्रकारों को होली की शुभकामनाएं दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महिला मंडल ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय चन्दौल में महिला मंडल के सदस्यों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह का मुख्य अतिथि चन्दौल पंचायत समिति सदस्य सुनिता देवी, पति-सुरेश चौधरी अचेश्वर राम, वार्ड सदस्य सीमा देवी, पूर्व शिक्षक बेचन रजवार, सदस्य संजु देवी, सुजाता देवी, कविता देवी, शान्ति देवी, किरन देवी, देवंती देवी, सोनिया देवी, रूमा देवी, गिरबाला देवी, रेखा देवी, अनीता देवी, खुशबू देवी, माला देवी, प्रतिभा देवी, पुष्पा देवी, मीना देवी, फुलेश्वरी देवी, चिंता देवी सहित अन्य लोग शामिल थे। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि होली भाईचारगी का त्यौहार है। इस दिन सभी भेदभाव भूलकर लोग एक-दूसरे के साथ रंग में डूब जाते हैं। उन्होंने पंचायत के लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का अपील की है।

### होली पर्व को लेकर शिव मंदिर प्रांगण छोटा डहरभंगा में शांति समिति की बैठक आयोजित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के छोटा डहरभंगा के ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाने का संकल्प लिया है। रविवार देर शाम शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित गांव की शांति समिति की बैठक में उक्त आशय का निर्णय लिया गया। बैठक में डहरभंगा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रवींद्र यादव ने कहा कि यहां के लोगों के साथ मिलकर खुशियों का त्योहार होली को शांति से मनाने में सबलोग एकजुट रहेंगे। बैठक में होली के दौरान किसी के भी कपड़े नहीं फाड़ने और अनजान व्यक्ति को जबरदस्ती रंग नहीं लगाने समेत कई निर्णय लिये गये। शांतिपूर्ण माहौल में होली संपन्न कराने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। इसमें सुखदेव हजाम को अध्यक्ष, प्रकाश साव उपाध्यक्ष, बृजमोहन राम कोषाध्यक्ष के अलावा सक्रिय निगरानी समिति में पंकज पांडेय, जीवलाल साव, बबन कुमार, अनुज साव, आलोक साव, नरेश भुइयां, रामवृक्ष राम, जगदीश साव, राजेंद्र साव, संजय साव, महेंद्र सोनी, तुलेश्वर यादव, सुनिल साव, अरूण रजक, सुनिल यादव, राजेंद्र राम शामिल हैं। बैठक के दौरान ग्रामीणों के द्वारा ढोल मंजीरा के साथ फगुआ के गीत, जोगीरा, चैतावर व कीर्तन का आयोजन किया गया। मौके पर तुलसी साव, जग्रनाथ साव, नारायण साव, कन्हाय बैठा, चेतलाल यादव, सकलदेव साव, विश्वनाथ साव, चांदो ठाकुर व अन्य उपस्थित थे।

### दी एम्बिशन संस्थान में होली समारोह मनाया गया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अखाड़ा चौक में स्थित दी एम्बिशन कोचिंग सेंटर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के बच्चों ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी। संस्थान के शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ मिलकर होली का खूब आनंद लिया और बच्चों को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी। मौके पर संस्थान के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि होली रंगों और प्यार का त्यौहार है। यह मन को तरोताजा करने का त्यौहार है, जो न केवल मन को तरोताजा करता है बल्कि आपसी रिश्तों को भी मजबूत बनाता है। इसलिए, हम सभी को मिलजुल कर खुशियों के साथ इस त्यौहार को मनाना चाहिए। इस होली समारोह में दीपक कुमार मिश्रा, ज्योति कुमारी, विवेक कुमार सिंह, सुमित कुमार, रिशु कुमार, अंकित कुमार, जितेंद्र कुमार, जतन कुमार, विवेक कुमार, साक्षी सोनी, श्रेया कुमारी, विद्या कुमारी, सुदेशना वर्मा, राखी शर्मा, रिया पांडे, पायल कुमारी, श्रुति कुमारी, दीपिका सोनी, पल्लवी सोनी, सोनम कुमारी, प्रियांशु कुमार, आकृति कुमारी, हर्ष कुमार, पारुल कुमारी, कुमकुम राणा, रिया सोनी समेत अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बीएम मेमोरियल स्कूल में मना होली मिलन समारोह

**आपसी भाईचारे की का पैगाम देता है होली का पर्व : संदीप कुशवाहा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव ठाकुर मुहल्ला रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम संचालित बीएम मेमोरियल स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन निर्देशक संदीप कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सभी शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि होली का त्यौहार सभी भेदभाव को छोड़कर समाज के लोगों को एकजुट एवं आपसी भाईचारे का पैगाम देता है। साथ ही उन्होंने सभी बच्चों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे सभ्य और सौहार्दपूर्ण तरीके से तिलक होली खेलें। वहीं स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों से अपील की कि हर्बल होली खेलें और पानी को बचाएं, क्योंकि पानी हमारे आने वाले भविष्य के लिए काफी उपयोगी है। पानी का दुरुपयोग ना करें। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, पिंटू कुशवाहा, अमीन अंसारी, मुकेश कुमार, संदीप शर्मा, सोनू कुमार, विनोद रंजन, उमेश कुमार, दिलेश्वर कुमार, महेंद्र कुमार, अनु कुमारी, मनीषा कुमारी, आंचल कुमारी, एरिका टोपो, भारती कुमारी, अनु कुमारी, ऐलिस टोपो, सृष्टि कुमारी, मोसिकता राणा, सरिता बा, जेमा तिग्गा, आनंद राज, विकास ठाकुर, नेहा कुमारी, सावना प्रवीण, दुर्गा देवी, संजू देवी सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### तीन ऑटो पर लदा एक टन ढिबरा जब्त

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार की सुबह वन विभाग की टीम ने रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में तीन ऑटो को जब्त किया है जिसपर एक टन ढिबरा लदा हुआ था। गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच लंगरापराश जंगल के पास से उक्त वाहनों को जब्त किया गया। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि छापेमारी दल देखकर लंगरापराश जंगल के समीप गाड़ी छोड़कर कर तीनों चालक भागने में सफल रहे। ढिबरा लदे तीनो ऑटो को जप्त कर लिया गया। जब्त ढिबरा की कीमत लगभग पचास हजार रुपया बतायी जा रही है। मौके पर वनरक्षी अमरेंद्र कुमार, राजेश कुमार शर्मा, पिंटू कुमार, अभिमन्यु कुमार आदि मौजूद थे।

### दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में विधायक ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में विधायक अमित कुमार यादव की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के चलकुशा, जयनगर, बरकट्ठा, इचाक से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मौके पर कलाकारों के द्वारा गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर होली का जश्न मनाया गया। विधायक अमित कुमार यादव ने कार्यकर्ताओं को गुलाल अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का इंतजाम किया गया था। होली मिलन समारोह में बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, पूर्व मुखिया रामचंद्र राम, छोटेलाल मेहता, कुलदीप पांडेय, अनिल आजाद, रीतलाल प्रसाद, बीरेंद्र मेहता, दुर्गानंद झा, विजय यादव, शंकर साव, रामजी मंडल, मिथलेश भारती, सुरेंद्र साव, राजकुमार यादव, संजय गुप्ता, अशोक गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### होली व शब ए बारात को लेकर बरकट्ठा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा थाना परिसर में शांति और सद्भावपूर्ण माहौल में होली और शब ए बारात का त्योहार मनाने को लेकर शांति समिति कि बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी बिक्रम कुमार एवं संचालन समाजसेवी दर्शन सोनी ने किया। मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, सीओ श्रीकांतलाल मांझी, इंस्पेक्टर श्यामचन्द्र सिंह उपस्थित थे। बैठक में थाना प्रभारी बिक्रम कुमार ने कहा कि त्यौहार को अपने परिवार के साथ अच्छे से मनायें, नशापान से दूर रहें, साथ ही डीजे व अश्लील गीत बजाना सख्त मना है। होली के त्यौहार में बच्चों को मोटरसाइकिल ना दें। बच्चों को अपनी देखरेख में रखें। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुशील पांडेय, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष यासीन खां, कांग्रेस नेता संतोष देव, मिनहाज खां, महाबीर यादव, पूर्व मुखिया मो. मोइन अंसारी, उत्तिम महतो, पंसस प्रतिनिधि दिनेश मंडल समेत, मुमताज अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# इचाक प्रखंड की छह महिला मुखिया को किया गया सम्मानित

**महिला उत्पीड़न से जुड़ी तमाम समस्याओं के निवारण में महिला जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है : बीडीओ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व सरकार के निर्देशानुसार महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के निवारण को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पंचायत जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बालिकाओं का विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन, आंगनबाड़ी में बालिकाओं का पोषण, महिला हिंसा, घरेलू संपत्ति विवाद, किशोरियों के साथ शोषण, पलायन, मनरेगा में महिलाओं की समान हिस्सेदारी समेत महिलाओं की अन्य समस्याओं के निवारण में महिला जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका को मानते हुए उन्हें कार्य और दायित्व के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर प्रमुख पार्वती देवी एवं बीडीओ रिंकू कुमारी ने महिला उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मंगुरा पंचायत की मुखिया मीना देवी, डाढा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, नावाडीह पंचायत के मुखिया काजल देवी, देवकुली की मुखिया मंजू देवी, बरका खुर्द की मुखिया सीता देवी और बरीयठ मुखिया निशु कुमारी को शॉल एवं परंपरागत वनस्पति पत्ते व फूल की पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

बीडीओ रिंकू कुमारी ने कहा कि महिला उत्पीड़न से जुड़ी तमाम समस्याओं के निवारण में महिला मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है। मौके पर प्रमुख पार्वती देवी, बीपीओ राजीव आनंद समेत अन्य उपस्थित थे।

### ब्राह्मण सभा का होली मिलन समारोह आयोजित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा का होली मिलन समारोह जिला अध्यक्ष अनूप जोशी के कार्यालय जैन मंदिर गली स्टेशन रोड में मनाया गया। इसमें समाज के सभी प्रबुद्ध लोग जुटे और नए संवत्सर को हर्ष उल्लास से एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मनाए और कामना किए सभी लोगों का नया संवत्सर मंगलमय हो। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा नया सवंत्सर सभी के जीवन में खुशियां लाए और सभी आपस में भाईचारे को निभाते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। 23 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक दीनानाथ पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बनर्जी, जिला उपाध्यक्ष पंकज दुबे, चन्द्र शेखर जोशी, हृदयानंद मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल गुरु, उपेन्द्र दुबे, देवराज पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय, बहादुर पाण्डेय, प्रभाकर पाण्डेय, छोटु दुबे, मुन्ना पाण्डेय आदि होली मिलन समारोह में उपस्थित हुए।

### अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की ओर से बरकट्ठा डाकडीह में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अशोक कपरदार, विशिष्ट अतिथि अर्जुन चंद्रवंशी, बिरेंद्र चंद्रवंशी, मुरली चंद्रवंशी, गोविंद चंद्रवंशी, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी, सचिव विश्वनाथ चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष मनोज चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से भगवान जरासंध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित किया। मौके पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले लगकर होली की शुभकामनाएं दीं। मौके पर लालू चंद्रवंशी, किसुन चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, रामचंद्र चंद्रवंशी, कृष्ण चंद्रवंशी, भुवनेश्वर चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, नरेश चंद्रवंशी, उर्मिला देवी, सीता देवी, गीता देवी, अजीत चंद्रवंशी, शंकर चंद्रवंशी, विक्रम चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया

**सेवा भारती ने किया संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन**





आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल मां वैष्णो देवी नगर, असनाबाद का वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता थी। वहीं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र मिश्कार, समाजसेवी चंदन चक्रवर्ती, प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन कोडरमा के अध्यक्ष बीएनपी वर्णवाल, निवर्तमान झुमरी तिलैया नगर परिषद के उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव थे। सभी अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद और माता सरस्वती के तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। उसके बाद संयुक्त रूप से मंच का संचालन कर रहे सह निदेशक दीपक कुमार तथा सेवा भारती के जिला सचिव आलोक कुमार सिन्हा ने अतिथियों का परिचय कराया। मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चे काफी प्रगतिशील और प्रतिभावान हैं। इस विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी काफी मेहनती और लगन शील है। निवर्तमान नगर परिषद के उपाध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि मेरा जीवन भी शिक्षा के क्षेत्र से ही गुजर रहा है और इस मौके पर मैं विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा को देख कर विद्यालय के शिक्षको को बधाई देता हूं। इस दौरान विद्यालय के बच्चों के द्वारा वेलकम सॉन्ग, गणेश वंदना, सूर्य नमस्कार, कृष्ण सुदामा नाटक, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नृत्य में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। वार्षिकोत्सव में अभिभावकों के लिए सेवा भारती द्वारा संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया और विजयी प्रतिभागी को सेवा भारती की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर सेवा भारती के जिला सचिव आलोक कुमार सिन्हा ने कहा कि की समाज में अपनी सनातन संस्कृति को कायम रखने में सेवा भारती का अहम योगदान रहता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सेवा भारती के द्वारा संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

मौके पर विशाल भदानी, प्रोफेसर राखी भदानी, कुमारी मीता, संजय सिन्हा, सुनैना देवी, निरंजन कुमार, रघुवीर लाल पंडित, जीवन लाल यादव, नीरज पंडित, लता सिन्हा, पंकज पंडित, प्रभाकर कुमार, सत्यपाल कुमार, तुलसी राणा, चंपा देवी, आनंद राणा, गोपाल राम, विकी यादव, कुंती देवी, अर्चना कुमारी, पुष्पांजलि आनंद, रोहित शर्मा, गौरव कुमार समेत अभिभावक और बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे।

### विक्टोरिया स्कूल में मना होली मिलन समारोह



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** बिरजामु स्थित विक्टोरिया पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से होली मिलन समारोह मनाया गया। मौके पर विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाइयां दी। प्राचार्य मुकेश कुमार यादव ने कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। निदेशक भरत यादव ने होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षक रोहित यादव, विकास यादव, रंजीत राणा, रामविलास पासवान, शंभू यादव, राजेश यादव, पंकज कुमार, शिक्षिका सोनाली कुमारी, शिवानी कुमारी, नंदनी कुमारी, सोनाली कुमारी, रीना कुमारी, रितु कुमारी, गौतम कुमार, आशीष राणा, सचिन कुमार, अंशु कुमारी, पूनम कुमारी, सुलेखा कुमारी, उदय कुमार, अभिनंदन कुमार आदि दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### लाइफ लाइन नर्सिंग होम विष्णुगढ़ में होली मिलन समारोह का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** अस्पताल चौक स्थित लाइफ लाइन नर्सिंग होम विष्णुगढ़ के संचालक चंद्रभूषण मिश्रा के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हमें सन्देश देता है कि बुराई को त्यागें व अच्छाई को अपनाएं। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर डॉ एमके सिन्हा, राजेश कुमार सिंह, दीपू अकेला, गौतम वर्मा, विक्की, सुनील अकेला, रंजीत झा, रूपेश पाठक, शबाना, खुशबू कुमारी, प्रमोद पांडे, एवं समस्त नर्सिंग होम के स्टाफ उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## डांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मुखिया को दिया प्रशस्ति पत्र



**गिददी (आजाद सिपाही)।** गिददी ख पंचायत के मुखिया उषा देवी को डांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने कहा कि गिददी ख पंचायत के विधालयो में मुखिया के प्रयास से शत प्रतिशत नामांकन हुआ है। अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिनिधियो को बढ़- चढ़ कर भागीदारी निभानी चाहिए, जिससे समाज का कल्याण हो सकें। वही मुखिया उषा देवी इस सम्मान से खुशी व्यक्त करते हुए क्षेत्र के लोगों को बधाई दी। इस मौके प्रमुख दीपा देवी मुखिया पसस वार्ड सदस्य भी उपस्थित थे।

## बाउंड्री निर्माण को लेकर भूमि पूजन



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** गौरीशंकर मंदिर परिसर में चारदीवारी निर्माण को लेकर सोमवार को भुमि पूजन किया गया। इस कार्य का शुभारंभ राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में मुख्य अतिथि बरका सयाल क्षेत्र महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवादास, झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने संयुक्त रूप से मंदिर के पुजारी अनिल पांडेय द्वारा विधिवत पूजा पाठ कर संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर कानू मरांडी, महादेव बेसरा, डॉ जीआर भगत, चरका करमाली, गणेश राम, सीताराम किस्कू, धर्मदेव करमाली, दिपक कुमार यादव, अजय मिश्रा, संजय कुमार यादव, बाल्मीकि यादव, दिलीप कुमार मेहता, उपेंद्र कुमार शर्मा मौजूद थे।

## होली-रामनवमी पर्व को लेकर उरीमारी ओपी में शांति समिति की हुई बैठक



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी ओपी परिसर में सोमवार को होली महापर्व एवं शब - ए - बरात व रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक। जिसकी अध्यक्षता उरीमारी ओपी प्रभारी शशि भूषण कुमार ने की। मौके पर ओपी प्रभारी ने होली, शब - ए - बरात एवं रामनवमी पर्व शांति पूर्ण ढंग से मनाने की बात कही। सख्त निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार में पुलिस गस्ती करेगी। किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक कार्य हुड़दंग करते हुए पकड़े जाने पर सुचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, उरीमारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि डॉ जी आर भगत, मोहम्मद फिरोज अंसारी, राकेश पाण्डेय,जुगेशवर बेदिया, कर्मवीर कुमार सिंह, मोहम्मद अजमेर हुसैन, अजीत सिंह, ओपी के एएसआई कृष्णा कुमार दुबे, सुशील शाह, धर्मेंद्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद, पावेल सोरेंग मौजूद थे।

## गोला थाना में शांति समिति की बैठक, डीजे पर प्रतिबंध



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला थाना परिसर में सोमवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने की। इस दौरान होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। इंस्पेक्टर ने कहा कि होली पर्व के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। कोई डीजे बजाते हुए पकड़ा गया तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। वही पर्व के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों को वाहन जब्त कर लिया जायेगा। इसमें किसी की पैरवी काम नही करेगी। वहीं हुड़दंगियों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। मौके पर कांग्रेस नेता बजरंग महतो, जिप सदस्य सरस्वती देवी, थाना प्रभारी सिद्दांत, मुखिया नीता देवी, सतीश कुमार, नुरुल्लाह अंसारी, बजरंग महथा, डोमन नायक, त्रिभुवन महतो, कमाल शहजादा, जितेंद्र साहू, रामविनय महतो, सुनील कुशवाहा आदि थे।

## होली व शब ए बरात पर्व पर हुड़दंगियों से निबटने के लिए शहर में मॉक ड्रिल



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निदेर्शानुसार पुलिस लाइन चतरा में होली एवं शबे-बारात पर्व पर दंगाइयों एवं हुड़दंगियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, मेजर सार्जेंट विकास कुमार सिंह, सार्जेंट ज्ञानेंद्रपति एवं बड़ी संख्या में जिला बल के जवान शामिल थे।

### होली और शब-ए-बरात को लेकर रामगढ़ थाना में शांति समिति की बैठक

# एक-दूसरे के सहयोग से ही पर्व का सच्चा आनंद : एसडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** होली और शब-ए-बरात को लेकर रामगढ़ थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ मो जावेद हुसैन ने किया। इस दौरान बैठक में होली और शब-ए-बरात शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ मो जावेद हुसैन ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। यह आपसी सद्भाव और भाईचारे का भी प्रतीक है। वहीं, दूसरी ओर मुस्लिम भाईयों का शब-ए-बरात पर्व भी है। इसे सभी सौहार्द पूर्वक मनाएं। यह दोनों पर्व त्योहार की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सदस्यों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की। कहा गया कि सभी लोग उस प्रकार के लोगों की पहचान कर उसे समाज से बाहर करने का काम करें जो आपसी भाईचारगी को बिगाड़ने का काम करता है, इस प्रकार के लोगों पर पुलिस प्रशासन की भी नजर होगी। जो भी समाज मे आपसी भाईचारगी को बिगाड़ने का प्रयास करेगा पुलिस उसके साथ कड़ाई से पेश आएगी। कहा कि प्रबुद्ध लोगों को आगे आना होगा क्योंकि एक दूसरे के सहयोग से ही पर्व का सच्चा आनंद लिया जा सकता है।

**अबीर गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं :** शांति समिति की बैठक के उपरांत सदस्य व अधिकारी सभी होली के रंग में रंगे नजर आए।सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर आपसी भाईचारगी का परिचय देते हुए होली की शुभकामनाएं दी।

**बैठक में ये थे उपस्थित :** शांति समिति की बैठक में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, अंचलाधिकारी सुधीर कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी एनी रिंकी कुजुर, कमल बगड़िया, बलजीत सिंह बेदी, अनमोल सिंह, धनंजय कुमार पुटूस, नीरज मंडल, शहजाद खान, विजय सिंह, ज्ञास खान, प्रभात अग्रवाल, सलीम खान, मुमताज मंसूरी, अमीर खान, छोटू पटेल सहित शांति समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

# डीडीसी ने शांति समिति की बैठक में दिये कई निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** होली और शबे बारात पर्व को लेकर सोमवार को डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने जिला समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कर अधिकारियों को कई निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा एवं अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन ने पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से आयोजन के लिए शांति समिति के सदस्यों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान अगर कहीं से भी लाउडस्पीकर के माध्यम से अश्लील गाने बजाने अथवा रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर, डीजे का इस्तेमाल किया जाता है तो संबंधित पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**107 के तहत कार्रवाई करने का निर्देश :** बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को उनके क्षेत्र में वैसे व्यक्ति जो कि पर्व के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ सकते हैं उनके खिलाफ धारा 107 के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश :** बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर यातायात निरीक्षक को सघन वाहन जांच अभियान चलाने एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश :** बैठक के दौरान सहायक आयुक्त उत्पाद को होली के दिन जिले के सभी शराब दुकानों को बंद रखना सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वही, डीडीसी ने पर्व के मद्देनजर व्यापक रूप से जांच अभियान चलाकर अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को वैसे क्षेत्र जहां शांति समिति की बैठक नहीं हुई है वहां जल्द से जल्द शांति समिति की बैठक करने एवं पर्व के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां सदस्यों को देने का निर्देश दिया गया।

### अफवाह पर तुरंत संज्ञान लेने का निर्देश

**बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने शांति समिति के सभी सदस्यों से उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्वरित जिला प्रशासन को देने की अपील करते हुए सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को मामलों पर तुरंत संज्ञान लेने एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह पर तुरंत संज्ञान लेने का निर्देश दिया।**

### रांची विश्वविद्यालय की टीम शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंची पत्थलगड़ा

# ओबरा खुदाई स्थल का किया अवलोकन

**आजाद सिपाही, संवाददाता**



**चतरा।** रांची विश्वविद्यालय की एक टीम ने जिले के पत्थलगडा प्रखंड के ओबरा खुदाई स्थल का निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने सिंघानी के ओबरा मेगालिथ स्थल, पर्यटन स्थल लेंबोईया पहाड़ी और बलबल गर्मकुंड स्थल का निरीक्षण किया और यहां के इतिहास की जानकारी ली। पुरातत्व और संग्रहालय विज्ञान स्कूल रांची विश्वविद्यालय, रांची के 24 सदस्यीय दल सोमवार को पत्थलगडा पहुंचा। दस का नेतृत्व डॉ अलखदेव प्रसाद श्रीवास्तव, संजय कुमार तिर्की, केशव चंद श्रीवास्तव, सुनिता पांडेय व अन्य कर रहे थे। रांची विवि की टीम भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग पटना ब्रांच के द्वारा पत्थलगडा के ओबरा में किए जा रहे पुरातात्विक खुदाई का निरीक्षण किया। अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ राजेंद्र प्रसाद देहुरी, सहायक पुरातत्वविद ललित आदित्य, हिमांशु व अन्य से शोधार्थियों ने यहां के इतिहास और खुदाई से संबंधित जानकारी ली।

इस मौके पर डॉ अलख देव श्रीवास्तव ने कहा कि यह जगह काफी प्राचीन है और झारखंड के इतिहास की जानकारी के उद्देश्य से यहां पुरातत्व विभाग की ओर से खुदाई कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में मेगालिथिक अवशेष मिलता है। झारखंड में भी हजारों साल से मरने के बाद पत्थर गाड़ने की परंपरा रही है। उस समय के रहन-सहन और संस्कृति की जानकारी व इतिहास के लिए यहां विभाग की ओर से खुदाई कराई जा रही है। आज भी जनजातीय परंपरा के अनुसार मृत्यु के बाद अस्थि कलश दफनाया जाता है और उसके ऊपर पत्थर रखा जाता है। यह परंपरा आदि काल से चली आ रही है।

पत्रकार जीतेंद्र तिवारी ने रांची विवि से आये दल को लेंबोईया के पौराणिक व धार्मिक महत्व व यहां की कलाकृतियों की जानकारी दी।

### गोला में कल्याणी महिला संघ का 14वां स्थापना दिवस संपन्न

# 2024 से पहले नल जल के माध्यम से हर घर में पहुंचेगा पानी : चंद्रप्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गोला।** 2024 से पहले नल जल के माध्यम से विधानसभा के प्रत्येक घर में पानी पहुँचेगी। इसकी शुरूआत हमने की थी लेकिन कार्य अधूरा पड़ा है। उक्त बातें गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सोमवार को हाई स्कूल मैदान में कल्याणी महिला संघ के 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मेरा महिला संघ से जुड़ाव काफी पुराना है। यह प्रखण्ड काफी पिछड़ा प्रखण्ड के अंतर्गत आता था। आपलोगों के सहयोग से इस प्रखण्ड को एक नया पहचान देने में कामयाब रहा। यहां सड़को का जाल गली महोल्लो तक बिछाया गया है । बच्चियों के शिक्षा के लिए पंचायत स्तर पर हाई स्कूल बनाया गया। ताकि बच्चे आगे बढ़ सके। महिलाओं के लिए इस प्रखण्ड में पूर्वी भारत का एक मात्र महिला इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण करवाया। लेकिन सरकार इसको शुरू नहीं कर पाई। इसमें सरकार की नीयत साफ नही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने का काम आजसू पार्टी ने ही किया है। पच्चास प्रतिशत आरक्षण सुदेश महतो के कार्यकाल में दिया गया है। उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर पार्टी गंभीर है। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले गया। जिसमे फैसला हमारे पक्ष में आया।

**संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन :** स्थापना दिवस के अवसर पर महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही डायन प्रथा एवं बाल विवाह जैसे कई मुद्दों पर जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया गया। इससे पहले डी भीसी चौक से जुलूस निकालकर महिलाएं हाई स्कूल मैदान पहुंची। मौके पर प्रमुख गीता देवी, जिप सदस्य सरस्वती देवी,दिनेश कुमार महतो, बजरंग महथा, मुकेश महतो, उर्मिला देवी,मीना देवी, ललिता देवी,बिगलाल ठाकुर, सुनीता देवी,विनती बेसरा, अनिता देवी, सुधा देवी, किरण देवी आदि थे।

### पीसीआर भवन में होली मिलन समारोह

# आपस में प्रेम और भाईचारगी को बढ़ावा देती है होली : मनोज सिंह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रंगों के त्योहार होली पर पीसीआरआर भवन में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पीसीआर के सदस्यों ने खूब रंग गुलाल उड़ाया। कार्यक्रम के आरंभ में पिछले कुछ माह में पीसीआर से जुड़े कई सदस्यों ने अपने परिजनों को खोया है उन सभी की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर प्रार्थना की गयी। होली मिलन समारोह का आगाज करते हुए क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि होली का त्योहार आपस में प्रेम और भाईचारगी बढ़ाने वाला त्योहार है। दिन भर समाज के लिए व्यस्त रहने वाले पत्रकारों के लिए इस तरह का आयोजन जरूरी है। प्रेस क्लब रामगढ़ के सदस्यों के क्लब आए दिन ऐसे आयोजन करते रहता हैं। अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने सभी सदस्यों को गुलाल लगाकर होली मिलन कार्यक्रम की शुरूआत किया। सभी सदस्यों में एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया। इसके बाद खूब रंग गुलाल उड़ाया गया।

## राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से रांची विभाग के विभाग निरीक्षक फणिंद्र नाथ झा एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव शंकर लाल अग्रवाल उपस्थित हुए। मौके पर विभाग निरीक्षक ने कहा कि यह पर्व हम सभी के जीवन में सतरंगी खुशियां इंद्रधनुष की तरह छाई रहे और हम सभी पूर्ण हर्षोल्लास के साथ पर्व का आनंद लें। मौके पर प्रबंधन समिति के सचिव शंकरलाल अग्रवाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा यह पर्व समस्त मतभेदों को भुलाकर आपसी प्रेम बनाए रखने का त्योहार है। मौके पर प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी, वरिष्ठ आचार्य कन्हैया कुमार, दिनेश महतो के अलावा महेश्वर महतो, भोलानाथ घोष, अमित बर्मन, राजीव कुमार दास, मनोज कुमार, सुनील कुमार, अमर लाल महतो, प्राण रंजन कुमार, दयाशंकर उपाध्याय, विकास कुमार कुशवाहा, दयाशंकर तिवारी, दीपक कुमार, कुमकुम झा, संगीता, दुर्गेश कुमार आदि मौजूद थे।

## चतरा में 365 लीटर देशी शराब के साथ 10 तस्कर गिरफ्तार, 12 बाइक जब्त



**चतरा (आजाद सिपाही)।** अवैध शराब के विरुद्ध चतरा पुलिस ने लगातार चौथे दिन सफलता हासिल किया हैं। पुलिस ने 12 बाइक के साथ 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी झारखंड-बिहार सीमा स्थित हंटरगंज थाना क्षेत्र के सैयपुर, कोसमही गांव के समीप से की गई है। यह जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने सोमवार को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि होली पर्व को लेकर बिहार-झारखंड बॉर्डर स्थित कोसमाही और सेयपुर से देशी शराब का बड़ा खेप बिहार भेजा जाना है। इसी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी हंटरगंज सनोज चौधरी के नेतृत्व में एक दल गठन कर छापेमारी गया। जिसमें शराब सप्लाई में लगे 10 लोगों को 12 मोटरसाइकिल और 365 लीटर महुआ शराब जब्त कर लिया।

## संकट मोचन मंदिर के 25वें स्थापना दिवस पर भव्य भंडारा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मेनरोड भुरकुंडा स्थित संकट मोचन मंदिर के 25वें स्थापना दिवस पर रविवार की शाम भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। इसके पूर्व स्थापना दिवस को ले शनिवार से चल रहे 24 घंटे के अखंड-हरिर्कीतन रविवार को समापन हुआ। इस दौरान पूजा-अर्चना और हनुमान चालिसा पाठ का भी आयोजन हुआ। हवण-पुणार्हुति के बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा का शुभारंभ मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चैधरी व भुरकुंडा पंसस सीमा मुखर्जी ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर किया। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में पूजा कमेटी के संरक्षक विष्णु शर्मा, लक्ष्मण राणा, रामा राणा, अशोक साहू, नंदलाल रजक, राजू राजकुमार, शिवकुमार, अरुण दुबे, वीरेंद्र मिश्रा, अजय अग्रवाल, सुब्रतो घोष, राज किशोर पांडेय, दीपक अग्रवाल, राजेश खरवार सहित संकट मोचन मंदिर व बजरंग युवा शक्ति के लोगों का विशेष योगदान रहा।

## कपड़ा बैंक में होली मिलन समारोह



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** थाना चौक भुरकुंडा स्थित जरूरतमंदों के लिए चल रहे कपड़ा बैंक में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में कपड़ा बैंक संचालन समिति के सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मौके पर कपड़ा बैंक की संस्थापक अनामिका श्रीवास्तव ने कहा कि होली आपसी भाईचरारगी का संदेश देता है। इस पर्व को सौंहार्द्रपूण वातावरण में मनाएं। मौके पर संरक्षक भुनेश्वर मेहता, विश्वरंजन सिन्हा, पंकज कुमार, मुखिया अजय पासवान, राकेश सिन्हा, सुबोध सिन्हा, अंजू ठाकुर, लक्ष्मी देवी, रेणुका देवी, मनोज सिन्हा, बंटी कुमार, दिव्या कुमारी, सिद्धू कुमारी, भोला कुमार, सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# अफवाहों की चुनौती

तमिलनाडु में हिंदीभाषी प्रवासी मजदूरों पर हो रहे हमलों की अफवाह ने जिस तरह का गंभीर रूप ले लिया, वह सबके लिए चेतावनी है। वैसे तो अफवाहें पहले भी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को जन्म देती रही हैं। बच्चा चुराने की अफवाह कुछ साल पहले देश के अलग-अलग हिस्सों में कई अप्रिय घटनाओं का कारण बनी थी। लेकिन यह मामला कई लिहाज से अलग है। हालांकि तमिलनाडु पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिहार से भी एक टीम तहकीकात करने गयी है। झारखंड सरकार ने भी एक टीम भेजी है। ऐसे में पूरी बात तो जांच-पड़ताल के बाद ही सामने आयेगी, लेकिन आरंभिक सूचनाएं इतना जरूर स्पष्ट कर रही हैं कि सोशल मीडिया पर एक के बाद एक फर्जी विडियो के जरिए यह परसेप्शन बनाने की कोशिश हुई कि तमिलनाडु में बिहार के हिंदीभाषी मजदूरों पर हमले हो रहे हैं, उन्हें मारा-पीटा जा रहा है और इस वजह से उनका बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। शुरुआती जांच में मारपीट के ऐसे कई विडियो तमिलनाडु से बाहर के और काफी पुराने पाये गये। यही नहीं, होली की छुट्टी में गांव जा रहे मजदूरों के विडियो यह कहते हुए जारी किये गये कि ये मारपीट से घबराए मजदूर हैं, जो अपने गांव वापस लौट रहे हैं। नतीजा यह कि बहुत से मजदूरों को परिजनों के फोन आने लगे और भय का माहौल बनने लगा। तमिलनाडु पुलिस ने इन अफवाहों का खंडन किया है। सीएम स्टालिन ने राज्य में रह रहे सभी मजदूरों को तमिलनाडु की प्रगति का सहभागी बताते हुए कहा है कि सबकी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम होगा। ध्यान देने की बात यह भी है कि जब किसी प्रांत या क्षेत्र के मजदूरों पर सिलसिलेवार हमला होता है तो उसके पीछे किसी खास संगठन और सोच की सक्रिय भूमिका होती है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र के हालिया मामलों को लें तो वहां एमएनएस के रूप में ऐसे संगठन की उपस्थिति बनी हुई थी, जो उन हमलों को किसी न किसी रूप में जस्टिफाई करता था, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनकी जिम्मेदारी भी लेता था। तमिलनाडु में अभी कोई भी संगठन इन कथित हमलों से खुद को जोड़ता नहीं दिख रहा। सुरक्षा की गुहार लगाने वाले कई मजदूरों की शिकायत भी इस बात की पुष्टि करती है कि उनके साथ कुछ नहीं हुआ, पर सोशल मीडिया के विडियो और गांव से घरवालों के फोन के चलते वे डरे हुए हैं। यह अफवाह का एक सामान्य मामला नहीं, बल्कि इस बात की गंभीर चेतावनी है कि अफवाहों के जरिए ऐसे हालात पैदा किये जा सकते हैं, जिनसे देश की एकता और अखंडता को गंभीर खतरा उपस्थित हो जाए। मौजूदा दौर में इस तरह के खतरों से समय रहते निपटने की ठोस तैयारी रखने की जरूरत है।

**तमिलनाडु में अभी कोई भी संगठन इन कथित हमलों से खुद को जोड़ता नहीं दिख रहा। सुरक्षा की गुहार लगाने वाले कई मजदूरों की शिकायत भी इस बात की पुष्टि करती है कि उनके साथ कुछ नहीं हुआ, पर सोशल मीडिया के विडियो और गांव से घरवालों के फोन के चलते वे डरे हुए हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पहले से ही आइपीएस अधिकारियों में दिनकर गुप्ता (एनआइए प्रमुख), सामंत गोयल (रॉ चीफ) और हरप्रीत सिद्धू हैं जो पहले एसटीएफ के प्रमुख थे। इनके अलावा पूर्व डीजीपी वीके भंवरा और कुछ अन्य आइपीएस अधिकारियों ने भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन किया है। कम से कम 2 साल के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाना प्रत्येक आइएएस अधिकारी के लिए जरूरी है ताकि आगामी पदोन्नति में कोई बाधा न हो।**

# पंजाब से बाबुओं का पलायन

दिलीप चेरियन



**सूत्रों का कहना है कि मंत्रालय में बाबुओं, विशेष रूप से कृषि सचिव मनोज अहूजा किसानों को उनकी आय बढ़ाने और कृषि विकास में योगदान देने के लिए महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करने में काफी हद तक सफल रहे हैं।**

पंजाब में अजनाला प्रकरण के दौरान खतरनाक शब्द 'ख' के फिर से उभरने और एक अन्य कट्टरपंथी विचारक के उदय ने भूली-बिसरी अतीत की यादें ताजा कर दी हैं। स्थिति खराब है। प्रशासन को नम्र और विनम्र दिखाया गया है। इसके अलावा पंजाब में वरिष्ठ बाबू चाहे वे आइएएस हों या फिर आइपीएस अधिकारी हों, जनता को उत्साहजनक संकेत नहीं भेज रहे। ऐसे समय में भगवंत मान सरकार को यह दिखाने की जरूरत है कि स्थिति पर उनका नियंत्रण है।

सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ आइएएस और आइपीएस. अधिकारियों के बीच पंजाब छोड़ कर केंद्र में प्रति नियुक्ति पर जाने को लेकर एक तरह की भगदड़-सी मची हुई है। कथित तौर पर कम से कम 7 आइएएस अधिकारियों ने केंद्रीय की प्रति नियुक्ति (डैपुटेशन) के लिए आवेदन किया है जबकि 5-6 अधिकारी पहले ही पंजाब छोड़ कर प्रतिनियुक्ति पर जा चुके हैं। इनमें सिबिन सी. (2005 बैंच), कुमार सौरभ तथा बी. श्रीनिवासन (दोनों ही 2011 बैच के अधिकारी) शामिल हैं।

**काफी संभावना है कि हम आने वाले दिनों और हफ्तों में इसी तरह की चालें देखेंगे।**

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पहले से ही आइपीएस अधिकारियों में दिनकर गुप्ता (एनआइए प्रमुख), सामंत गोयल (रॉ चीफ) और हरप्रीत सिद्धू हैं, जो पहले एसटीएफ के प्रमुख थे। इनके अलावा पूर्व डीजीपी वीके भंवरा और कुछ अन्य आइपीएस अधिकारियों ने भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन किया है। कम से कम दो साल के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाना प्रत्येक आइएएस अधिकारी के लिए जरूरी है ताकि आगामी पदोन्नति में कोई बाधा न हो।

कुछ अधिकारी ऐसे समय में भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाना पसंद करते हैं जब वे सेवारत राज्य सरकार के साथ अच्छे संबंध नहीं रखते हैं। क्या बाबुओं द्वारा पंजाब को छोड़ना इस मौजूदा भगदड़ का कारण है? नीति आयोग में कुछ अचानक बदलावः नीति आयोग के सीइओ परमेश्वरन अय्यर को पूर्व वाणिज्य सचिव बी.वी.आर. सुब्राह्मण्यम से बदलने की घोषणा से कई बाबू प्रवेक्षकों को आश्चर्य हुआ है। अय्यर को पिछले वर्ष जुलाई में इस पद पर नियुक्त किया गया था इसलिए महज 8 महीने के बाद अचानक उन्हें हटा देना मुश्किल है।

लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो जमीनी हकीकत को पढ़ने का दावा करते हैं। कुछ का मानना है कि अमिताभ कांत का कार्यकाल पूरा होने के बाद नीति आयोग के अंदर कुछ हद तक बेचैनी थी। जो भी हो, इस कदम के पीछे एक सम्मोहक कारण होना चाहिए। अय्यर अब 3 वर्ष की अवधि के लिए विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में वाशिंगटन डी.सी. में समय से पहले राजेश खुल्लर की जगह ले रहे हैं। जबकि कुछ का मानना है कि अय्यर अमरीका में स्थानांतरित होना चाहते थे।

वहीं, दूसरों का कहना है कि हरियाणा सरकार राज्य में खुल्लर की सेवाओं का उपयोग करने की इच्छुक थी। इस बीच बीआरवी के लिए केंद्र का फैसला एक स्पष्ट संकेत है कि पिछले साल जब वह सेवानिवृत्त होने वाले थे, तब उन्होंने इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गेनाइजेशन (आइटीपीओ) की कुर्सी ठुकरा दी थी। हालांकि पूरा प्रकरण इस विचार को रेखांकित करता है कि मोदी सरकार में एक पसंदीदा बाबू हमेशा एक पसंदीदा बाबू ही बना रहेगा और सरकार सही व्यक्ति को सही स्थान पर रखने के लिए जो भी आवश्यक समझे वह करेगी।

काफी संभावना है कि हम आने वाले दिनों और हफ्तों में इसी तरह की चालें देखेंगे। कृषि बाबू पीएम की किसान पहल की सफलता सुनिश्चित करते हैं : जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह के शुरू में पीएम किसान योजना के तहत आठ करोड़ से अधिक पात्र किसानों को 16,800 करोड़ रुपये के वित्तीय लाभ की 13वीं किस्त जारी की थी, जो अभी भी जारी है, जिसे सरकार द्वारा देश के प्रत्यक्ष समर्थन में एक प्रमुख बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

कृषि मंत्रालय ने यह सुनिश्चित किया है कि यह योजना जो फरवरी 2019 में शुरू की गयी थी, ने कोरोना महामारी के सबसे बुरे क्षणों में भी तीन करोड़ से अधिक लाभार्थियों को लाभ हस्तांतरित करने में सक्षम थी।

सूत्रों का कहना है कि मंत्रालय में बाबुओं, विशेष रूप से कृषि सचिव मनोज अहूजा किसानों को उनकी आय बढ़ाने और कृषि विकास में योगदान देने के लिए महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करने में काफी हद तक सफल रहे हैं।

किसान केंद्रित डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण विशेष महत्व का है जिसने बिचौलियों की भागीदारी के बिना देश भर के सभी किसानों, मुख्य रूप से छोटे और सीमांत किसानों तक योजना का लाभ सुनिश्चित किया है। कृषि मंत्रालय के बाबुओं को इसकी सफलता का श्रेय दिया जाना चाहिए।

## जमशेदपुर की खबरें

# झामुमो संपर्क कार्यालय में होली मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संपर्क कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को झामुमो नेता प्रमोद लाल के नेतृत में आयोजित होली मिलन समारोह के भजन संध्या में जिला समिति के सैकड़ो झामुमो नेता शामिल हुए। मौके पर सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर झारखंड वासियों को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर होली के गीत में सभी झूमते गाते नजर आए। झामुमो नेता प्रमोद लाल ने बताया होली हिंदुओं का सबसे बड़ा पर्व है। होलिका दहन के बाद पर्व मनाया जाता है। होली में एक दूसरे को अबीर लगाकर गले मिलते है। घरों में व्यंजन भोजन का आनंद उठाते हैं। सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के साकची स्थित संपर्क कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में भजन मंडली के द्वारा होली के गीत प्रस्तुत की गई। मौके पर झामुमो कार्यकताओं ने होली के गीत का जमकर आनंद उठाया। उन्होंने होली के पूर्व जमशेदपुर समेत झारखंड वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। साथ ही शहर वासियों को शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील की।

मौके पर झामुमो नेताओं ने पुआ पूरी का आनंद उठाया। इस अवसर पर प्रमोद लाल, बीर सिंह सुरेन,अजय रजक, बिनोद डे, कालू गोराई, राज लकड़ा, शैलेंद्र मेथी, राजा सिंह, मान सिंह बेसरा, अरबिंद कुमार, लड्डू सिंह, नीता सरकार, झरना पाल, रजनी दास, बाली मार्डी, सबिता दास, रीता शर्मा, दुर्गा बोईपाई, सबिता सिंह, समर अंसारी, अरुण प्रसाद, रानू मंडल, हरदेव सिंह, प्रीतम हेम्ब्राम, उमा नाथ झा, राज कुमार सिंह, अनिता देवी, सूर्य नारायण यादव, राजन कुमार, सूरज गौड़ और पिंटू लाल सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# आरके सिंह फेंस क्लब का होली मिलन समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आरके सिंह फेंस क्लब के द्वारा टेल्को फूड प्लाजा में होली मिलन समारोह का आयोजन कि या गया। होली मिलन समारोह में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महा मंत्री आर के सिंह, यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, हेड एचआर सौमीक राय सहित आजसु के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिह,समाज सेवी शिव शंकर सिह,भाजपा के ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद शामिल हुए। मौके पर सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर होली के गीत का सभी ने आनंद उठाया। होली मिलन समारोह के दौरान यूनियन व कंपनी के सैकड़ों कर्मचारी शामिल होकर होली मिलन समारोह में एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी।

## पोटका के महिमा आश्रम में आयोजित यज्ञ के दौरान शामिल हुए विधायक संजीव सरदार



**पोटका (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र के महिमा आश्रम में यज्ञ का आयोजन किया गया। सोमवार को पोडाडीहा पंचायत के मगलासाई ग्राम में आयोजित यज्ञ अनुष्ठान में क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर विधायक ने माथा टेक कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने बताया पोटका विधानसभा क्षेत्र के महिमा आश्रम में क्षेत्रवासियों के परिवार में सुख शांति व समृद्धि के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। मौके पर ग्रामीणों के संग पूजा अर्चना कर भगवान से सभी के परिवार में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की गयी। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी नेता सुनील महतो, 20 सूत्री सदस्य सह पूर्व जिला परिषद चंद्रावती महतो सहित झामुमो नेता व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दोमुहानी में आदिवासी व संथाल समाज के द्वारा बाहा बोंगा पर्व का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सोनारी दोमुहानी के सरजोमहातु जाहिरा स्थान में आदिवासी संथाल समाज के द्वारा बाहा बोंगा पर्व बड़ी ही धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि झामुमो नेता सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, विशिष्ट अतिथि झामुमो के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो उपस्थित हुए। मौके पर समाज के लोगों द्वारा अतिथियों को ढोल नगाड़ा के साथ सम्मानित किया। इस अवसर पर झामुमो नेता गोपाल महतो ने बताया बाहा बोंगा पर्व में प्रकृति की पूजा की जाती है। इस अवसर पर ईस्ट देवता से अच्छी फसल के साथ साथ समाज एवं देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनारी बाहा बोंगा समिति के अध्यक्ष बाबू माझी, महासचिव धनाई मुर्मू के साथ समिति के सभी सदस्यों ने अहम भूमिका निभायी। इस अवसर पर रोकी सिंह,चंदन महतो,संतोष,गुरु महतो, बासू कर्मकार,आजाद कर्मकार के साथ समाज के लोग उपस्थित रहे।

# जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में सड़क व पुलिया निर्माण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य तेजी से बढ़ रहा है। रविवार को सरजमदा में विधायक निधि से निर्मित होने वाले सड़क व नाली का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। ग्रामीणों के द्वारा माला पहनाकर विधायक का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी द्वारा सरजमदा बाँधटोला से बड़ा तालाब तक सड़क मरम्मतीकरण कार्य व सरजमदा गुरुद्वारा से जांबिनगर तक सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। मौके पर ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट की। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के हर क्षेत में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना ही मुख्य लक्ष्य है। राज्य में हेमंत सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। उन्होंने कहा क्षेत्र का विकास करना ही मूल लक्ष्य है। ग्रामीणों को सरकारी सुविधा का लाभ मिल सके। इस अवसर पर झामुमो के नेता मिथुन चक्रवर्ती, समाजसेवी जितेन्द्र सिंह, मुखिया नागी मुर्मू , कार्तिक मछुआ, राकेश चक्रवर्ती, नितिन हासदा, अजित महतो, विमल पाल, जगप्रीत सिंह जग्गा, अविनाश उपाध्याय, मनतोष कुमार, ज्ञान राज सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# बंगाली समुदाय से जुड़े 84 बैच के विद्यार्थियों का तृतीय वार्षिक मिलन समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनागरी जमशेदपुर के विभिन्न स्कूलों से पास आउट बंगाली समुदाय से जुड़े 84 बेच के विद्यार्थियों का पहचान देश भर में एकजुटता के प्रतीक है। रविवार को सहपाठी ग्रुप के तीसरी वर्षगांठ पर जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित मिलोनी हॉल में मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में झारखंड सहित विभिन्न राज्य से आये लगभग 200 से ज्यादा बंगाली समुदाय से जुड़े 1984 बेच के पूर्व विद्यार्थियों ने एकत्रित होकर जमकर आनंद उठाया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत से किया गया। मौके पर इंटरनेशल नित्य कला आर्टिस्ट नीता चौधरी के द्वारा नित्य प्रस्तुत किया गया। वही दुगार्पुर से झुम्पाली,कलकत्ता से सोमनाथ,मुम्बई से मीनाक्षी, कोलकाता से मौसूमी,जमशेदपुर से जोगा स्पेशलिस्ट लीना ने बंगला गीत प्रस्तुत की। बंगला कविता पाठ में सुनंदा, शुभंकर, इंद्रानी शामिल रहे। विविध संगीत अजय, सुबेन्दू, अपर्णा के द्वारा प्रसूत की गयी। कार्यक्रम के अंत में महिला और पुरुष विद्यार्थियों के बीच अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समापन के पूर्व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर होली के गीत पर विद्यार्थियों ने जमकर थिरके।

कार्यक्रम के संचालन कमल मंडल के द्वारा किया गया। मौके पर मिलोनो के सेकेटरी दीपंकर दत्ता,देबि गांगुली, तनुश्री राय, सोमा विश्वास, रत्ना चटर्जी, सुनोंदा राय, मेनुका भट्टाचार्या, अर्चना बनर्जी, इंदिरा राय, कुहेली सेन, मौसुमि बेनार्जी, जायता दत्ता, स्वाती राय, बरनाली चौधरी, मीनाक्षी बनर्जी, झुम्पाली बोस, शामोली मजूमदार, टिंकू आचार्य, तनुश्री, प्रताब, सुबेन्दू, अमित राय, शुभंकर,मानोस खासनोबिस, शुभमय, सुशांतो, अचिंतो शी, प्रसनजीत मुखर्जी, त्रिदेव बिस्वास के अलावा सैकड़ों पूर्व विद्यार्थी शामिल रहे।

## जश्न-ए-रंग में सराबोर हुआ श्री अग्रसेन स्कूल

# शिव तांडव ने मोहा मन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** श्री अग्रसेन स्कूल, पटेलनगर भुरकुंडा में सोमवार को होली महोत्सव जश्न-ए-रंग का आयोजन हुआ। महोत्सव का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने होलिका दहन के साथ किया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय ने होलिका दहन की परंपरा और इसमें निहित संदेश के बारे में जानकारी दी। होलिका दहन के बाद बच्चों ने शिव बारात झांकी निकाली। जिसमें देव-दानव, वानर-भालू, भूत-पिशाच, का रूप धरे बच्चे शामिल हुए। महोत्सव के दौरान कहीं हास्य-व्यंग्य की पाठशाला चल रही थी, तो कहीं शायरी की महफिल जमी थी। बच्चे लोटपोट हो रहे थे। विद्यार्थियों की अलग-अलग टोलियों मटकी फोड़ा। ढाल और लाठियों से खेली जानी वाली बरसाने की लट्ठमार ने रंग जमाया। महोत्सव का आकर्षण शिव तांडव नृत्य और पलाश फूलों की होली रही। इसके अलावा विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की होली की झांकी भी प्रस्तुत की। महोत्सव में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। एक दूसरे को होली की बधाई दी। महोत्सव के दौरान बच्चों और शिक्षकों ने विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया। बच्चों के बीच उपहार भी बांटा गया। शुभकामना संदेश देते हुए निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि हमारे पर्व-त्योहार प्रेम, एकता और सद्भावना के वाहक हैं। त्योहारों के संदेश पर अमल करके ही हम आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का ही त्योहार नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और सौहार्द का प्रतीक है। यह आत्मियता और सहभागिता का अनूठा पर्व है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है। हम सभी को होली के रंगों की तरह ही आपस में मिल जुलकर रहना चाहिए।

## एसवीएम पब्लिक स्कूल सुंदर नगर में लगी विज्ञान प्रदर्शनी, शहीद वीर जवानों को दी गयी श्रद्धांजलि



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एसबीएम पब्लिक स्कूल सुंदरनगर भुरकुंडा में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कारगिल योद्धा एचएन यादव, विशिष्ट अतिथि बासल थाना के एएसआई नरेंद्र प्रसाद सहित सम्मानित अतिथि सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, समाजसेवी विश्वरंजन सिन्हा व अनामिका श्रीवास्तव, शशि प्रसाद सिन्हा, हीरा शर्मा, गोस्वामी राम दत्त गिरी मुख्य रूप से उपस्थित थें। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन बासल थाना के एएसआई नरेंद्र प्रसाद ने फीता काटकर किया। इसके बाद कारगिल योद्धा एचएन यादव ने अमर जवान स्मारक स्थल में देश के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पण की। मौके पर प्रधानाध्यापक आरके शर्मा, सचिव इंदु शर्मा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए इंडिया गेट, सकुर्लेटर सिस्टम, जलवायु परिवत्रन, उपग्रह संचार मॉडल, जू मॉडल, स्मार्ट भिलेज, डे-नाइट प्रोजेक्ट वर्किंग आदि मॉडलो का अवलोकन कर छात्रों की खूब सराहना की। मौके पर अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। बच्चे देश के भविष्य हैं इसलिए इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मंच संचालन अविनाश कुमार पांडेय ने करते हुए विज्ञान एक वरदान है कि महता को बताया। मौके पर प्रबंधक सह समन्वयक गुरेंद्र सिंह, हेमंत कुमार वर्मा, सुनील कुमार वर्मा, नंदनी वर्मा, रितु कुमारी, मधु सागर, संध्या कुमारी, पलविंदर कौर, अलीला कुमारी आदि मौजूद थे।


## कार्यालय कृषि उत्पादन बाजार समिति, सिमडेगा

### आवश्यक सूचना

मुख्य बाजार प्रांगण सिमडेगा में गोदाम सं0– 03 का खण्ड भाग (1,433 वर्गफीट), गोदाम सं0– 04 का खण्ड भाग (6,195 वर्गफीट) एवं गोदाम सं0– 05 (10,586 वर्गफीट) रिक्त है। जिसे किराये पर दिया जाना है। पर्षद राँची द्वारा वर्त्तमान किराया दर 3.50 (तीन रूपया पचास पैसा) प्रति वर्गफीट निर्धारित है। पर्षद राँची एवं समिति द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार किराया पर लेने हेतु इच्छुक किसान/संस्था/सरकारी संस्था/व्यापारी/राष्ट्रीय कृषि बाजार में पंजीकृत व्यापारी कार्यलय से प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 18.03.2023 पाँच बजे अपराह्न तक है। कृशि उपज के व्यापार करने वाले किसानों/राश्ट्रीय कृषि बाजार में पंजीकृत व्यापारियों/पूर्व के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। पूर्ण गोदाम हेतु आवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में गोदाम सं0– 04 एवं गोदाम सं0– 05 को विभाजित कर उपलब्ध कराने हेतु विचार किया जायेगा। विशेश परिस्थिति में आवंटन को रद्द करने का अधिकार समिति को सुरक्षित होगा।

विशेष जानकारी हेतु कार्यालय कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/
पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति, सिमडेगा

ह0/
अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–
विशेष पदाधिकारी कृषि
उत्पादन बाजार समिति, सिमडेगा

PR 292099Agriculture(22-23)#D


## उमंग के साथ लोगों में नयी ऊर्जा का संचार भरते हैं पर्व-त्योहार : नेहा कुमारी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित सनराइज एकेडमी में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने कंप्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी उर्फ जूली व पल्लवी सिन्हा के साथ होली खेली। मौके पर शिक्षिका नेहा कुमारी ने कहा कि पर्व-त्योहार उमंग के साथ लोगों में नये उर्जा का संचार भरते हैं। वहीं शिक्षिका पल्लवी सिन्हा ने कहा कि पर्व-त्योहार उमंग के साथ लोगों में नये उर्जा का संचार भरने का कार्य करता है। मौके पर शिक्षक रजनीश प्रसाद, कमलेश मेहता, अजीत पासवान, आर्यन आदव, सोनू, अंजली कुशवाहा, अंजली लहेरी, निधि, नूरजहां, नेहा, समीना खातुन, इतिशा, मोनिका, दीपक, सिमरन, रेश्मी, संध्या, तनुजा कौर, कोमल, ज्योति, संध्या, रानी, निशा, प्रीति, अंशु, प्रभा, मुनमुन, मोनिका, छोटेलाल, मोहन, मुस्कान, अन्नु, स्वीटी, अनामिका, राखी, नरगिश बानो थीं।

## भुरकुंडा ओपी व बासल थाना में शांति समिति की हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** होली पर्व व शब-ए-बारात को ले भुरकुंडा ओपी और बासल थाना में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली पर्व आपसी भाईचारगी व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। भुरकुंडा ओपी में बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी अमित कुमार ने करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। इसे मिल-जुलकर मनाएं। दोनों लगहों पर बैठक में उपस्थित लोगों से किसी भी तरह के अफवाहों बचने व अप्रिय घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की गयी।

मौके पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, एसआई कुंदन कुमार राव, एसआई मयंक प्रसाद, एसआई अक्षय कुमार, एसआई राजदीप कुमार, एसआई रामसरिख तिवारी, सामंत कुमार दास, रामप्रवेश शर्मा, वीरेंद्र ओझा, चमन लाल, संजय मिश्रा, मुकेश राउत, जानकी ठाकुर, डब्लू पांडे, दशरथ कुर्मी, जगतार सिंह, संजय मिश्रा, संजय वर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

वहीं बासल थाना में बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमर शुक्ला ने करते हुए कहा कि पर्व के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जाएगी। इस दौरान हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बासल थाना की बैठक में एएसआई नरेंद्र प्रसाद, मुखिया विजय मुंडा व मुखिया संदीप उरांव, समाजसेवी नंदकिशोर मुडा, सुखलाल बेदिया, मो. क्युम अंसारी, विनोद कुमार, राजकुमार मुंडा, चरेंद्र बेदिया, राजकुमार ठाकुर, डोमन महतो, रतन प्रसाद बासुदेव महतो, राम नरेश महतो सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## राज्य सरकार के इशारे पर दोरंगी नीति अपना रहा रामगढ़ प्रशासन: दिलीप दांगी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने जिला प्रशासन के कार्यशैली पर सवाल उठाया है। सोमवार को जारी अपने बयान में दिलीप दांगी ने कहा कि रामगढ़ जिला प्रशासन दोरंगी नीति अपना रही है। उप चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें जोर आजमा रहे सभी प्रत्याशियों को प्रशासन ने सुरक्षा मुहैया करवाया था, लेकिन यह सुविधा एनडीए की महिला प्रत्याशी सुनीता चौधरी को नहीं उपलब्ध करवाया गया। यही नहीं, अब वो रामगढ़ विधानसभा का उप चुनाव जीत कर विधायक बन गई हैं, इसके बावजूद प्रशासन ने उनकी सुरक्षा के लिए कोई पहल नहीं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। दिलीप दांगी ने कहा कि यह सब राज्य सरकार के इशारे पर हो रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी और जिप उपाध्यक्ष रीता देवी को भी अब तक सुरक्षा व्यवस्था नहीं करवाया जाना, सरकार की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी भी इस व्यवस्था का दंश झेल रहे हैं। दिलीप दांगी ने कहा कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ भेदभाव का यह खेल पूरा जिला देख रहा है। आने वाले चुनाव में आम आवाम इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। दिलीप दांगी ने कहा कि यदि जिला प्रशासन ने जल्द विधायक सुनीता चौधरी के साथ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी और रोशनलाल चौधरी को सुरक्षा मुहैया नहीं करवाया तो आजसू इन सारे तथ्यों को लेकर जनता की अदालत में ले जायेंगे।


### Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
### Municipal Corporation, Hazaribag

**e- Procurement (Short Notice Inviting Tender)**

**Reference No. - UDD/HMC/HZB/40/2022-23**

1. Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Shop in Matwari Gandhi Maidan in Ward No. 12 under Municipal Corporation, Hazaribag | 18,93,100/- | 38,000/- | 5,000/- | 03 Month (90 days) |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on website | **09.03.2023 at 11:00 A.M.** |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | **17.03.2023 up to 2:00 P.M.** |
| 4 | Hardcopy Submission date | **18.03.2023 up to 2:00 P.M.** |
| 5 | Bid Opening date | **18.03.2023 at 02:00 P.M.** |
| 6 | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag. |
| 7 | Contact No. of Procurement officer | 9431797115 |

**NOTE:**
- Only e-Tenders will be accepted.
- No Hard Copy will be accepted after 18-03-2023 up to 2.00 PM.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

PR 292089 Urban Development and Housing (22-23)_D

**Sd/- Executive Engineer**
**Municipal Corporation, Hazaribag**


## जेएसपी पतरातू में मना 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस, सुरक्षा की ली गयी शपथ




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी पतरातू में सोमवार को 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने सुरक्षा ध्वजारोहण करके किया। मौके पर रमेश कुमार अजमेरिया ने कहा कि अधिकारी हो या कर्मचारी सभी को सुरक्षा का अनुपालन के प्रति दृढ़ संकल्पित रहना पड़ेगा। सुरक्षा के क्षेत्र में अच्छे कार्य के लिए हरेक सफल विजेताओं की प्लॉट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने उपहार देकर सम्मानित किया। अंत में सभी कर्मचारियों ने हर समय कार्य को सुरक्षित रूप से निष्पादित करने के लिए सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन सुरक्षा विभाग जेएसपीएल ने किया।


## कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बरही, हजारीबाग

### -: अति अल्पकालीन निविदा सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी मद अन्तर्गत हजारीबाग जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभन्न स्थानों में Solar Energized Street Light System अधिष्ठापन का कार्य किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/Solar Energized Street Light System के अधिकृत विक्रेता/निर्माता/Solar Energized Street Light System सामग्रियों के अधिकृत निबंधित आपूर्तिकर्ता से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.inपर देखा जा सकता है।

1. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 15/03/2023 समय 12.30 अपराहन् तक।
2. निविदा जमा करने का स्थान :– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यालय, बरही, ह0बाग।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 15/03/2023 समय 2.30 अपराहन्।
4. निविदा खोलने का स्थान :– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यालय, बरही, ह0बाग।

ह0/–
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बरही

PR 292028 Rural Development (22-23)_D



## Office of the Deputy Commissioner–Cum–District Magistrate, Ramgarh
### (District Development Section)
1st Floor, Block "B", Collectorate Ramgarh, Chatarmandu, Ramgarh- 825101, Jharkhand

**NOTICE INVITING FOR TENDER**

**Selection of Consultancy services/Agencies for supply & installation of Open Gym in various locations of Ramgarh district, Jharkhand**

Tender No: 07/**2022-23** Ramgarh, Dated: 04/03//2023

The District Administration Ramgarh invites tender from eligible bidders for **Selection of Consultancy services/Agencies for supply & installation of Open Gym in various locations of Ramgarh district,**

The document can be downloaded from the website: http://ramgarh.nic.in. Response to this tender shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications.

The bids are to be submitted by post (Registered/ Speed) or by hand as per the format specified in this tender, at the following address latest by 01**:00 PM on 16/03/2023**.

**Address for communication & Submission of documents**

**District Development Section**, "B" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101, Email: dporamgarh@gmail.com

The tender would be opened in office of the Deputy Commissioner (DC) Office, "A Block", 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chattarmandu, Ramgarh, 825101 on **17/03/2023 at 03:00 PM** in the presence of bidders who choose to be present and supporting documents are in order.

ह0/–
उप विकास आयुक्त, रामगढ़।

PR.NO.292015 District(22-23)D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची

### अति–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – 07/2022-23

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची
2. निविदा विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची
3. परिमाण विपत्र विक्री की अन्तिम तिथि:– 13.03.2023 कार्य अवधि (5 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 14.03.2023, 3 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15.03.2023, 4 बजे अपराह्न को।
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची। :– 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल,राँची।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।
8. निविदा का विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र की राशि (रु0 में) | कार्य समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | Group A | | | | |
| 01. | Supplying, Installation, Commissioning & Testing of outdoor type 630 KVA co pper wound distribution Transformer and other allied materials which are essential for Smart City Water Supply Pumping Plant, Hatia | 3946338.00 | 79000.00 | 5000.00 | 45 days |

नोटः– (i) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(ii) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकी बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।

PR 292117 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)


## परीक्षा को लेकर डीसी ने की केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर केन्द्राधीक्षकों के साथ बैठक की गयी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि इस वर्ष 2023 में मैट्रिक परीक्षा में कुल 16440 परीक्षार्थी व इंटरमीडिएट की परीक्षा में 10712 परीक्षार्थी के शामिल होने की बात कही गई। उन्होने बताया कि मैट्रिक की परीक्षा के लिए जिले में 38 परीक्षा केंद्र बनाये गए है तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 24 परीक्षा केंद्र बनाने की जानकारी बैठक में दी गयी।

उपायुक्त ने आगामी होने वाली मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए की जा रही तैयारी की विस्तृत जानकारी लिया। साथ ही उन्होने परीक्षा पत्र, एडमिट कार्ड समेत अन्य सभी तैयारियों को तय समय सीमा के अंदर पूर्ण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कदाचार मुक्त परीक्षा हेतु उन्होने सभी उपस्थित केन्द्राधीक्षकों को निर्देशित किया कि हर संभव प्रयास किया जाय कि परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण हो। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र एवं सभी केन्द्राधीक्षक उपस्थित थे।

### मध्याह्न भोजन की हो समय पर मॉनीटरिंग

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग - सह-मॉनीटरिंग कमिटी की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा राज्य मध्याहन भोजन की स्तिथि की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाय की मध्याहन भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का ध्यान हमेशा रखा जाए। किसी भी प्रकार का खाद्य पदार्थ जो कि विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के बीच वितरण किया जाता है उसके गुणवत्ता की जांच हमेशा की जाए। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में जंगल झाड़ी की साफ सफाई, स्टोर रूम और भोजन बनने वाले स्थान को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अति दुर्गम क्षेत्र में अवस्थित कतिपय विद्यालय तक चावल उपलब्ध कराने में विलम्ब न हो इसे लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में सीविल सर्जन डॉ श्यामनन्दन सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

### ई० प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

**T. Reference No. :- DWSD/KH-14(CLUS/SVS)/2022-23 (4th Call), Date 06.03.2023**

| Sl. No. | Name of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A) | **Construction of Solar based Mini Pipe Water Supply Scheme (SVS) in different Block comprising of suitable R.C.C./Framed Structure ESR distribution line sources (as required) and FHTC all complete job in the different blocks of District- Khunti under D.W. & S. Division, Khunti.** | | | | | |
| | **Cluster Name** | **Block** | **Estimated Cost (Lakh)** | **Bid Security (Lakh)** | **Cost of BOQ (Rs)** | **Time of Completion** |
| 1 | **19** | **Rania** | 580.24 | 5.81 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |

| | | |
|---|---|---|
| B) | Date of Tender Uploading on Website | 10.03.2023/05.00 PM |
| C) | Bid Submission Start Date | 10.03.2023/05.00 PM |
| D) | Bid Submission End Date | 17.03.2023/05.00 PM |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 18.03.2023/05.00 PM |
| F) | Date of Opening of Tender | 20.03.2023/11.00 AM |
| G) | Name & Address of Office Inviting Tend er | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. |
| H) | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. |
| I) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 |
| J) | Helpline No. of e-procurement cell | 06528-299928, Mo. No.- 7717776462 |

**नोटः–** निविदा की राशि घट/बढ़ सकती है एवं विशेष जानकारी के लिये वेबसाईटः– http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR.NO.292122 Drinking Water and Sanitation(22-23):D



## जिला खनन कार्यालय, लातेहार।
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

### -:: आम सूचना ::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशानुसार, लातेहार जिलान्तर्गत कोयला खनिज के अवैध परिवहन/भण्डारण संबंधी मामलें में बालूमाथ थाना काण्ड संख्या–50, दिनांक–13.03.2021 में जप्त वाहनों का "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के नियम 11(V) के तहत् राजसात/नीलामी की कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार में दायर राजसात वाद, वाद संख्या–16/2021 में पारित आदेश के आलोक में निम्नांकित राजसात वाहनों का आम नीलामी दिनांक–18.03.2023 को समय 01:00 बजे अपराहन् में उपायुक्त, लातेहार द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष, अपर समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत् निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा।

नीलामी हेतु निम्न सूचीबद्ध वाहनों के वाहन मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय द्वारा पारित राजसात आदेश के विरूद्ध वाहन मालिक द्वारा यदि किसी अपीलीय न्यायालय में अपील दायर किया गया हो अथवा वाहन के नीलामी से आपत्ति हो तो दिनांक–17.03.2023 तक इसकी लिखित सूचना उक्त न्यायालय या जिला खनन कार्यालय, लातेहार में दें, जिससे कि वाहन की नीलामी नहीं की जा सके।

जप्त राजसात वाहनों का विवरणी निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | वाहन निबंधन संख्या एवं इंजन संख्या | मेक, मॉडल एवं निर्माण वर्ष | सुरक्षित जमा राषि | सुरक्षित जमा राषि का 10 % प्रतिभूति/अग्रधन राषि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Registration No. - JH19B-2577, Eng.No- B5.9180325G1K23639 | TATA MOTORS LTD. MODEL-TRUCK, M.Year. - 2017 | वाहन का अनुमानित न्यूनतम बाजार/ बिक्री मूल्य – = **15,50,000.00** रूपया (पन्द्रह लाख पच्चास हजार) रूपया मात्र। | **1,55,000.00** (एक लाख पचपन हजार) रूपया। |
| 2. | Registration No. - JH01BA-9784 Eng.No- B591803231D 63322355 | TATA MOTORS LTD. MODEL-TRUCK, M.Year. - 2013 | वाहन का अनुमानित न्यूनतम बाजार/बिक्री मूल्य – = **8,50,000.00** रूपया (आठ लाख पच्चास हजार) रूपया मात्र। | **85,000.00** (पचासी हजार) रूपया। |
| 3. | Registration No. - BR02GB-9140, Eng.No- 84520710 | JCB INDIA LTD. MODEL-LOADING SHOVEL, M. Year. - 2020 | वाहन क ा अनुमानित न्यूनतम बाजार/बिक्री मूल्य – = **32,50,000.00** रूपया (बतीस लाख पच्चास हजार) रूपया मात्र। | **3,25,000.00** (तीन लाख पच्चीस हजार) रूपया। |

उपरोक्त जप्त राजसात वाहन, बालूमाथ थानान्तर्गत जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर नीलामी/बिक्री हेतु निविदा आंमत्रित की जा रही है। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी में देय होगा, इसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त आदि के जानकारी के लिए लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 292070 (Mines and Geology) 22-23 (D)

कार्यक्रम : मंत्री ने किया 59.5 करोड़ की लागत से बननेवाली सड़क का शिलान्यास, कहा

# विरोधी जितना भी अड़ंगा लगायेंगे विकास कार्य उतनी ही तेजी से होगा

आलोचना और आरोप से नहीं डरता, जनता का सेवक हूं, जनता से डरता हूं : मिथिलेश ठाकुर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने करीब साढ़े 59 करोड़ की लागत से बनने वाली हुर मोड़ से डालटनगंज सिवाना तक पथ का भूमि पूजन व शिलान्यास किया। सोमवार को मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर हुर मोड़ पर पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। जबकि गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री ने दीप जलाकर किया। 19 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर हुर मोड़ से डुमरिया एवं डंडा होते हुए डालटनगंज तक इस पथ का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के साथ पुनर्निर्माण कार्य किया जाएगा।

गोवावल उवि डुमरिया के मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह सड़क गोवावल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। काफी लंबे समय से गोवावल एवं डंडा के लोग इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। जो अब पूरा हो गया है। मंत्री ने कहा कि वे उद्घाटन और शिलान्यास में विश्वास नहीं करते बल्कि कार्य पूर्ण होने में विश्वास करते हैं। जितनी योजनाएं उन्होंने गढ़वा में लायी है यदि सभी का शिलान्यास और उद्घाटन करने लगें तो पूरा दो साल लग जाएगा। इस सड़क का निर्माण कार्य काफी तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज गढ़वा में चारों तरफ विकास ही विकास दिखाई दे रहा है। वे जो वादा किये थे उसे पूरा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि आज क्षेत्र में चारों ओर काफी तेजी से विकास हो रहा है। जिससे विरोधियों के कलेजे पर सांप लोट रहा है। वे लोग लगातार विकास कार्यों को बाधित कर रोकने का प्रयास कर रहे हैं। परंतु विरोधियों को बताना चाहूंगा कि वे जितना भी कार्य रोकेंगे, विकास कार्य और तेजी से आगे बढ़ेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे आलोचना और आरोप से नहीं डरते हैं। वे जनता की सेवक हैं और जनता के बीच रहते हैं। सिर्फ जनता से ही डरते हैं। चाहे कोई कितना भी साजिश कर ले उन्हें सुई की नोंक भर भी फर्क नहीं पड़ता है। जिला परिषद सदस्य अमृतांजली देवी ने कहा कि गढ़वा में मंत्री श्री ठाकुर के नेतृत्व में ऐतिहासिक विकास हो रहा है। मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, पूर्व जिप उपाध्यक्ष रेखा चौबे, ताहिर अंसारी, विनोद चंद्रवंशी, डा. रमेश चंचल, पारस तिवारी, दुर्योधन तिवारी, कपिलदेव तिवारी आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया। मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी राजेश राय, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, परेश तिवारी, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, अरूण दुबे, मुखिया बसंत चौबे, नारद तिवारी, बुद्धिनारायण तिवारी, धीरेंद्र चौबे, अजय उपाध्याय, फुजैल अहमद, अनु दुबे, चुनमुन दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गढ़वा जिला प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह सह वार्षिक आम सभा आयोजित

सांस्कृतिक कार्यक्रम के सत्र में पत्रकारों ने होली गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने को विवश कर दिया





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह सह वार्षिक आम सभा का आयोजन शहर के दानरो नदी किनारे स्थित मेलोडी मंडप परिसर में किया गया। दो सत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले सत्र में बदलते परिवेश में पत्रकारों की जवाबदेही विषय पर गोष्ठी का आयोजन वहीं दूसरे व अंतिम सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में साख, पहचान व विश्वसनीयता बनाए रखना जरूरी है। वहीं संवादहीनता के कारण भी परेशानी होती है। बदलते समय में सोशल मीडिया बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार को सतर्क रहते हुए अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना आवश्यक है। पूर्व की पत्रकारिता व अब के पत्रकारिता में काफी अंतर हो गया है। ओम प्रकाश पाठक ने कहा कि समय के साथ सभी क्षेत्रों में बदलाव हुई है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी है। मीडियाकर्मियों को चीजों की जितनी जानकारी होगी। उतनी वे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। विनोद पाठक ने विस्तार से बताते हुए कहा कि एक पत्रकार को पत्रकारिता के बारे में अच्छी से जानकारी होनी चाहिए। परिवर्तन प्रकृति का नियम है, इसके अनुरूप खुद को ढालना होगा। कार्य करने के साथ-साथ अनुशासन का भी परिचय देना होगा। संगठन से जुड़कर सीखने की प्रकृति को विकसित करना होगा। कार्य करने के प्रति जुनून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रेस/मीडिया का स्वरूप बदल सकता है अहमियत कभी समाप्त नहीं होगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के सत्र में पत्रकार कमलेश सिन्हा, विजय प्रताप देव, आदि ने आज ना छोड़ेंगे तुम्हें हम जोली खेलेंगे हम होली, रंग बरसे भींगे चुनरवाली रंग बरसेङ्ग, जोगी जी नींद न आवे जोगी जी वाह जोगी जी वाह, राम जी खेले ले अवध में होली आदि गीत प्रस्तुत किया। वहीं संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी के निर्देशन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों और संगीत से जुड़े शहर के कई कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। उपस्थित प्रेस क्लब के साथियों ने इस दौरान एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधााई व शुभकानाएं दी। इस दौरान क्लब के सदस्यों के बीच आई कार्ड का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्लब के महासचिव कमलेश कुमार सिन्हा ने और धन्यवाद ज्ञापन महेंद्र ओझा ने किया।

मौके पर नित्यानंद दुबे, अंजनी उपाध्याय, रजनीश मंगलम, दिनेश पांडेय, पीयूष तिवारी, प्रताप तिवारी, आशुतोष सिन्हा, श्रीकांत चौबे, नवनीत शुक्ल, पंकज सोनी, गौरव पांडेय, शिव कुमार राम, मनीष कुमार, राज सिंह, दीपक कुमार, सोनू कुमार, विकास कुमार , राजकमल तिवारी, राजू सिंह, प्रशांत सहाय, रवि कुमार मेहता, अमित कुमार, सुनील कुमार यादव, शिव कुमार रवि सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये पत्रकार मौजूद थे।

# गोवावल में 50 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया के मैदान में सोमवार को आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में 50 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में हो रहे विकास कार्य एवं झारखंड की हेमंत सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। झामुमो परिवार बड़ा हो रहा है। पार्टी में सभी का दिल से स्वागत है।

मंत्री ने कहा कि झामुमो परिवार के सभी लोग आम जनता का ख्याल रखें। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी लोगों को दें। साथ ही इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके, यह सुनिश्चित करें।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से ओमकार तिवारी, संजय तिवारी, अनुपम मिश्रा, विकास साव, अविनाश पांडेय, शैलेंद्र पांडेय, संजय रजक, धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार, अविनाश शुक्ला, राकेश तिवारी, लव तिवारी, कुश तिवारी, सुमित मिश्रा, अमित कुमार उपाध्याय, आलोक तिवारी, मनोज तिवारी, अरूण तिवारी, पंकज पांडेय आदि सहित 50 से अधिक लोगों के नाम शामिल हैं।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, रेखा चौबे, ताहिर अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड कांग्रेस ने किया 'भ्रष्टाचार बचाये सरकार' कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन



**रमना (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में 'भ्रष्टाचार बचाये सरकार' कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक के समीप किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी ने कहा कि आज केंद्र की भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबानी और अडानी की गोद में बैठकर काम कर रही है। इसे कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। आज देश के गरीब असहाय लोग मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे हैं। कहा कि भाजपा सरकार देश को चलाने में नाकाम साबित हुई है जिसका करारा जबाब मिलेगा। कहा कि जनता अब जाग गयी है। आने वाले दिनों में भाजपा का पूरे देश में सफाया होगी एवं कांग्रेस का केंद्र में सरकार बनेगी। मौके पर हक्कीमुदीन अंसारी, अमीनुद्दीन अंसारी, कलीमुद्दीन अंसारी, सेराज अंसारी, जमीलुद्दीन अंसारी, उदय प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

# आम आदमी पार्टी नेता ने एसडीओ को आवेदन देकर सड़क निर्माण में अनियमितता का लगाया आरोप



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** आम आदमी पार्टी के नेता सत्य प्रकाश पांडेय उर्फ मंटू पांडेय ने अनुमण्डल पदाधिकारी को आवेदन देकर धुरकी मोड़ एनएच 75 से धुरकी अम्बाखोरेया तक हो रहे सड़क निर्माण में काफी अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि सड़क पर पानी छिड़काव नहीं होने के कारण उड़ते धूल से चलने वाले राहगीरों, विद्यालय जाने वाले बच्चों व अन्य लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में श्री पांडेय ने कहा है कि चार दिन पूर्व मंगरदह ग्राम के ग्रामीणों ने सांकेतिक रूप से सड़क जाम कर विरोध दर्ज कराया था। थाना प्रभारी व संवेदक के प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि पानी का छिड़काव लगातार कराया जायेगा, लेकिन आज तक पानी का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा है कि एसडीओ ने स्वयं वस्तुस्थिति का जायजा लेने का आश्वासन दिया है।

# सहस्त्राब्दि जयंती स्मृति महोत्सव की तैयारी को लेकर लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति पाल्हे जतपुरा के पदाधिकारियों की एक बैठक सोमवार को समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में श्री रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दि जयंती स्मृति महोत्सव सह चातुर्मास्य व्रत एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारी को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। समिति के मीडिया प्रभारी रजनीश कुमार मंगलम ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में महायज्ञ की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं आगे की रणनीति तैयार की गई।

महायज्ञ के निमित्त धन संग्रह के लिए सर्वसम्मति से सदस्यों का नाम नामित किया गया। चातुर्मास्य व्रत सह महायज्ञ के लिए प्रस्तावित स्थल पर अभी से ही साफ-सफाई प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद चौबे ने कहा कि चातुर्मास्य व्रत एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समय निकट आ गया है। इस निमित्त धन संग्रह के लिए सदस्यों का नाम नामित किया गया है। उन्होंने लोगों से महायज्ञ की सफलता के लिए तन मन और धन से सहयोग करने व प्रस्तावित स्थल को स्वच्छ रखने की अपील की।

बैठक में यज्ञ समिति के संरक्षक शंभूनाथ शुक्ला, उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ल, शैलेश कुमार चौबे, मथुरा पासवान, बच्चा महतो, मनोज कुमार राम, अमरेश गुप्ता, सचिव अनीश कुमार शुक्ल, कोषाध्यक्ष श्याम बिहारी शुक्ला, सह कोषाध्यक्ष शिवनारायण चौबे, प्रदीप कुमार शुक्ल, स्वागत समिति के सदस्य राजू सिंह, शिवकुमार पांडेय, उप सचिव कैप्टन सुनील चौबे, नवनीत कुमार शुक्ल, कमेश राम, हरिहर राम, विजय कुमार ठाकुर, उमेश महतो, मीडिया प्रभारी रजनीश कुमार मंगलम, राधेरमण चौबे, धर्मेंद्र चौबे, संयुक्त सचिव उमेश शुक्ल, राकेश चौबे, रोहित शुक्ल, लेखा प्रभारी धीरेंद्र चौबे, कार्यकारिणी सदस्य पीयूष शुक्ला, नितेश शुक्ला, शंभू राम, अजय ठाकुर, आशीष शुक्ल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# युवक ने ससुराल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**केतार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के परसोडीह गांव में एक युवक के अपने ससुराल में आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने ससुराल में हैदरनगर थाना क्षेत्र के राजनंधा गांव निवासी मिथलेश पासवान उम्र 35 वर्ष ने रविवार की रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मिथलेश पासवान अपनी पत्नी के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने तीन दिन पूर्व परसोडीह गांव में शिवनाथ पासवान के घर अपने ससुराल आया था। रविवार की शाम ससुराल के सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने बांसडीह गांव के बीघा टोला चले गये। इसी बीच रात्रि में मिथलेश पासवान ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब घर के लोग सोमवार की सुबह घर लौटे तो देखा कि मिथलेश का शव घर में फांसी के फंदा पर लटका हुआ है। परिजनों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीएसआई कृष्णा उरांव, एसआई उस्मान सेख ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।


## कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा

**आम सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि सुरक्षित जमा राशि के आलोक में जिला परिषद्, गढ़वा के अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों का वर्ष 2023–24 के लिए खुली डाक द्वारा दिनांक–20.03.2023 दिन–सोमवार को समय–11:00 बजे पूर्वाह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में बन्दोबस्ती की जायेगी।

जो व्यक्ति खुली डाक में भाग लेना चाहते हैं। वे निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा में जमानत की राशि जमा कर अपना नाम दर्ज करा लेंगे। डाक में उच्चतम बोली लगाने वाले डाक प्राप्तकर्त्ता को डाक के तुरंत बाद एक मुश्त डाक की राशि जमा कर देनी होगी एवं उन्हें नियमानुसार कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा में एकरारनामा करना होगा।

जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट बन्दोबस्ती की रकम पूर्व से बाकी होगी, उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा। डाक बोलने वाला व्यक्ति का आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति एवं एक वर्ष के अंदर का आचरण प्रमाण–पत्र तथा ऑन लाईन निर्गत स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र की प्रति जिला परिषद कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य है।

बिना कोई कारण बताये डाक को रद्द करने के लिए अधोहस्ताक्षरी सक्षम हैं।

बन्दोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। निम्न घाट सोन नदी पर स्थित है।

| क्र0 सं0 | घाट का नाम | नदी का नाम | प्रखण्ड का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि(15%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | हरिहरपुर | सोन नदी | काण्डी | 874000.00 | 131100.00 |
| 2. | पाचाडुमर घाट | सोन नदी | केतार | 201250.00 | 30188.00 |
| 3. | परती घाट | सोन नदी | केतार | 33063.00 | 4960.00 |
| 4. | खोखा | सोन नदी | खरौंधी | 46115.00 | 6918.00 |
| 5. | खैरवा (कधवन) | सोन नदी | केतार | 149500.00 | 22425.00 |
| 6. | सुण्डीपुर | सोन नदी | काण्डी | 81075.00 | 12162.00 |
| 7. | सोनपुरा घाट | सोन नदी | काण्डी | 70297.00 | 10545.00 |
| 8. | गाड़ा कला घाट | सोन नदी | काण्डी | 106925.00 | 16039.00 |

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गढ़वा

PR 291985 Rural Development (22-23)_D



## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

**।। आम डाक सूचना ।।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए नगर परिषद, क्षेत्रान्तर्गत सैरातों का बन्दोबस्ती दिनांक– 20.03.2023 को अपराह्न 11:00 बजे से कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में किया जाएगा। इच्छुक डाकवक्ता वित्तीय वर्ष– 2023–24 के डाक की शर्तो का अक्षरशः पालन करते हुए भाग ले सकते है।

**डाक की जाने वाले सैरातों की विवरणी निम्न प्रकार है:–**

| क्र0 | सैरातो का नाम | सरकारी डाक की राशि | डाक बोलने हेतु जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | बस स्टैण्ड (बस, टेम्पू एवं अन्य) । | 41,96,500.00 | 4,19,650.00 |
| 2 | बड़ा गुदरी अपर बाजार | 8,76,850.00 | 87,685.00 |
| 3 | पत्तराटोली स्थित गुदरी | 2,99,825.00 | 29,982.00 |
| 4 | मुविंग ठेला | 4,41,110.00 | 44,111.00 |
| 5 | होर्डिंग | 2,09,312.00 | 20,931.00 |

**डाक की मुख्य नियम एवं शर्तें:–**

1. इच्छुक डाकवक्ता आवेदन के साथ **(जिसमें पत्राचार का पता सुस्पष्ट लिखा हो)** आचरण प्रमाण पत्र (उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक)/ आवासीय प्रमाण पत्र दाखिल करने के पश्चात ही सैरात डाक में भाग ले सकते है।
2. सैरात डाक बोलने के पूर्व सरकारी सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के नाम से जमानत के रूप में राशि जमा करने एवं कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये स्वघोषणा–पत्र को भरकर समर्पित करने के पश्चात् डाक कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा।
3. सभी वांक्षित दस्तावेज/बैंक ड्राफ्ट आदि दिनांक–18.03.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक जमा करना अनिवार्य है। जांचोपरान्त सही पाये जाने वाले डाकवक्ता को ही डाक में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी।
4. बिना कारण बताए डाक को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
5. सैरात डाक प्राप्त करने/डाक मिल जाने एवं राशि जमा करने के पश्चात किसी भी हालत में राशि वापस नहीं की जायेगी।
6. कार्यादेश/एकरारनामा किये जाने वाले पदाधिकारी के आदेश/निर्देश का अक्षरशः पालन डाकवक्ता के द्वारा किया जाएगा। ससमय एकरारनामा नहीं करने पर जमा राशि स्वतः जब्त कर ली जायेगी एवं इच्छुक व्यक्ति के साथ उक्त सैरात की चुंगी वसूली हेतु एकरारनामा कर दिया जायेगा और राशि वापसी का कोई दावा–दावी मान्य नहीं होगा।
7. सैरात डाक की बोली लगाने हेतु केवल डाकवक्ता ही भाग ले सकेगें।
8. ऐसे डाकवक्ता जिन्होने पूर्व सैरात की बन्दोबस्ती बकाया राशि जमा नहीं किये हैं, वे सैरात की डाक बोली में भाग नहीं ले सकते, यदि उनके या उनके संबंधियों द्वारा धोखाधड़ी कर तथ्य छुपाकर भाग लिया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
9. **उच्चतम डाकवक्ता को बन्दोबस्ती की कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के पदनाम से डाक की राशि निम्न प्रकार देय होगा:–**
   **I. 10% डाक में भाग लेने हेतु जमानत की राशि (डी0डी0/बैंकर्स चेक के माध्यम से)**
   **II. 55% राशि आगामी तीन कार्य दिवस के अन्दर (डी0डी0/बैंकर्स चेक/Bearer चेक के माध्यम से)**
   **III. 35% राशि का Post Dated Cheque (डाक तिथि के एक माह के बाद का) जमा करना अनिवार्य होगा।**
   **ससमय डाक की राशि जमा नहीं करने पर 10 प्रतिशत अग्रधन की राशि जप्त कर ली जाएगी एवं इच्छुक अन्य डाकवक्ता के साथ एकरारनामा कर दिया जायेगा।**
10. कार्यालय परिसर/बाहर में केवल डाक में भाग लेने वाले डाकवक्ता ही मौजूद रहेंगे।

नोटः– सैरात डाक की विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय अवधि में कार्यालय नगर परिषद लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 292074Lohardaga(22-23)#D


# श्रीकृष्ण गौशाला कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण गौशाला परिसर में रविवार को श्री कृष्ण गौशाला कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने एवं संचालन सचिव रमेश कुमार दीपक ने किया। बैठक में कई विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। श्री कृष्ण गौशाला समिति, गढ़वा समाज के बीच जाकर लोगों को बतायेगी की श्री कृष्ण गौशाला की भूमि को अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। श्री कृष्ण गौशाला समिति की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष बातचीत तथा आवश्यक कार्रवाई समिति के सचिव रमेश कुमार दीपक करेंगे। चूंकि श्री कृष्ण गौशाला के स्थापना का एक सौ वर्ष पूरा हो चुका है, इस अवसर पर शताब्दी समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को समिति के सहयोग से 19.04.2023 रविवार को गौशाला परिसर में आयोजित होगा। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह सभी बैठकों तथा कार्यक्रमों की अध्यक्षता करेंगे। श्री कृष्ण गौशाला के नाम पर समानांतर संगठन श्री कृष्ण गौशाला समिति की अनुमति के बगैर चलाने की बैठक मे निंदा की गई तथा भविष्य में ऐसा करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी। गौशाला समिति, गढ़वा का निबंधन कराने का निर्णय लिया गया। श्री कृष्ण गौशाला कार्यकारिणी समिति की अगली बैठक 12.04.2023 को होगी। बैठक कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर प्रसाद जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हो गया।


## शपथ-पत्र

शपथ पत्र 53536 दिनांक 06.03.2023 के अनुसार, **मैं निर्मला देवी**, पति-अशोक कुमार साहु, साकिन भंडरा पोस्ट-भंडरा, थाना- भंडरा, जिला- लोहरदगा, झारखंड का स्थायी निवासी हूँ एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूँ।

1. यह कि मैं उपयुक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा नाम मैट्रीक के प्रमाण पत्र में निर्मला कुमारी दर्ज है।
3. यह कि शादी के बाद मेरा नाम निर्मला देवी हो गया है।
4. यह कि मैं नीलम देवी के नाम से वर्तमान में जानी जाती हूँ और भविष्य में भी मेरा यही नाम रहेगा।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र पासर्पोट बनाने हेतू संपादित कर रही हूँ।
6. यह कि उपर्युक्त बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।



## शपथपत्र

शपथ पत्र 53537 दिनांक 06.03.2023 के अनुसार, **मैं नीलम देवी,** पति आनन्द कुमार साहु, साकिन भंडरा पोस्ट -भंडरा, थाना-भंडरा, जिला -लोहरदगा, झारखंड का स्थायी निवासी हूँ, एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूँ-

1. यह कि मैं उपयुक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा नाम मैट्रीक के प्रमाण पत्र में नीलम कुमारी दर्ज है।
3. यह कि शादी के बाद मेरा नाम नीलम देवी हो गया है।
4. यह कि मैं नीलम देवी के नाम से वर्तमान में जानी जाती हूँ और भविष्य में भी मेरा यही नाम रहेगा।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र पासर्पोट बनाने हेतू संपादित कर रही हूँ।
6. यह कि उपर्युक्त बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

## होली मिलन समारोह का आयोजन, राबड़ी देवी के घर छापामारी की कड़ी आलोचना

# भाजपा और आरएसएस से रहें सावधान: राजद



राजद के होली मिलन समारोह में शामिल हुए वरिष्ठ नेता-कार्यकर्ता

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज राजद प्रखंड कमेटी की ओर से सोमवार को राधाकृष्ण मैदान में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें झारखंड-बिहार के कई बड़े नेता शामिल हुए। सभी ने होली की शुभकामनाएं देने के साथ ही भाजपा की जन विरोधी नितियों की जमकर आलोचना की। इससे पहले होली मिलन समारोह का उद्घाटन राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने अन्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से किया। जिसकी अध्यक्षता राजद प्रखण्ड अध्यक्ष महेन्द्र यादव और संचालन विकास यादव ने किया। अपने संबोधन में संजय सिंह यादव ने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी प्रेम और सौहार्द बनाए रखने का संदेश देता है। होली में सभी गिले सिकवे भूलकर दुश्मन को भी गले लगाना चाहिए। वहीं, राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, सांसद कामेश्वर बैठा, घुरन राम, नबीनगर के विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह और पूर्व विधायक ललन भुइयां ने केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की। कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री दिल्ली से भाषण करते हैं कि होली का पर्व आपसी प्रेम और सौहार्द बनाए रखने का संदेश देता है। वहीं दूसरी ओर जननेत्री राबड़ी देवी घर इस त्योहार में भी सीबीआई से छापामारी करायी जा रही है। यह कैसा सौहार्द है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव विपक्षी दलों को एक जुट करने में लगे हैं। इससे भाजपा और पीएम मोदी भयभीत हो उठे हैं कि कहीं 2024 में उनकी कुर्सी ना छिन जाए।

इसी कारण विपक्ष पर दबाव बनाने के लिए छापामारी कराई जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा और आरएसएस से सचेत रहने की जरूरत है। समारोह में यूपी के लोकप्रिय कलाकार विरहा गायक सम्राट विजयलाल यादव व गायिका रजनीगंधा ने टीम के साथ एक से बढ़कर एक होली गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर राजद के युवा नेता रवि कुमार यादव, हरिहरगंज जीप प्रतिनिधि राजेश राम, जीप सदस्य ददन पासवान, राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, अखिलेश विश्वकर्मा, मुखिया जितेंद्र पासवान, राजद छात्र जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी, मुखिया राजेंद्र यादव, दीपक कुमार यादव, समाजसेवी भोला गुप्ता, अशोक जयसवाल, महेंद्र यादव, छोटू यादव, उमाशंकर यादव, विनोद यादव, भोला यादव, अशोक यादव, संजय यादव ओमप्रकाश चंद्रवंशी, पांचू यादव, सत्येंद्र यादव, राजकमल तिवारी, सुरेंद्र राम, सूरज यादव, उमा यादव, दीपक कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

# होली एकता व भाईचारे का प्रतीक : कमलेश सिंह

## एनसीपी की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन, जमकर उड़े गुलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



होली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक कमलेश सिंह व अन्य।

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के तत्वावधान में सोमवार को हुसैनाबाद स्थित टाउन हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हुसैनाबाद-हरिहरगंज के विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह आदि शामिल हुए। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन से मुक्त भाई-चारे का संदेश देता है। हमें चाहिए कि सभी गिले-शिकवे भूल कर एक-दूसरे से गले मिलकर संवृद्ध विकसित शिक्षित हुसैनाबाद का निर्माण करें। वहीं, एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि होली एकता का प्रतीक है। जिस तरह सभी रंग मिलकर इंद्रधनुष की तरह खूबसूरत रंग में तब्दील हो जाते है, उसी तरह हम सभी मिलकर हुसैनाबाद-हरिहरगंज में एक नया सवेरा लाने का प्रयास करेंगे। इंटक के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम और भाईचारा का संदेश देता है। इस होली में सभी को खुशहाल और विकसित हुसैनाबाद के निर्माण का संकल्प लेने की जरूरत है। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें जाने माने व्यास रमाशंकर सिंह ने अपनी कला से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रखंड एवं जिला स्तरीय कार्यकर्ता के अलावा हजारों लोग उपस्थित थे।

## अडानी को लाभ पहुंचाना बंद करे मोदी सरकार : कांग्रेस



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के छतरपुर प्रखंड कांग्रेस की ओर से सोमवार को केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। मोदी सरकार के खिलाफ एलआइसी एवं एसबीआई बेचने का आरोप लगाया। इस अवसर पर पलामू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, मोहम्मद खालिद राजा भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मोहम्मद मुस्ताक अहमद उर्फ आलम ने किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह ने किया। अपने संबोधन में जिला सचिव सह उप प्रभारी खालिद राजा ने कहा कि एसबीआइ सिर्फ गरीबों के खाता में होल्डिंग लगाने में व्यस्त हैं। मुस्ताक अहमद ने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ अडानी को फायदा पहुंचा रही है। इस मौके पर विश्वनाथ चौधरी, जगरनाथ सिंह, सुरेंद्र यादव, राजन चंद्रवंशी, अजय प्रजापति, विष्णुदेव सिंह, नजरुल अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, गुलाम मुस्तफा, प्रदीप कुमार, सहाबुद्दीन अंसारी आदि मौजूद ।

## नीलकंठ सेवा समिति का होली मिलन समारोह आज

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर एक के नीलकंठ नगर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह का आयोजन निलकंठ सेवा समिति की ओर से किया गया है। इसकी जानकारी समिति के सदस्य रंजित कुमार चौबे ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में भोजपुरी के कई प्रसिद्ध ब्यास होली गीत गाने के लिए आ रहे है। श्री चौबे ने आम लोगों से समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।**

## सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए सेना सदैव तत्पर : आशीष

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सदैव तत्पर रहेगी। उक्त बातें पड़वा प्रखंड के ग्राम गोल्हना में प्राचीन शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समापन समारोह में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज ने कही। उन्होंने कहा कि युवा वाहिनी पलामू प्रमंडल में धार्मिक स्थलों के संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है इस क्रम में विभिन्न मंदिरों के गुंबदों का निर्माण युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वजन हिताय सर्वजन बहुजन सुखाय की बात सिर्फ सनातन संस्कृति ही करता है और राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सनातन संस्कृति को आगे रखकर कार्य करने में विश्वास करती है। इसके पूर्व प्राचीन शिव मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष रामकठीन तिवारी व उपाध्यक्ष राजकमल तिवारी द्वारा राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रदेश अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी), प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय व पलामू जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी का माल्यार्पण व गेरुआ अंगवस्त्र ओढाकर भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने द्वीप प्रज्जवलित कर भक्ति जागरण का विधिवत उद्घाटन किया। बताते चलें कि पड़वा प्रखंड के ग्राम गोल्हना में प्राचीन शिव मंदिर का जिर्णोद्धार कराते हुए पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ किया गया था। जिसका रविवार को समापन हो गया। आयोजन को सफल बनाने में रामकठीन तिवारी, राजकमल तिवारी, शशिकांत तिवारी, संतोष तिवारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## 'मौसम' के तत्वावधान में होली मिलन सह हास्य कवि-सम्मेलन का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। गणेशपुरी स्थित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल प्रांगण में सोमवार को साहित्य, कला एवं संस्कृति की प्रगतिशील संस्था मौसम के तत्वावधान में होली मिलन सह हास्य कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष विनोद सागर ने और मंच संचालन प्रो डॉ आलोक रंजन कुमार ने किया। अतिथियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अतिथियों ने कहा कि संस्था मौसम बड़े ही अनोखे ढंग से होली मिलन समारोह आयोजित करती है। इसके आयोजन से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।इस मौके पर श्रवण कुमार अग्रवाल, रामेश्वर राम, युवा समाजसेवी पवन कुमार चौधरी, मनोज प्रजापति, श्रवण अग्रवाल, वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, अखिलेश यादव, राजकुमार कश्यप, सुदर्शन प्रजापति, सीताराम प्रसाद, नितेश कुमार, राहुल कुमार, हिमांशु शेखर, धर्मेंद्र कुशवाह, राहुल कुमार, हेमंत कुमार, अनुराग कुमार उर्फ राहुल बाबू, पंकज कुमार गुप्ता, पवन कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, उदय, राजेश कर्ण, विनय कुमार सिंह, उत्तम कुमार आदि मौजूद थे।**

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के बेलचम्प व रेहला दोनों ही शाखा में रंगोंत्सव का आयोजित किया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें स्कूली छात्राओं ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक और बच्चों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली कि अग्रिम शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चो को मिठाई भी खिलाया गया। निदेशक अमित कुमार सिंह ने सभी शिक्षक और बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि होली बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। मौके पर प्राचार्य ओम प्रकाश मिश्रा, मनीष कुमार पांडेय,शैलेश चौबे, लतीफ अंसारी, प्रवीण प्रसाद आदि मौजूद थे।**

# बच्चों को ऐसी शिक्षा मिले कि वे स्टार्टअप शुरू कर सकें: मनोज कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**छतरपुर/पलामू।** जिले के छतरपुर नगर पंचायत के ई-वर्ल्ड एवं आदर्श कोचिंग सेंटर में विदाई सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ई-वर्ल्ड कोचिंग सेंटर में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार, युवा समाजसेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, संतोष गुप्ता, सुमन गुप्ता आदि शामिल हुए। एक ओर ई-वर्ल्ड कोचिंग सेंटर में 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई तो वहीं आदर्श कोचिंग सेंटर में 10वीं के छात्रों को विदाई दी गई। इसके साथ ही होली मिलन के कार्यक्रम का भी लोगों ने लुफ़्त उठाया। ईवर्ल्ड कोचिंग में स्थानीय कलाकारों ने होली के गीत गाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। ई वर्ल्ड कोचिंग सेंटर में पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि बच्चों को ऐसी शिक्षा मिले कि वे स्टार्टप शुरू कर पाएं और अपनी प्रतिभा से अपने अभिभावक और क्षेत्र का नाम रोशन करे। वहीं अरविंद गुप्ता ने कहा कि छात्रों की बुनियाद इतनी मजबूत होनी चाहिए कि उस पर उनके करियर की मजबूत इमारत खड़ी हो सके। अपनी कमजोरियों को वे अपनी ताकत बनाएं और जीवन में कुछ कर के दिखाएं, ताकि लोग उनपर नाज करें। कोचिंग के संचालक आलोक मिश्रा ने कहा कि छात्र अपने दृढ़ इच्छाशक्ति और संघर्ष से कुछ भी हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर सैकड़ों छात्र सहित स्थानीय लोक कलाकार रंजन, धमेंद्र उजाला, नीतू गुप्ता, मुकेश माही ने बेहतरीन गीत संगीत पेश किया। ई वर्ल्ड कोचिंग सेंटर में मुख्य रूप से संतोष गुप्ता, जितेंद्र कुमार, राकेश गुप्ता, सुदामा चंद्रवंशी, शिक्षक चन्दन विश्वकर्मा और जेपी जी मौजूद रहे। वहीं आदर्श कोचिंग सेंटर में भी 10 वीं के छात्रों का फेयरवेल आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद गुप्ता चुनमुन संचालक सुनील जी, अजय कुमार और जितेंद्र तिवारी ने किया। अरविंद गुप्ता ने छात्रों से आह्वान किया कि वे हायर एजुकेशन के लिए बाहर जाने से पहले अपने आप को स्किल्ड करें मसलन वे अंग्रेजी मजबूत करें और पर्सनालिटी डिवेलपमेंट पर पर भी विशेष ध्यान दें। कोचिंग सेंटर के संचालक सुनील कुमार ने कहा कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सदैव प्रयत्नशील हैं। सहयोगी शिक्षक जितेंद्र तिवारी ने कहा कि छात्रों को अपने करियर पर ध्यान देना चाहिए ताकि उनका भविष्य सुनहरा हो। छात्रों ने इस मौके पर नृत्य, गीत और स्पीच भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय सिंह, जितेंद्र तिवारी, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# शहर में नागरिक सुविधाओं का विस्तार हमारी पहली प्राथमिकता: नगर अध्यक्ष

**हुसैनाबाद नगर पंचायत में तीन योजनाओं का हुआ शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



चेनैनी पोखरा का सौदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास करते नगर अध्यक्ष,उपाध्यक्ष व अन्य।

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यो को एक नया आयाम देते हुए नगर अध्यक्ष शशि कुमार व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने शहर के तीन वार्डो में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने वार्ड दो के मेहदीनगर में जरीना बीबी के घर से जपला नबीनगर मुख्य रोड तक आरसीसी नाली, वार्ड तीन में जेपी चौक से जपला स्टेशन तक एवं वार्ड 13 के चेनैनी पर पोखरा का सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी व वार्ड पार्षद ने पूजा पाठ कर संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि वार्ड दो व वार्ड तीन में नाली निर्माण से लोगों को काफी सहूलियत होगी। वहीं चेनैनी पर के पोखरा का सौंदर्यीकरण कार्य हो जाने से उक्त वार्ड वाशियों के कई काम आसान हो जायेंगें। उन्होंने कहा कि शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए एक साथ कई योजनाओं पर कार्य किए जा रहे हैं। शहर के सभी वार्ड के सर्वांगीण विकास की योजना बनाई गयी है। वहीं, नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि हुसैनाबाद नगर पंचायत विकास की ओर निरंतर अग्रसर है। इस मौके पर कनीय अभियंता अजमल अंसारी, वार्ड पार्षद सोनी देवी, नजीर अहमद, राजेंद्र पाल, सरिता देवी, डॉ अजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, विवेक कुमार सिंह, चीकू कुमार सिंह, अनवर , सद्दाम, पिंटू सिंह, छोटू सिंह, एस कुमार मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



**भारत-ऑस्ट्रेलिया केबीच टेस्ट मैच सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज भी मौजूद रहेंगें**

## अहमदाबाद में बन रही 'सामान्य पिच', जीसीए के अधिकारी बोले- मैनेजमेंट से नहीं मिला कोई निर्देश

# अहमदाबाद में भारत-ऑस्ट्रेलिया का चौथा टेस्ट देखेंगे पीएम मोदी व ऑस्ट्रेलियाई पीएम

एजेंसी



**अहमदाबाद।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नौ मार्च से दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला होगा। इस मैच को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टेडियम जाएंगे। उनके साथ ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज भी स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। दोनों पीएम टेस्ट के पहले दिन के खेल का लुत्फ उठाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त बैरी ओफरेल ने कहा कि 'दोनों देशों को बांधने वाली चीजों में से एक क्रिकेट है और अहमदाबाद में मैच के एक दिन में भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को देखना बहुत अच्छा होगा।'

### भारत को जीतना होगा चौथा टेस्ट

भारतीय टीम चार टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। उसने नागपुर में पहला टेस्ट पारी और 132 रन से अपने नाम किया था। उसके बाद दिल्ली टेस्ट को उसने छह विकेट से अपने नाम कर लिया था। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इंदौर में वापसी की। उसने तीसरे टेस्ट को नौ विकेट से जीतकर सीरीज में वापसी की। भारत के लिए चौथा टेस्ट जीतना काफी जरूरी है। अगर उसे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचना है तो इस टेस्ट को जीतना होगा। अगर टीम इंडिया यह मैच हारती है तो फिर उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका के हार की दुआ करनी होगी।

### पिच को लेकर नहीं मिला कोई निर्देश : जीसीए

**गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें भारतीय टीम के मैनेजमेंट से पिच को लेकर कोई निर्देश नहीं मिले हैं। पिच क्यूरेटर एक सामान्य पिच तैयार करने में लगे हैं। ऐसे में पिच बिलकुल वैसी होगी, जैसे पिछले दिनों रणजी ट्रॉफी मैचों के दौरान थी। आगे स्टोरी में हम जानेंगे कि अहमदाबाद की पिच कैसी होगी और इस मैदान पर भारत का टेस्ट रिकॉर्ड कैसा रहा है। बतातें चलें कि भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला गया तीसरा टेस्ट तीसरे दिन ही खत्म हो गया था। इसके बाद पिच पर सवाल उटा था। आइसीसी ने भी खराब रेटिंग दी थी।**

### अहमदाबाद में भी नहीं खेलेंगे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान

ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के नियमित कप्तान पैट कमिंस चौथे और आखिरी टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ ही चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान संभालेंगे। स्मिथ ने एक बार कहा था कि उन्हें फिर से ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का कप्तान बनने की चाह नहीं है, लेकिन अब इस 33 वर्षीय खिलाड़ी को अहमदाबाद में नौ मार्च से होने वाले चौथे टेस्ट में फिर से कमान संभालनी पड़ेगी। बतातें चलें कि दिल्ली में हुए दूसरे टेस्ट के बाद अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए स्वदेश लौटे नियमित कप्तान पैट कमिंस अभी सिडनी में ही हैं और वह फिलहाल स्वदेश में अपनी अस्वस्थ मां के साथ ही रहेंगे।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड की क्लब इतिहास में सबसे बड़ी हार

**राइवल क्लब लिवरपूल एफसी ने 7-0 से हराया, दूसरे हाफ में दागे 6 गोल**

**लिवरपूल (एजेंसी)।** इंग्लैंड के सबसे बड़े क्लबों में से एक मेनचेस्टर यूनाइटेड को रविवार रात उनके इतिहास की सबसे बड़ी हार मिली। यूनाइटेड के राइवल क्लब लिवरपूल ने उन्हें इंग्लिश प्रीमियर लीग के लीग मैच में 7-0 से हराया। लिवरपूल के कोडी गाकपो, मोहम्मद सालाह, डार्विन न्यूनेज और रोबेर्टो फीर्मिन्हों ने गोल दागे। 42वें मिनट तक किसी भी टीम ने गोल नहीं किया था। स्कोर 0-0 था। 43वें मिनट में कोडी गाकपो ने गोल दागा। हाफ टाइम के तुरंत बाद 47वें मिनट में टीम के स्ट्राइकर डार्विन न्यूनेज ने गोल स्कोर कर दिया। फिर 50वें मिनट में गाकपो ने अपना दूसरा गोल किया टीम 3- 0 से आगे हो गई। नुनेज ने 75वें मिनट में एक और गोल किया। वहीं, मोहम्मद सालाह ने 66वें और 83वें मिनट में गोल दाग दिया। मैच में सब्स्टीट्यूट हो आए रोबेर्टो फीर्मिन्हों ने 88वें मिनट में सातवां गोल दाग दिया।

### आर्सेनल टॉप पर

इपीएल में 20 टीमों के बीच मैच खेले जाते है। हर टीम कुल 38 मैच खेलती है। इसके बाद टेबल के टॉप मैच जीता जाती है। इस समय 63 पॉइंट्स के साथ लंदन की टीम आर्सेनल टॉप पर है। वहीं मेनचेस्टर यूनाइटेड 25 मैच के बाद 49 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है।

# अमन साहू गिरोह के दो गुर्गे गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददता

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेल लाइन विस्तारीकरण कार्य में लगी साईं कृपा कंस्ट्रक्शन कंपनी की साइट पर फायरिंग की घटना में शामिल अमन साहू गिरोह के दो सदस्यों को जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से रंगदारी मांगने और धमकी देने में इस्तेमाल किये गये दो मोबाइल फोन भी बरामद किये हैं। गिरफ्तार अपराधियों में अमरेश कुमार यादव पिता प्रमोद यादव (नावाडीह, लातेहार, वर्तमान पता पतकी लातेहार) और शिपक उरांव पिता धर्मदेव धर्मदेव उरांव (ईचाबार, लातेहार) शामिल है। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए एसपी




अंजनी अंजन ने बताया कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत साईं कृपा टेलीकॉम एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन विस्तारीकरण कार्य की साइट पर 18 मार्च को अमन साहू गिरोह के निक्की यादव व उसके हथियारबंद गुर्गों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग की गयी। साथ ही काम बंद करने की चेतावनी भी दी गयी थी। इसके बाद मोबाइल पर फायरिंग की जिम्मेदारी लेते हुए लेवी की मांग की गयी। घटना के बाद साईं कृपा कंस्ट्रक्शन के मालिक कृपाशंकर सिंह ने बालूमाथ थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गयी। गठित टीम ने जांच के दौरान गुप्त सूचना पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालूमाथ साइडिंग के पास से इस कांड में शामिल अमन साहू गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से धमकी देने और रंगदारी मांगने में इस्तेमाल किये गये दो मोबाइल फोन बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि इस मामले में शामिल अन्य अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, उनकी गिरफ्तारी भी जल्द होगी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अमरेश यादव पूर्व से अमन साहू गिरोह से जुड़ा हुआ है।

इसके खिलाफ अन्य जिलों में भी कई मामले दर्ज हैं।गठित एसआईटी की टीम में एसडीपीओ अजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक प्रेम कुमार निषाद, कुबेर साव व बालूमाथ थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।







## होली मिलन समारोह का आयोजन

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में सोमवार को प्रखंड सह अंचल प्रशासन के द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ सह अंचल अधिकारी राकेश सहाय के द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाने की अपील की।साथ ही साथ सभी पंचायत प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने में संपूर्ण सहभागिता निभाने की भी अपील किया।होली मिलन समारोह कार्यक्रम के बीडीओ, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी,समेत प्रखंड व अंचल के सभी कर्मियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में प्रखंड परिसर में जमकर अबीर गुलाल उड़े मौके पर जिसमे मुख्य रूप से उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता निजाम अंसारी, मुखिया कालो देवी, पूनम देवी, रवि, नेहा सिंह,शीतल कुमारी,पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, पंचायत सेवक अरविंद कुमार रवि ,फेकू मोची, सीआई रमेश प्रसाद प्रेम कुमार अधूरा, असलम खान, अभिषेक कुमार, भोला समेत काफी संख्या में प्रखंड अंचल कर्मी और अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध सहित दो घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों में कंडरा एवं राजू मिल के समीप सेन्हा में सड़क दुर्घटना में वृद्ध सहित दो व्यक्ति घायल हो गये। दोनो घायलों को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया। बताया जाता है, कि कंडरा में सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात गाड़ी वृद्ध को धक्का मारते हुए फरार हो गया। जबकि दूसरा घटना सेन्हा राजू मिल के समीप बाइक जे एच 01सीसी 1734 के चालक अनियंत्रित सड़क पर गिर गया, जिससे चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्ध को एंबुलेंस 108 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि सेन्हा में हुई सड़क दुर्घटना में घायल बाइक चालक को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनो घायल की पहचान अलग अलग थाना क्षेत्र निवासी के रूप में किया गया। बताया जाता है कि घायल वृद्ध सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव निवासी वासुदेव उराँव के रूप में किया गया। जो अपने घर से कंडरा गणपति ईंट भट्ठा में काम करने जा रहा था। इसी बीच सेन्हा में अनियंत्रित हो सड़क पर गिर गया जिसमें चालक को नाक मुंह एवं चेहरे पर गम्भीर चोटें आई है। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के निर्देश पर स0आ0नि0 श्रीकांत दास दलबल के साथ अस्पताल पहुंच घायलों का जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त बाइक को थाना लाया। अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई।

## बालूमाथ कोयला साइडिंग में उड़ रही हैं नियम कानून की धज्जियां

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के फुलबसिया, कुशमाही, बालूमाथ, बुकरू में संचालित कोयला साइडिंग में संचालकों के द्वारा नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। परंतु जिला प्रशासन के द्वारा साइडिंग संचालकों को लूट की छूट दे दी गई है। बालूमाथ में संचालित कई ऐसे कोयला साइडिंग है, जो पूरी तरह से ओपन है। इन साइडिंग से उड़ने वाले कोयले की धूल से ग्रामीणों का जीवन और उनके खेत खलिहान बर्बाद हो रहे हैं। परंतु साइडिंग संचालक इस समस्या के समाधान को लेकर किसी प्रकार की कोई पहल नहीं कर रहे हैं। जिला प्रशासन भी मात्र छोटे लोगों मोटर साइकिल और साइकिल से कोयला लाने वाले गरीब बेरोजगारो पर धौंस दिखाकर अपने कर्तव्य का इतिश्री कर ले रहे हैं। कोयला साइडिंग संचालन करने वाले लोगों को नियमों की धज्जियां उड़ाने की छूट दे दी है।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत हामी पंचायत में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस। अवसर में वृद्ध महिलाओं को साड़ी का वितरण किया गया एवं भोजन भी ग्रहण किया गया। महिला को सशक्तिकरण अधिकार की विषय में सभी को जानकारी दिया गया। वही इस टीम के बीपीओ राम जयसवाल, जिला कोऑर्डिनेटर दिलीप जायसवाल। रजिया खातून सभी महिलाओं को उनके अधिकार के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम की शुरूआत कुलदीप बड़ाइक के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम जयसवाल दिलीप जायसवाल राजा खातून कुलदीप बड़ाईक एवं दर्जनों लोग महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।



## होली मिलन समारोह का आयोजन

**मनिका।** लातेहार जिले के मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित पासवान समाज के द्वारा दिन सोमवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर लोगों का मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को कमेटी के सदस्यों के द्वारा अंग वस्त्र फूल माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पासवान जिला अध्यक्ष कन्हाई पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश पासवान, बीस सूत्री विश्वनाथ पासवान, मनिका पूर्व बीइओ जयशंकर राम, विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, बलि यादव, द्वारिका राम, मनिका मुखिया सत्येंद्र सिंह, कमलेश पासवान, पप्पू पासवान, मनोज पासवान, अखिलेश पासवान राजदेव मांझी, विशाल पासवान, सुखराज पासवान, अमरदीप पासवान, शंभू पासवान नितेश पासवान, शंकर दुबे, पासवान समाज युवा नेता के लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जंगली हाथी के साथ छेड़छाड़ न करें: बीडीओ

**पेशरार/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती एवं घोर नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में जंगली हाथी से बचाव हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इधर कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रशासनिक कर्मियों और जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव ने कहा कि जंगली हाथी को देखते ही लोग दौड़ लगाना शुरू कर देते हैं जिससे जान-माल का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि इससे बचाव हेतु लोगों को जागरूक करें और जंगली हाथी के साथ किसी तरह का छेड़छाड़ करने से परहेज कराने को लेकर लोगों को जागरूक करें। बीडीओ ने कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में जंगली हाथी दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल वन विभाग एवं प्रखंड प्रशासन व थाना को दें ताकि जंगली हाथी को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में त्वरित कार्रवाई की जा सके। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली, जिप सदस्य रूबी कुमारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, पंचायती राज पदाधिकारी महेश कुमार चौहान, सहायक अभियंता अनिल उरांव, कनीय अभियंता सूरज प्रजापति सहित तमाम विभागीय पदाधिकारी और कर्मी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित

**लोहरदगा।** कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन में रंगों का पर्व होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक सुखदेव भगत एवं कांग्रेसी कार्यकताओं के साथ प्रेस मीडिया के साथी गण भी उपस्थित हुए। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दिए. पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि यह रंगों का त्योहार देश के विभिन्न समुदाय और संस्कृति के बीच एकता का प्रतीक है।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स का होली मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** रविवार रात स्थानीय कुंजलाल भवन में लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स का होली मिलन समारोह सह रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसका विधिवत उद्घघाटन चैंबर के पूर्वाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार अग्रवाल, कमल प्रसाद केशरी, अभय अग्रवाल, पूर्व सचिव विवेक कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष अनूप दास क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो, वर्तमान अध्यक्ष रितेश कुमार, सचिव रकेश कुमार सिन्हा वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष धनन्जय कांस्यकार, वरिष्ठ व्यापारी दीपक जायसवाल समेत कार्यकरिणी सदस्यों के साथ संयुक्त द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित व्यापारियों को रंग गुलाल लगाकर तथा रिंकू अग्रवाल द्वारा टोपी पहनाकर रंगारंग कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में रांची से आये कलाकारों ने होली से सम्बंधित हिन्दी, भोजपुरी व नागपुरी गीतों की गीतों को गाया तो उपस्थित थे।









आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 07 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## समाहरणालय सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# साक्षर बनें और अपने अधिकार के प्रति जागरूक हों महिलाएं : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। अगर जिले की बात करें तो प्रशासनिक महकमा में भी महिलाएं अपनी दक्षता/क्षमता के माध्यम से शीर्ष पदों पर आसीन है। कार्य कुशलता से अपने दायित्व का निर्वाहन कर रही है। महिलाएं बस अपने अधिकारों को जाने, उससे जागरूक हो। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कौन-कौन से कानून बने हैं, कौन सी योजनाएं सरकार द्वारा संचालित हैं। उसे जाने और उसे हासिल करने के लिए संघर्ष करें।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल डीसी व अन्य।

उक्त बातें बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी ने कहीं। वह समाहरणालय सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी साक्षर होना है। कहा भी जाता है कि एक पुरूष साक्षर होकर एक पीढ़ी को शिक्षित करता है, लेकिन एक महिला साक्षर होकर तीन पीढ़ी को शिक्षित बनाती है। एक अपने परिवार को, दूसरे अपने ससुराल को और तीसरे अपने बच्चों को शिक्षित करती है। उन्होंने महिलाओं को साक्षर होने एवं दूसरे को भी साक्षर होने के लिए प्रेरित करने को कहा। इस मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, डीपीएलआर सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मेनका, ट्राफिक डीएसपी पुनम मिंज, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनंसपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## बरोरा व बाघमारा पुलिस ने किया संयुक्त फ्लैग मार्च



**कतरास (आजाद सिपाही)।** होली और शब-ए-बारात को लेकर बरोरा और बाघमारा पुलिस ने विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सोमवार को संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। बाघमारा थाना प्रभारी सूबेदार कुमार यादव और बरोरा थाना प्रभारी नीरज कुमार के नेतृत्व में जवानों ने बरोरा, मुराईडीह, हरिणा बाजार, गोमो रोड में डुमरा, बसवरीया, बाघमारा समेत अन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया। पुलिस ने लोगों से अफवाहों में ध्यान न देते हुए शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। फ्लैग मार्च में दोनों थाना के पुलिस जवान शामिल थे।

# होली और शब-ए-बारात को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च, मिलकर त्योहार मनाने की अपील

हुड़दंगियों और अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया में होली और शब-ए-बारात को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हर तरफ दुकानें रंग गुलाल, अबीर, पिचकारियों से सजकर तैयार है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग सभी होली पर खरीददारी कर रहे हैं। कोई अप्रिय घटना ना घटे इसको लेकर झरिया पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखी है। झरिया थाना प्रभारी पंकज झा के नेतृत्व में सोमवार की शाम फ्लैग मार्च निकाला गया। झरिया थाना से प्रारंभ होकर उपर कुल्ली, इंदिरा चौक, बस स्टैंड, चार नंबर, बाटा मोड़, लक्षमनिया मोड़, कतरास मोड़ होते हुए वापस झरिया थाना आकर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस ने लोगों से अपील की कि त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तैनात है। आपात स्थिति में तत्काल डायल 100 पर संपर्क करें। साथ ही हुड़दंग और उपद्रव करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। फ्लैग मार्च में एएसआई गोपाल कुमार, मोहम्मद फारुख, केएन मुंडा, लोकनाथ कोरवा, मुकेश कुमार, राजेश यादव आदि मौजूद थे।

## शांति व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें त्योहारः इंस्पेक्टर



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा सर्किल इंस्पेक्टर नयनसुख दादेल के नेतृत्व में होली एवं शब-ए-बारात की पूर्व संध्या पर मैथन पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान फ्लैग मार्च निकाला गया। दोनों पर्व एक ही दिन पड़ जाने से पुलिस हर तरह की गतिविधियों से निपटने के लिए तैयार है। कहा कि जबरन किसी पर रंग नहीं डालें। अश्लील गाना बजाने से परहेज करें। मैथन के संजय चौक, मेनगेट, पोस्ट ऑफिस, कालीपहाड़ी, एरिया नंबर चार ऑटो स्टैंड एवं मार्केट एरिया भ्रमण कर लोगों को शांति का संदेश देते हुए किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना के घटीत होने की संभावना दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की।

## महिलाओं की प्रगति एवं भागीदारी के बिना विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती : अमरेंदु प्रकाश



बोकारो (आजाद सिपाही)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सोमवार को बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन विकास केंद्र में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में संयंत्र की महिला कर्मियों ने भाग लिया। समारोह में बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश भी शामिल हुए। इसके अलावा सीइओ (बीपीएससीएल) केके ठाकुर, अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अमिताभ श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (माइंस) जे दास गुप्ता, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष अनिता तिवारी, मुख्य महाप्रबंधकगण, अन्य वरीय अधिकारी आदि उपस्थित थे।मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनएं) अनिमा कुशवाहा ने सभी का स्वागत किया। बीएसएल की महिला कर्मियों को संबोधित करते हुए अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि महिलाओं की प्रगति एवं भागीदारी के बिना विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने बोकारो स्टील प्लांट की प्रगति में महिला कर्मियों के योगदान की भी सराहना की। कहा कि महिलाओं में असीम क्षमता है और वे नवाचार एवं कार्य के प्रति समर्पण की भावना से बीएसएल को उत्कृष्टता की शिखर पर ले जा सकेगी। समारोह के दौरान बीएसएल की कुल 30 महिला कर्मियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का प्रमुख आकर्षण बीएसएल की महिला कर्मियों, महिला समिति के सदस्यों और बीजीएच की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रही।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास कोयलांचल क्षेत्र में सोमवार को होली मिलन समारोह भरमार रही। डूमरा दक्षिण की पूर्व मुखिया नम्रता सिंह के नेतृत्व होली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें गिरीडीह के पूर्व संसद रविंद्र कुमार पांडेय भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से आपसी भाई चारा बढ़ता है। होली ही एक ऐसी पर्व है जिसमें लोग आपसी मनमुटाव को भुलाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर प्रेम का संदेश देते हैं।कार्यक्रम का संचालन मुकेश राय और धन्यवाद ज्ञापन नम्रता सिंह ने किया। इस मौके पर टीपी पाण्डेय, लगनदेव यादव, इंदर यादव, कमलेश ओझा, विनय सिंह, राजेश सिंह, मुन्ना पाठक, शैलेंद्र सिंह, मनोज अग्रवाल, अमरनाथ सिंह, प्रभु नाथ सिंह, गौतम मंडल, आनंद मंडल,चक्रधारी महतो, विनोद नापित सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं महिला चौपाल की अध्यक्ष शालिनी वेश्कियार के नेतृत्व में कतरास श्यामडीह स्थित स्वागत भवन में नारी उत्सव एवं नारी फगुवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाघमारा प्रखंड से हर वर्ग, हर क्षेत्र, हर समाज की महिला उपस्थित होकर एक दूसरे को रंग लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। इस होली मिलन समारोह में सभी महिलाओं ने नारीत्व एवं नारी शक्ति पर अपने-अपने विचार रखे।

# होली एकजुटता का पर्व है : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** धनबाद के सांसद पशुपति सिंह के आवास पर होली से पूर्व कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की। इस अवसर पर लोगों ने सांसद के साथ गुलाल खेलकर होली की अग्रिम बधाई दी। एक-दूसरे को भी रंग-गुलाल लगाया। सांसद ने कहा कि होली का पर्व हर्ष, विनोद और एकजुटका का पर्व है। सांसद ने लोगों से अपील की कि शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ होली का त्योहार मनाएं। किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। इस मौके पर रोहित लाल सिंह, जय देव राय, आरएन ओझा, कमलेश राय,



दिलीप श्रीवास्तव, वीर भद्र प्रसाद सिंह, विद्या सागर सिंह, एके वर्मा, राकेश मधु, शंकर रजक, मिरगेंद प्रताप सिंह, नीरज कुमार, रवि शंकर, विनय आनंद, सचिन सिंह, द्वारिका नाथ सिंह, अर्चना सिंह, पप्पू श्रीवास्तव, अजय कुमार, अनिल सिंह, प्रकाश सिंह मोंटी, विशाल सिंह, नागेंद्र पूरी, आमिर अशरफ आदि उपस्थित थे।

# सरकारी संपत्तियों को एक-एक कर बेच रही मोदी सरकारः कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददादा

**कतरास।** बाघमारा डुमरा मोड़ स्थित एसबीआई शाखा के मुख्य द्वार पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर धनबाद जिला कांग्रेस के तत्वाधान में बाघमारा कांग्रेस कमेटी की ओर से एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। जिसकी अगुवाई बाघमारा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बलराम महतो ने की। धरना-प्रदर्शन में धनबाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हल्ला बोला। कहा कि मोदी सरकार एक-एक कर सरकारी संस्थाओं को बेच रही है। एलआइसी-एसबीआइ को बेचने का षड्यंत्र चल रहा है। उद्योगपतियों को सस्ते दर पर कर्ज



भी दिए जा रहे हैं। उद्योगपतियों के कर्ज को माफ किया जा रहा है जिससे देश में वित्तीय संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बाघमारा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो ने कहा कि बड़े-बड़े उद्योगपतियों को मोदी सरकार लोन दे रही है और नहीं देने वालों को का लोन माफ भी किया जा रहा है। अगर गरीब लोन लेने जाएं तो उसे लो नहीं दिया जाता है। इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष लगनदेव यादव, बाघमारा कांग्रेस प्रभारी सतपाल सिंह ब्रोका, बीके सिंह, जोगेंदर सिंह योगी, संतोष रजवार, लक्षमण तिवारी, प्रोफेसर टीपी पांडेय, भोला राम, ओम प्रकाश कुंवर के अलावा धनेश्वर ठाकुर, इंदर यादव, संतोष रजवार, विनोद रवानी, मोहम्मद आशिफ, अजय महतो, सतेंद्र पांडेय, विकाश सिंह, गोपाल सिंह आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर कतरास नगर कांग्रेस की ओर से प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कतरास नगर अध्यक्ष रंजीत पाण्डेय ने किया।

## लोयाबाद कोलियरी प्रबंधन को पुलिस ने लिखा पत्र, प्रबंधन ने शुरू की आगे की कार्रवाई

# ध्वस्त होगा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त विजय सिंह का आवास

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त विजय सिंह का आवास ध्वस्त होगा। लोयाबाद पुलिस ने आवास को ध्वस्त करने के लिए लोयाबाद कोलियरी प्रबंधन को पत्र लिखा है। वहीं, पत्र मिलने के बाद कोलियरी प्रबंधन ने भी आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बीसीसीएल के एक कर्मी ने मकान की चौहद्दी नाप कर कागजी कार्रवाई पूरी कर ली है। हालांकि कर्मी जब चौहद्दी नोट करने गया तो मकान पर ताला लटका था। लोयाबाद कोलयरी के पीओ अनिल सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा घर तोड़ने के लिए पत्र दिया है। विजय का घर बीसीसीएल की जमीन पर बना है। घर पर ताला लटका रहा है। उसका इंतजार हो रहा है। उसे घर खाली करने के लिए कहा जायेगा। उसके बाद ध्वस्त करने की प्रक्रिया की जायेगी। पिछले दिनों





केंदुआ में आउटसोर्सिंग कंपनी के लाइजनर राजेश यादव पर हुए फायरिंग में पुलिस ने विजय सिंह की संलिप्तता पाई हैं। तब से विजय फरार चल रहा है।

### कौन है विजय सिंह

विजय सिंह लोयाबाद पंचायत भवन के समीप रहने वाले स्व राम दयाल सिंह का बड़ा बेटा है। विजय पर साल 2019 में 54 लाख रुपये गबन करने का आरोप भी लगा था। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के बनारस के एक ज्वेलरी मालिक के वहां एक कर्मचारी को 54 लाख रुपये कोलकाता से ज्वेलरी लाने के दिया गया था, लेकिन वह गायब हो गया। तब ज्वेलरी कर्मचारी को विजय का भगना बताया गया था। हालांकि बाद में उसे औरंगाबाद से गिरफ्तार कर यूपी पुलिस लोयाबाद विजय सिंह की तलाश करते पहुंची थी।

### घर से संचालित होती है आपराधिक गतिविधियां

लोयाबाद पुलिस का मानना है कि विजय के घर से आपराधिक मामलों का संचालन होता है। दो दिनों के भीतर लोयाबाद पुलिस करीब आधा दर्जन से अधिक संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया है। इसमे सेंद्रा से टोलु सिंह, लोयाबाद आठ नंबर से मो अफ़जल, नया धौड़ा से मो सोनल, लोयाबाद आठ नंबर से रवि चौहान शामिल हैं। इनके अलावा सेंद्रा से दो अन्य युवकों को भी हिरासत में लिया गया है। पूछताछ में पुलिस को कुछ युवकों पर विजय सिंह से सांठगांठ के सबूत मिले हैं। उन लोगों के मोबाइल सीडीआर निकाला गया था। जिसमें विजय सिंह और प्रवीण रवानी उर्फ लेधू के संपर्क में था। केंदुआ पुलिस द्वारा लोयाबाद के सागर नोनिया को शूटर अमन सिंह के मुखबीरी में संलिप्त पाए जाने के बाद से लोयाबाद के लोग हैरत में हैं। युवक पर अमन सिंह को यहां के टॉरगेट व्यक्तियों की हर गतिविधियां पहुंचाने का भी आरोप है। सागर, विजय और प्रवीण रवानी उर्फ लेधु किसी समय में लोयाबाद चेंबर के तरफ से दुकानों की सुरक्षा के लिए पहरा देने का भी काम करता था। वर्तमान में लोयाबाद पुलिस ने जिन-जिन युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है वे सभी काफी कम उम्र के है।

### घर में आते हैं आपराधिक किस्म के लोग : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी विकाश यादव ने कहा कि विजय सिंह के घर से आपराधिक योजनाएं बनाई जाती है। घर में अपराधी किस्म के लोग जमे रहते है। बीसीसीएल को विजय का घर ध्वस्त के लिए पत्र लिखा गया है।


**OFFICE OF THE SUPERINTENDENT OF POLICE, LOHARDAGA**

**LOHARDAGA POLICE**

**Very Short Notice Inviting Tender (NIT): Supply & establishment of gym**

| Sl No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Establishment of Indoor GYM at Police Line |
| 2 | Period of Work | 10-15 days |
| 3 | Date of Publication of Bid | 07.03.2023 |
| 4 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs.25,000 in the form of DD (Valid for at least 3 months from the last date of submission of the bid) in favor of Superintendent of Police, Lohardaga |
| 5 | Last date and time of receipt of Bid | 14.03.2023 till 01.00 pm |
| 6 | Date and time of opening of Bid | 15.03.2023 at 03.00pm |
| 7 | Bid submission Place | Office of the Superintendent of Police, Lohardaga |
| 8 | Bid Opening Place | Office of the Superintendent of Police, Lohardaga |
| 9 | Tentative cost of Bid | Related information can be inquired from office |

**Superintendent of Police, Lohardaga**

**PR 291986 Lohardaga(22-23).D**

**MINOR IRRIGATION DIVISION, CHATRA**

**Very Urgent e-Procurement Tender**

**Tender Reference No. WRD/MID/CHATRA/F2-01/2022-23 Date :- 06.03.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of Tender on website | 13.03.2023 |
| 2 | Last date/Time for submission of Bids | 19.03.2023 |
| 3 | Date of opening of e-Tender | 21.03.2023 at 2.00 pm |
| 4 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Chatra. |
| 5(a) | Contact no. of Procurement officer | 8210684027 |
| (b) | E-mail of e-procurement Officer | eemidchat-cemr-jhr@nic.in |
| 6 | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2210618 |
| 7 | Date, Time & Place for receipt of Bids fee Security and other documents.(In Hard copy) | 14.03.2023 to 20.03.2023 at Minor Irrigation Division, Chatra between 10.00am to 5.00 pm |

| Sl No. | Group No. | Name of Scheme | Estimated cost | Earnest Money | BOQ Cost | Time Of Complation |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Renovation of Chamrahi Ahar, Vill.-Khapiya, GP.-Sikidag, Kunda, Chatra. | 2490400.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 2 | 2 | Renovation of Kutil Ahar, Vill.-Kutil, GP.-Margada, Kunda, Chatra. | 2498500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 3 | 3 | Renovation of Kani Ahar, Vill.-Besra, GP.-Bodhadih, Kunda, Chatra. | 2396900.00 | 48000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 4 | 4 | Renovation of Gurturwa Ahar, Vill.-Sindri, GP.-Nawada, Kunda, Chatra. | 2463100.00 | 49300.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 5 | 5 | Renovation of Mandar Ahar, Vill.-Kunda, GP.-Kunda, Kunda, Chatra. | 2271100.00 | 45500.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 6 | 6 | Renovation of Guhi Ahar, Vill.-Simariya Kala (Tikuliya), GP.-Banhe, Simaria, Chatra. | 2487100.00 | 49800.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 7 | 7 | Renovation of Baherabandh Ahar, Vill.-Hafua, GP.-Bagra, Simaria, Chatra. | 2496400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 8 | 8 | Renovation of Barkabandh Ahar, Vill.-Edla, GP.-Edla, Simaria, Chatra. | 2497500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 9 | 9 | Renovation of Pindrahi Ahar, Vill.-Tundag, GP.-Jirwakhurd, Simaria, Chatra. | 2488600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 10 | 10 | Renovation of Patarapokhar Ahar, Vill.-Dari, GP.-Dari, Simaria, Chatra. | 2493200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 11 | 11 | Renovation of Amgawa Chat Talab, Vill.-Amgawa, GP.-Piri, Simaria, Chatra. | 2499300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 12 | 12 | Renovation of Sardhawa Ahar, Vill.-Manatu, GP.-Hurnali, Simaria, Chatra | 2406600.00 | 48200.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 13 | 13 | Renovation of Sikri Upar Ahar, Vill.-Sikri, GP.-Pundara, Simaria, Chatra | 2478700.00 | 49600.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 14 | 14 | Renovation of Barka Ahar, Vill.-Banasari, GP.-Banasari, Simaria, Chatra | 2494700.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 15 | 15 | Renovation of Kurum Mehra Ahar, Vill.-Kurum, GP.-Ichak, Simaria, Chatra | 1419400.00 | 28400.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 16 | 16 | Renovation of Teliyadih Ahar, Vill.-Mayurhund, GP.- Mayurhund, Mayurhund, Chatra | 2482500.00 | 49700.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 17 | 17 | Renovation of Ahari Ahar, Vill.-Tilara, GP.- Manjhgawa, Mayurhund, Chatra. | 2474100.00 | 49500.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 18 | 18 | Renovation of Barka Ahar, Vill.-Koyeli, GP.- Petadari, Mayurhund, Chatra. | 2493200.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 19 | 19 | Renovation of Kamat Ahar, Vill.-Kamat, GP.- Garilong, Tandwa, Chatra. | 2438800.00 | 48800.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 20 | 20 | Renovation of Talab, Vill.-Karo (Pahi Tola), GP.- Bahera, Tandwa, Chatra. | 2499100.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 21 | 21 | Renovation of Dumargada Talab, Vill.-Khandhar, GP.- Bahera, Tandwa, Chatra.. | 2499400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 22 | 22 | Renovation of Naiparam Talab, Vill.-Naiparam, GP.- Kalyanpur, Tandwa, Chatra. | 2497000.00 | 50000.00. | 5000.00 | 75 Days |
| 23 | 23 | Renovation of Beliya Ahar, Vill.-Dahu, GP.- Dahu, Tandwa, Chatra. | 2497400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 24 | 24 | Renovation of Haraiya Tola Naiki Basariya, Vill.-Saradhu, GP.- Saradhu , Tandwa, Chatra. | 2247800.00 | 45000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 25 | 25 | Renovation of Banhe Ahar, Vill.-Banhe, GP.- Kichto , Tandwa, Chatra. | 2498500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 26 | 26 | Renovation of Teliyadih Talab, Vill.-Teliyadih, GP.- Nawadih , Tandwa, Chatra. | 1993200.00 | 39900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 27 | 27 | Renovation of Padampur Talab, Vill.-Padampur, GP.- Padampur , Tandwa, Chatra. | 1755600.00 | 35200.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 28 | 28 | Renovation of Vrinda Talab, Vill.- Vrinda, GP.- Kabra , Tandwa, Chatra. | 2491400.00 | 49828.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 29 | 29 | Renovation of Tarwa Ahar, Vill.- Banwar, GP.- Sildag , Lawalong, Chatra. | 2498300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 30 | 30 | Renovation of Huwag Ahar, Vill.- Lawalong, GP.- Lawalong , Lawalong, Chatra. | 2493500.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 31 | 31 | Renovation of Jamun dari Ahar, Vill.- Karma, GP.- Katiya ,Lawalong, Chatra. | 2218800.00 | 44400.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 32 | 32 | Renovation of Barki Ahar, Vill.- Kolkole Kala, GP.- Kolkole kala ,Lawalong, Chatra. | 2451100.00 | 49100.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 33 | 33 | Renovation of Soti Ahar, Vill.- Potam, GP- Hedum , Lawalong, Chatra. | 2420600.00 | 48500.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 34 | 34 | Renovation of Tehwani Ahar, Vill.- Mandhaniya, GP- Mandhaniya , Lawalong, Chatra. | 2440000.00 | 48900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 35 | 35 | Renovation of Barki Ahar, Vill.- Tikda, GP- Rimi , Lawalong, Chatra. | 2459100.00 | 49200.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 36 | 36 | Renovation of Hundra Ahar, Vill.- Khaira, GP- Meral , Pathalgada, Chatra. | 2494400.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 37 | 37 | Renovation of Kitta Ahar, Vill.- Kubba, GP- Barwadih , Pathalgada, Chatra. | 2201900.00 | 44100.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 38 | 38 | Renovation of Bajobar Ahar, Vill.- Bajobar, GP- Nawadih Damol , Pathalgada, Chatra. | 2436800.00 | 48800.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 39 | 39 | Renovation of Baghi Ahar, Vill.- Singhani, GP- Singhani, Pathalgada, Chatra. | 2045800.00 | 41000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 40 | 40 | Renovation of Lubdhiya Ahar, Vill.- Korambe, GP- Nongaown, Pathalgada, Chatra. | 2455900.000 | 49200.00 | 5000.00 | 75 Days |

**Note :- Only e-Tenders will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
Minor Irrigation Division, Chatra.

PR 291969 Minor Irrigation(22-23)D

## कोरटेवा एग्रीसाइंस सीड लिमिटेड ने किया महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चेगरी गांव में कोरटेवा एग्रीसाइंस सीड लिमिटेड के बैनर तले महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंपनी के मैनेजर मो. ईसाद अंसारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला दिवस क्यों मनाया जाता है, इसकी शुरुआत कैसे हुई, महिलाओं की दशा एवं दिशा के बारे में चर्चा कर महिलाओं को जागरूक किया। खुर्शीद व उस्मान खान ने भी महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आताकोरा पंचायत की मुखिया मीरा देवी, ग्राम संगठन की अध्यक्ष वीना देवी, सहिया शीला उरांव, रेखा देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।







## कार्यक्रम : उपायुक्त ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण

# त्रुटियों में सुधार कर कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

**निरीक्षण के क्रम में इंटर महिला महाविद्यालय गुमला, बसिया में बन रहे अनुमंडल स्तरीय इंडोर स्टेडियम एवं कामडारा में बन रहे चेक डैम पहुंचे उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सोमवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपने क्षेत्र भ्रमण में इंटर महिला महाविद्यालय गुमला, बसिया में बन रहे इंडोर स्टेडियम तथा कामडारा में बन रहे चेक डैम का निरीक्षण किया।

नरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सबसे पहले इंटर महिला महाविद्यालय गुमला में जिला परिषद द्वारा बनाए गए बाउंड्री लाइन एवं माइनर इरिगेशन द्वारा बनाए गए हॉस्टल के कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त ने सभी कार्यों को देखते हुए संतुष्टि व्यक्त की एवं त्रुटियों में सुधार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने महाविद्यालय परिसर अंतर्गत बने पुराने जर्जर भवनों को तोड़ने एवं मरम्मती करने की बात कही। उन्होंने दो चपाकलों को टंकी से जोड़ते हुए पानी की सुविधा को दुरुस्त करने की बात कही। उपायुक्त ने शौचालय जाने के रास्ते में पेबर ब्लॉक बनाने की बात कही। जिला योजना पदाधिकारी को बाउंड्री को मापी करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को कार्य पूर्ण होने के पश्चात साफ सफाई भी करवाने का निर्देश दिया।

बसिया में बन रहे अनुमंडल स्तरीय इंडोर स्टेडियम का उपायुक्त ने निरीक्षण किया। निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम के आसपास के पूरे क्षेत्र को एक रिक्रिएशन कॉम्प्लेक्स के रूप में निर्माण किया जा रहा है, जहां अनुमंडल स्तरीय पार्क, लाइब्रेरी, कैंटीन, रेस्ट रूम, ओपन जिम बैंबू एवं माटी शिल्पकारों के लिए दुकान सहित अन्य कई सुविधाएं होंगी। उपायुक्त ने इन सभी निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण करते हुए एक माह के अंदर सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने एक जल मीनार का निर्माण करने का निर्देश दिया। पुस्तकालय में बिजली पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। उन्होंने सभी खिड़कियों में जाली लगवाने का निर्देश दिया। इसके अलावा निर्माण में हुए त्रुटियों में सुधार करते हुए सभी कार्यों जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कामडारा प्रखंड अंतर्गत सरहु पंचायत में बनाए जा रहे चेक डैम का निरीक्षण किया। मुर्गा नाला में बीयर योजना के तहत 6 फिट ऊंचे डैम का निर्माण किया जाना है, जिसका कार्य प्रारंभ हो चुका है। आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर जल की उपलब्धता हो सके इस उद्देश्य से चेकडैम का निर्माण किया जा रहा है। उपायुक्त ने निमार्णाधीन चेक डैम का निरीक्षण किया एवं आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया एवं ग्रामीणों से भी डैम के संबंध में बातचीत की। ग्रामीणों ने कहा कि इस डैम के बन जाने से कृषि में सहायता मिलेगी। उपायुक्त ने चेक डैम निर्माण करने हेतु तीन माह का समय अंतराल दिया है।













## महावीर मंडल व नवयुवक संघ ने एक साथ मनाया होली मिलन समारोह

**एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर आपसी प्रेम, भाईचारगी एवं एकजुटता का दिया परिचय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** श्री महावीर मंडल समिति तथा भारतीय नवयुवक संघ, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। यह अयोजन श्री महावीर चौक स्थित पुजा प्रांगण में दोनों संघ के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। दोनों संघों के सभी पदाधिकारियों, संरक्षक, सदस्यों के साथ-साथ मुहल्ले के सभी गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त समारोह में कीर्तन मंडली के द्वारा होली के गीतों का रसपान करते हुए उपस्थित लोग पारम्परिक स्वादिष्ट व्यंजनों धुस्का, बर्रा, दहीबड़ा, मिठाई आदि का भी लुत्फ उठाये तथा एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम व भाईचारगी तथा एकजुटता का परिचय दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर मंडल के अध्यक्ष सुधांशु केशरी, सचिव गौरव केशरी, नवयुवक संघ के अध्यक्ष आदित्य गुप्ता, सचिव बबलु वर्मा सहित कई लोगों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

वहीं कार्यक्रम में आचार्य विनोद पाठक, अभिभावक तुल्य संरक्षक दामोदर कसेरा, बृजकिशोर फोगला, दुर्गा गुप्ता, मनोज केशरी, शिव गुप्ता, अध्यक्ष सुधांशु केशरी, सचिव गौरव केशरी, कोषाध्यक्ष हर्ष केशरी, उपाध्यक्ष राहुल केशरी, कौशल मंत्री, आदर्श कसेरा, नवयुवक संघ के अध्यक्ष आदित्य गुप्ता, सचिव बबलू वर्मा, सहित प्रदीप कसेरा, रंजीत रॉय, अंकित केशरी, प्रभात केशरी, विकास गुप्ता, अजय गुप्ता, राज जायसवाल, सुमित गुप्ता, विवेक केशरी, सोनल केशरी, दिनेश गुप्ता, अनिल साहु, अनिकेत कुमार, बिट्टू केशरी, दीपू कोमल, केतन, सक्षम केशरी, विकास छोटू, मनीष गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, विकास गुप्ता बिक्कु, रुपेश साहु, रवि गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राजू गुप्ता, विजय सोनी, ओम गुप्ता, सहित दोनों संघ के अन्य सदस्य, मोहल्ले के सदस्य, तथा कीर्तन मंडली के सदस्य भी उपस्थित थे।







## बिशुनपुर प्रखंड कांग्रेस ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर कांग्रेसियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत ने लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार रंगों का त्योहार है, जिसमें लोगों को एक-दूसरे से भेदभाव मिटाकर भाईचारे के साथ होली खेलना चाहिए। मौके पर रविंद्र लोहरा, वीरेंद्र बड़ा, फिलीप तिग्गा, महावीर उरांव, भादेश्वर उरांव, अशोक साहू, प्रदीप कुमार, संजय कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## होली और शब ए बारात को लेकर प्रखंड प्रशासन ने जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में होली और शब ए बारात को लेकर सीओ अरुणिमा एक्का, बसिया सर्किल पुलिस निरीक्षक श्यामनंदन मंडल, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, पुअनि भावेश कुमार, पुअनि मिनकेतन कुमार, सपुअनि अनवर अंसारी के नेतृत्व में जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान टीजी गन, रबर बुलेट गन, स्मोक ग्रेनेड, इत्यादि उपकरणों के साथ थाना रोड, मेन रोड, रहमत नगर, बसिया रोड, खान मोहल्ला, मदरसा रोड, सिसई बस्ती, सिसई बाजार टांड़ में फ्लैग मार्च निकाला गया। मौके पर पुलिस निरीक्षक एसएन मंडल ने बताया कि होली और शब ए बारात को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के अंतर्गत सिसई के गली मोहल्ले के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी घूम घूम कर लोगों से अपील की गयी कि पर्व को शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखें। रंगों का त्योहार में भंग ना करें। सोशल मीडिया व वाट्सएप ग्रुप में अनावश्यक व अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी। किसी भी असमाजिक तत्वों व अफवाहों की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने पर्व त्यौहार को आपसी भाईचारगी, प्रेम व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 07 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


# सीबीआइ ने राबड़ी देवी से चार घंटे पूछताछ की

## जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने का मामला

## राबड़ी बोलीं, ये सब चलता रहता है



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में सीबीआइ की टीम सोमवार सुबह से लालू प्रसाद यादव की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आवास पहुंची। करीब 4 घंटे तक सीबीआइ के अफसर आवास पर रहे। राबड़ी देवी से पूछताछ के बाद टीम यहां से निकल गयी। दिल्ली में मंगलवार को लालू यादव और मीसा भारती से पूछताछ कर सकती है। इस पूछताछ के बाद राबड़ी देवी विधान परिषद की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचीं। छोटे बेटे और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव आये और उन्हें ले गये। सीबीआइ की पूछताछ के सवाल पर राबड़ी देवी ने कहा कि 'कुछ नहीं हुआ है, यह सब चलता रहा है।'

सीबीआइ के 12 अफसरों की टीम उनके पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड आवास पर पहुंची थी। सुबह जब टीम राबड़ी के घर पहुंची तो उस वक्त बेटे तेज प्रताप और तेजस्वी यादव भी मौजूद थे, लेकिन बाद में वे विधानसभा के लिए निकल गये। सीबीआइ ने राबड़ी देवी से पूछताछ के लिए नोटिस दिया था। पहले ये पूछताछ सीबीआइ दफ्तर में होनी थी, लेकिन बाद में उन्हें राहत देते हुए उनके घर पर करने के लिए तैयार हो गयी। गौरतलब है कि लैंड फॉर जॉब स्कैम में सीबीआइ की चार्जशीट पर कोर्ट ने समन जारी किया है। सीबीआइ ने चार्जशीट में लालू प्रसाद के अलावा राबड़ी देवी और 14 अन्य को आरोपी बनाया है। 15 मार्च को कोर्ट में राबड़ी, लालू और मीसा को पेश होने के आदेश दिये गये हैं।

उधर, राबड़ी देवी से पूछताछ के विरोध में राजद नेता और कार्यकर्ता उनके आवास के बाहर धरने पर बैठ गये। इसे देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गयी। सीबीआइ पूछताछ पर डिप्टी सीएम तेजस्वी ने कहा कि तथाकथित जमीन के बदले नौकरी के मामले में सीबीआइ आयी थी। जिस दिन से सरकार बनी है, उस दिन से यह हो रहा है। हर महीने हो रहा है। मैं तो कहता हूं कि सीबीआइ आवास पर ही दफ्तर खोल दे। पहले भी इस केस की सीबीआइ कई बार जांच करके बंद कर चुकी है। रेलवे ने इसे घोटाला नहीं माना है। तेजस्वी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि रेलमंत्री रहते हुए लालू ने 90 हजार करोड़ का फायदा कराया था। उन्हें मैनेजमेंट ऑफ गुरु कहा जाता है।

## संबलपुर मंडल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



संबलपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल आगामी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर एक साप्ताहिक अभियान चला रहा है। इस अभियान के दौरान रेलवे महिला कर्मचारियों के बीच वॉकथॉन, मजेदार कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशाला आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्ष अंजनी सिंह और संबलपुर के अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। जीएम कॉलेज, संबलपुर अंग्रेजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष विष्णुप्रिया होता और संबलपुर की वरिष्ठ अधिवक्ता नीलिमा पंडा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुईं। मुख्य अतिथि विनीत सिंह ने कहा कि महिलाओं ने सभी क्षेत्रों में अपार संभावनाएं बनायी हैं। विभागाध्यक्ष विष्णुप्रिया होता और नीलिमा पांडा ने महिला सशक्तिकरण के महत्व और समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि ने कार्यक्रमों के विजेताओं को सम्मानित किया।

## पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन खोरधारोड का मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड ने मंडल रेलवे अस्पताल, खोरधारोड के महिला कर्मचारियों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया। खोरधारोड मंडल के 75 महिला कर्मचारियों का पैप स्मीयर टेस्ट आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष, शुभलक्ष्मी जेना द्वारा किया गया था। इस अवसर पर, सम अल्टीमेट अस्पताल के दो प्रख्यात डॉक्टर, डॉ प्रिया प्रियदर्शीनीं, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और डॉ चिर रंजन खडंगा, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट ने व्याख्यान दिया। बाद में शुभलक्ष्मी जेना, , पल्लवी चौहान और अन्य सदस्यों ने रक्त दान शिविर और वोन डेंसिटी टेस्ट में भाग लिया।

## एमसीएल ने 2022-23 वर्ष के कोयला उत्पादन लक्ष्य को पार किया



भुवनेश्वर संबलपुर (आजाद सिपाही)। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अपने रिकार्ड उत्पादन को जारी रखते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करते हुए, 176 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को पार कर लिया है। ओपी सिंह, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने सोमवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों और उनकी टीमों को 176 कोयला उत्पादन और कोयला प्रेषण के कठिन लक्ष्य को पूरा करने पर बधाई दी। सोमवार को महाप्रबंधकों की समन्वय बैठक को संबोधित करते हुए, सीएमडी ओपी सिंह ने कोयला उत्पादन निर्धारित लक्ष्य 27 दिन के पहले प्राप्त करने हेतु एमसीएल टीम के प्रयासों को भूरी भूरी प्रशंसा की। एमसीएल के निदेशक मंडल केशव राव, निदेशक (कार्मिक), जुगल कुमार बोरा, निदेशक (तकनीकी) और अजीत कुमार बेहुरा, निदेशक ने समन्वित प्रयासों से सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने पर टीम एमसीएल को बधाई दी।

## अमित शाह 26 को ओड़िशा का दौरा करेंगे

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। अमित शाह ओडिशा के दौरे पर आयेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 26 को ओडिशा आयेंगे। बीजेपी के साधारण संपादक पृथ्वीराज हरिचंदन ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि अमित शाह भद्रक में लोकसभा प्रवास कार्यक्रम में भाग लेंगे। वहां वह तृणमूल स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। आगामी चुनाव को देखते हुए वह पार्टी कार्यकताओं को गुरु मंत्र देंगे।

## पटाखा बनाने के दौरान विस्फोट में चार की मौत

भुवनेश्वर। खोरधा जिले के टांगी थाना क्षेत्र के भूषंडपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना घटी है। खुर्दा एसपी सिद्धार्थ कटारिया ने बताया कि दोल यात्रा के लिए पटाका बनाने के दौरान हुए विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार घायल हो गये। इनमें से दो की हालत गंभीर है। घायलों को चिकित्सा केंद्र भेजा गया है। मृतकों में भूषंडपुर बेहेरा साही के 45 वर्षीय निरंजन बेहेरा, 20 वर्षीय बरजू बेहेरा, बादुराबर गांव के 70 वर्षीय बृंदाबन साहू हैं। खबर पाकर खुर्दा जिलाधिकारी, एसपी, उप जिलाधिकारी, बालूगांव एसडीपीओ, टांगी आइआइसी, बीडीओ, तहसीलदार और दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग को काबू किया और जांच पड़ताल जारी रखी है।

### जारोली-यखपुरा सुपर क्रिटिकल दोहरीकरण परियोजना

## सगडपटा-टांगीरियापाल के बीच दोहरी लाइन का परिचालन शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जारोली-यखपुरा सुपर क्रिटिकल दोहरीकरण परियोजना के सगडपटा और टांगीरियापाल के बीच 17.799 किलोमीटर लंबी दोहरी लाइन को आयुक्त रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) से मंजूरी मिलने के बाद 3 मार्च 2023 से ट्रेन की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। सीआरएस ने सुचारू ट्रेन संचालन के लिए सभी सुरक्षा कोणों का निरीक्षण करने के बाद रेलवे खंड को मंजूरी दे दी है।

इस सुपर क्रिटिकल रेल परियोजना के शुरू होने के बाद, यह माल (ज्यादातर लोहा और मैंगनीज अयस्क) के साथ-साथ यात्री यातायात के लिए मौजूदा यातायात सुविधा की बेहतर क्षमता को सक्षम करेगा। पैसेंजर ट्रेनों को चलाने के अलावा पूर्व तट रेलवे द्वारा धमारा, पारादीप और विशाखापत्तनम जैसे नजदीकी बंदरगाहों तक लोहे और कोयले की परिवहन आसान हो जाएगी। यह लाइन क्योंझर जिले के अंतर्गत लौह और मैंगनीज समृद्ध क्षेत्रों को निकटतम बंदरगाहों के साथ-साथ कई इस्पात संयंत्रों से जोड़ती है। ये डबल लाइन देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है, खासकर इस क्षेत्र के लिए।

बांशपानी-जारोली-दैतारी-टमका-यखपुरा दोहरीकरण लगभग 180 किलोमीटर है। इस परियोजना की स्वीकृत लागत अब 1826 करोड़ है। 180 किलोमीटर में से 124 किलोमीटर पहले ही फरवरी 2023 तक पूरा हो चुका है। सीआरएस ने नए कमीशन किए गए शगडपटा-टागिंरीपाल रेलवे सेक्शन में अधिकतम 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें चलाने की मंजूरी दी है।

## जिंदल स्टेनलेस की जाजपुर और हिसार संयंत्रों में रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित करने की योजना

### 120 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जाजपुर।** कार्बन फुटप्रिंट कम करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, जिंदल स्टेनलेस ने अपने जाजपुर और हिसार संयंत्रों में क्रमशः 21 मेगावाट पीक (एमडब्ल्यूपी) और 6 एमडब्ल्यूपीक्षमता के दो रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित करने की योजना बनायी है। कुल 120 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ इन रूफटॉप सौर संयंत्रों को स्थापित करने के लिए दोनों संयंत्रों में विभिन्न शॉप-फ्लोर की छतों की पहचान की गयी है। दोनों परियोजनाएं मार्च 2024 तक पूरी हो जायेंगी।

दो रूफटॉप सौर संयंत्र 25साल के अपने क्रियाशील अवधि में 5, 64, 450 टन की कार्बन कटौती क्षमता के साथ लगभग 79.5करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन करेंगे। पर्यावरणीय लाभों के अलावा, इन रूफटॉप सौर संयंत्र से 108 एकड़ भूमि भी बचेगीजिसका इस्तेमालजमीन पर संयंत्र स्थापित होने की स्थिति में होता। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस घटनाक्रम के बारे में कहा कि यह हमारे कार्बन उत्सर्जन को शून्य पर लाने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारे जैसे उष्णकटिबंधीय देश में रूफटॉप सौर संयंत्र ऊर्जा का एक बड़ा वैकल्पिक स्रोत हैं। जिंदल स्टेनलेस अपने पर्यावरण अनुकूल उत्पाद प्रबंधन के लिए दुनिया भर में मशहूर है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारी वृद्धि बेहतरीन वहनीय तरीकों के जरिये हो जो सामाजिक उत्थान, सुशासन (गुड गवर्नेंस), विकार्बनीकरण (डीकार्बनाइजेशन), अपशिष्ट प्रबंधन और डिजिटलीकरण के इर्द-गिर्द घूमती है।

## बरगड नुआपड़ा और कालाहांडी जिलों में 3081 करोड़ की विकास परियोजनाएं शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** आज महान नायक बीजू पटनायक की जयंती है, पूरा राज्य ओडिशा के इस महान सन्तान की जयंती मना रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को बरगड, कलाहांडी और नुआपड़ा जिलों का दौरा किया और आमपाणी में बीजू एक्सप्रेस वे का उद्घाटन और सोहेला से आमपाणी तक बीजू अर्थ नैतिक कॉरिडोर का लोकार्पण किया। इसके अलावा, इन तीन जिलों में 3081 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। महिला सशक्तिकरण के प्रमुख बीजूबाबू की जयंती के अवसर पर बरगड, नुआपडा और कलाहांडी जिले के मिशन शक्ति माताओं को 42 करोड़ ऋण सहायता तथा ब्याज रियायतें प्रदान किये। श्री पटनायक ने कहा कि बीजू एक्सप्रेस-वे सिर्फ एक सड़क नहीं है, यह इस क्षेत्र की लाइफ लाइन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजू एक्सप्रेस वे ने क्षेत्र में कई अवसर लाए हैं, किसानों के लिए बाजार की सुविधा होगी, छात्रों के लिए सुविधा होगी, व्यवसायियों के लिए सुविधाएं होंगी, स्वास्थ्य सेवाओं में अधिक सुधार होगा।






























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**